समृद्धि न्यूज़

| सेंसेक्स | निफ्टी |
| --- | --- |
| 59,135.13 | 17,412.90 |

तापमान
अधिकतम 31 °c
न्यूनतम 17 °c

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार



जेल में बंद टॉप-10 अपराधियों की सीसीटीवी से होगी निगरानी पेज-02

देश में कहीं भी कराएं इलाज, मरीज को इलाज संबंधी... पेज-03

वर्ष 10 | अंक 200 | लखनऊ, 11 मार्च शनिवार, 2023 | पृष्ठ 12 | मूल्य 2.00 | www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com

## संक्षिप्त समाचार

### शी जिनपिंग तीसरी बार बने चीन के राष्ट्रपति

**शंघाई।** चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के तीसरे कार्यकाल पर आज मुहर लग गई। अब उनकी ताकत और ज्यादा बढ़ गई है। अक्टूबर 2022 में हुई चाइना कम्युनिस्ट पार्टी (ष्टक्क) की बैठक में उन्हें तीसरी बार चीन का राष्ट्रपति चुना गया था। तब उन्होंने कहा था- दुनिया के बिना चीन का विकास नहीं हो सकता और दुनिया को भी चीन की जरूरत है। चीन की संसद नेशनल पीपल्स कांग्रेस की बैठक में जिनपिंग के कार्यकाल पर मुहर लगी। जिनपिंग 2012 में सत्ता में आए थे।

### बंगाल शिक्षा घोटाले: टीएमसी नेता शांतनु बनर्जी को गिरफ्तार

**कोलकाता।** बंगाल शिक्षक भर्ती घोटाले में ईडी ने टीएमसी नेता शांतनु बनर्जी को गिरफ्तार किया है। एजेंसी ने शांतनु को शुक्रवार को पूछताछ के लिए बुलाया था। यहां करीब 7 घंटे की पूछताछ के बाद उनकी गिरफ्तारी हुई है। श्वष्ठ का कहना है कि वे जांच में सहयोग नहीं कर रहे थे।

जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा 20 मार्च को दो दिवसीय दौरे पर भारत आएंगे

### भारत सरकार ने छह यूट्यूब चैनलों को ब्लॉक किया

**नई दिल्ली।** भारत सरकार ने शुक्रवार को 6 खालिस्तान समर्थक यू ट्यूब चैनलों को ब्लॉक किया है। ये चैनल विदेशों से संचालित किए जा रहे थे। सूचना और प्रसारण मंत्रालय के सचिव अपूर्व चंद्र ने बताया कि पंजाबी भाषा में कंटेंट परोसने वाले चैनल बॉर्डर से राज्यों में तनाव पैदा करने की कोशिश कर रहे थे। सरकार ने यूट्यूब से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और एल्गोरिद्म का इस्तेमाल करने के लिए भी कहा है ताकि आपत्तिजनक कंटेंट की पहचान की जा सके और उसे ब्लॉक किया जा सके।

### ओयो फाउंडर रितेश अग्रवाल के पिता का निधन

**नई दिल्ली।** ओयो के फाउंडर रितेश अग्रवाल के पिता का गुड़गांव की एक मल्टी स्टोरी से गिर जाने से निधन हो गया है। रितेश के पिता का नाम रमेश अग्रवाल था। ह्न्ब्ह के प्रवक्ता ने उनके निधन की पुष्टि की। रमेश अग्रवाल की मौत के बाद रितेश का बयान आया, जिसमें उन्होंने पिता के निधन की जानकारी दी। तीन दिन पहले ही रितेश अग्रवाल और फार्मेशन वेंचर्स की डायरेक्टर गीतांशा सूद की शादी हुई थी। उस समारोह में सॉफ्टबैंक समेत कई बड़े फाइनेंशियल इंस्टीट्यूट्स से जुड़ी हस्तियां शामिल हुई थीं।

यूपी कैबिनेट में 21 प्रस्ताव पास, पहली खेल नीति मंजूर

# बाराबंकी में बनेगा आईटी पार्क

## ओबीसी आयोग की रिपोर्ट स्वीकार की

लखनऊ, समृद्धि न्यूज़

यूपी सरकार की कैबिनेट बैठक शुक्रवार को सीएम योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई। इसमें 22 प्रस्ताव कैबिनेट में रखे गए, जिनमें से 21 पास हुए। यूपी सरकार की पहली खेल नीति को कैबिनेट ने मंजूरी दी है। बाराबंकी में आईटी पार्क बनाया जाएगा। यूपी सरकार ने स्क्रैप पॉलिसी 2023-24 को भी हरी झंडी दिखा दी है।

ओबीसी अयोग ने जो रिपोर्ट गुरुवार को सीएम योगी को सौंपी थी, उसको शुक्रवार को कैबिनेट के समक्ष पेश किया गया। कैबिनेट ने रिपोर्ट को स्वीकार कर लिया है। 11 अप्रैल को यह रिपोर्ट सुप्रीम कोर्ट में पेश होगी। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट के आदेश के मुताबिक प्रदेश में निकाय चुनाव पर फैसला लिया जाएगा। आयुष्मान कार्ड डिजिटल मिशन को उत्तर प्रदेश में लागू करने का निर्णय लिया गया है। वहीं, नई खेल नीति के तहत गांवों में ओपन जिम खुलवाए जाएंगे। खेल व

### 11 अप्रैल को यह रिपोर्ट सुप्रीम कोर्ट में पेश होगी

खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया जाएगा। पर्यटन और औद्योगिक विकास के प्रस्ताव भी पास हुए हैं। कैबिनेट ने मुफ्त राशन नीति के लिए एक नई एजेंसी का चयन किया है। यह पूरा राशन उपलब्ध कराएगी।

गृह विभाग के प्रस्ताव में गुंडा एक्ट धारा दो और धारा 6ए की कार्रवाई क्ड, एडीएम, जॉइंट सीपी, सीपी को दिया गया है। कैबिनेट मंत्री एके शर्मा ने बताया कि बाराबंकी में आईटी पार्क विकसित किया जाएगा।

माइक्रो और स्मॉल इंडस्ट्री की कताई मिलों पर 51.63 करोड़ की देनदारी है। इसमें 29.5 करोड़ की देनदारी सरकार ने माफकी है। इसमें 22.14 लाख करोड़ की देनदारी सरकार चुकता करेगी। अयोध्या में इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास के कई प्रस्ताव पास हुए हैं।



### अयोध्या में दो नई सड़कें बनेंगी

अयोध्या में 65 करोड़ से 2 नई सड़क बनेंगी। पंचकोशी परिक्रमा मार्ग का चौड़ीकरण और विस्तार होगा। इसके लिए 200 करोड़ पास किए गए। अयोध्या के डेवलपमेंट के लिए कुल 465 करोड़ पास किए गए हैं।

### विपक्ष की आपस की खींचतान कुर्सी के लिए

बैठक में शामिल होने से पहले डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा कि विपक्ष की आपस की खींचतान कुर्सी के लिए है। विपक्ष सत्ता प्राप्ति के लिए सब कर रहा हैं। देश में महिलाओं का सम्मान बढ़ा है। महिलाओं को समान भागीदारी मिली है। देश और प्रदेश की जनता जानती है कि पीएम नरेंद्र मोदी, उनके हितों की रक्षा कर रहे हैं। 2022 तक के सभी चुनाव में जनता का विश्वास पीएम मोदी में दिख रहा है। कोरोना महामारी से लेकर अभी तक सबको राशन दिया गया।

### आरक्षण के बगैर चुनाव नहीं

डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि बीजेपी सरकार पहले दिन से कह रही है कि आरक्षण के बगैर हम चुनाव नहीं कराएंगे। सर्वोच्च न्यायालय ने हमें समय दिया, उसी में डेडिकेटेड कमीशन बना। पिछड़ा वर्ग आयोग ने रिपोर्ट मुख्यमंत्री को सौंपी है। सरकार हमेशा निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव चाहती है। नगरीय निकाय के चुनाव अन्य पिछड़ा वर्ग को आरक्षण के साथ संपन्न होंगे।

ओबीसी आयोग के सदस्यों के जूते क्यों उतरवाए

# अखिलेश ने योगी सरकार पर लगाया भेदभाव का आरोप

लखनऊ, समृद्धि न्यूज़



समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पिछड़ों के साथ भेदभाव को लेकर यूपी की मौजूदा योगी सरकार पर जुबानी हमला बोला है।

उन्होंने ट्वीट कर आरोप लगाया कि जब ओबीसी आयोग के सदस्यों ने सीएम योगी को रिपोर्ट सौंपी तो उनके जूते उतरवाए गए। जबकि सीएम योगी और उनके कुछ खास लोग बैठक में जूते पहनकर पहुंचे थे। पिछडे और दलितों के साथ भेदभाव के मुद्दे पर बोलते हुए अखिलेश ने कहा है कि जब ओबीसी आयोग के सदस्य निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण की रिपोर्ट देने के लिए सीएम योगी से मिलने पहुंचे तो उनके जूतों को उतरवाए गए। अखिलेश ने ट्वीट कर कहा कि 'जब मुख्यमंत्री खुद और उनके आसपास उनके खास लोग जूता पहन सकते हैं तो पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्यों के जूते क्यों उतरवाए गये? ऐसी भेदकारी सोच वाले लोग पिछड़ा वर्ग को उनका हक कभी नहीं देंगे. पिछड़े-दलित अब भाजपा के झांसे में नहीं आएंगे। मुख्यमंत्री पढ़ें समाजवाद का मूल होता है बराबरी। लखनऊ में सीएम योगी की कैबिनेट की बैठक हुई, जिसमें आयोग की रिपोर्ट पर चर्चा हो रही है। यूपी नगर निकाय चुनाव में ओबीसी आरक्षण के लिए गठित ओबीसी आयोग ने अपनी रिपोर्ट गुरुवार को सीएम योगी आदित्यनाथ को सौंप दी है। 350 पेजों की इस रिपोर्ट पर आज योगी कैबिनेट में चर्चा हो रही है। जिसके बाद ओबीसी आरक्षण में हिस्सेदारी तय होगी।

# उमेश पाल केस: अशरफ के दो और गुर्गे गिरफ्तार

## दोनों के मोबाइल जब्त, अभी और हो सकते हैं कई अहम खुलासे

बरेली, समृद्धि न्यूज़

जिला जेल में बंद माफिया अतीक अहमद के भाई अशरफ के दो और गुर्गों को पुलिस ने धर दबोचा। आरोपितो में मीरगंज के परौर गांव के रहने वाले राशिद व बारादरी के मंसूरनगर निवासी फुरकान का नाम शामिल है। पुलिस ने राशिद को पहले उठाया था।

पूछताछ में उससे कई अहम जानकारियां हाथ लगी थी। फुरकान का नाम सामने आया था। फुरकान अशरफ का करीबी बताया गया जिसके बाद पुलिस ने उसे भी उठा लिया।

दोनों के मोबाइल पुलिस ने जब्त कर लिए हैं जिसमें अशरफ के और करीबियों से बातचीत की बात भी पुष्टि हुई है। पुलिस मामले की आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है। बता दें कि मामले में दो आरोपित जेल का सिपाही शिवहरि अवस्थी व ऑटो चालक दयाराम उसने पहले ही जेल भेजे जा चुके हैं।



### ● मामले में दो आरोपित जेल का पहले ही जेल भेजे जा चुके हैं

युवा सैनिकों के बीच संपर्क, दोस्ती बढ़ाने के लिए जनरल रावत ऑफिसर्स एक्सचेंज प्रोग्राम की हुई स्थापना

# सुरक्षा व्यापक रणनीतिक साझेदारी का अहम हिस्सा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि युवा सैनिकों के बीच संपर्क और दोस्ती बढ़ाने के लिए भारत और ऑस्ट्रेलिया ने जनरल रावत ऑफिसर्स एक्सचेंज प्रोग्राम की स्थापना की है, जो इसी महीने शुरू हुआ है। पीएम मोदी ने शुक्रवार को इंडिया-ऑस्ट्रेलिया एक्सचेंज ऑफ एग्रीमेंट्स एंड प्रेस स्टेटमेंट्स में कहा, हमारे युवा सैनिकों के बीच संपर्क और दोस्ती बढ़ाने के लिए हमने जनरल रावत ऑफिसर्स एक्सचेंज प्रोग्राम की स्थापना की है, जो इसी महीने शुरू हुआ है।



**पीएम मोदी ने ऑस्ट्रेलियाई पीएम का किया स्वागत:** प्रधानमंत्री मोदी ने ऑस्ट्रेलियाई पीएम एंथनी अल्बनीज के साथ एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, मैं भारत के पहले राजकीय दौरे पर प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज का दिल से स्वागत करता हूं। पिछले साल दोनों देशों ने प्रधानमंत्री स्तर पर एक वार्षिक शिखर सम्मेलन आयोजित करने का फैसला किया था।

**आपसी सहयोग के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा:** पीएम मोदी ने कहा कि उन्होंने और अल्बनीज ने आपसी सहयोग के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की। प्रधानमंत्री ने कहा, सुरक्षा हमारी व्यापक रणनीतिक साझेदारी का अहम हिस्सा है। ये समझौते पिछले कुछ सालों में किए गए हैं, जिसमें एक-दूसरे की सेनाओं के लिए लॉजिस्टिक सपोर्ट भी शामिल है।

**नवीकरणीय ऊर्जा फोकस का क्षेत्र:** पीएम मोदी ने कहा, नवीकरणीय ऊर्जा दोनों देशों के लिए प्राथमिकता और फोकस का क्षेत्र है। पिछले साल लागू हुए व्यापार समझौते ने दोनों देशों के बीच व्यापार और निवेश के बेहतर अवसर खोले हैं। लोगों से लोगों के संबंध भारत-ऑस्ट्रेलिया मित्रता का एक प्रमुख आधार हैं।

**8 मार्च को अहमदाबाद पहुंचे अल्बनीजः** ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री अल्बनीज भारत की चार दिवसीय राजकीय यात्रा पर 8 मार्च को अहमदाबाद पहुंचे।इससे पहले आज अल्बनीज ने राजघाट पर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की। राष्ट्रपति भवन के प्रांगण में उनका भव्य स्वागत किया गया। प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति भवन में अपने ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष का स्वागत किया।

ऑस्ट्रेलिया में मंदिरों पर हुए हमलों पर बोले पीएम नरेन्द्र मोदी: कहा-

### ऑस्ट्रेलिया के पीएम एंथनी एल्बनीज ने दिया भारतीयों की सुरक्षा का भरोसा

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के पीएम एंथनी एल्बनीज और पीएम नरेंद्र मोदी दिल्ली के हैदराबाद हाउस में पहली इंडिया-ऑस्ट्रेलिया एनुअल समिट में हिस्सा ले रहे हैं। इस दौरान हुई संयुक्त प्रेस ब्रीफिंग में पीएम मोदी ने ऑस्ट्रेलिया में मंदिरों पर हमले की बात उठाई। उन्होंने कहा कि मैंने ऑस्ट्रेलिया में मंदिरों पर हमले की रिपोर्ट्स देखी हैं। मैंने इस बारे में पीएम एल्बनीज को बताया और उन्होंने मुझे भरोसा दिलाया है कि ऑस्ट्रेलिया में भारतीय समुदाय की सुरक्षा और भलाई उनके लिए प्राथमिकता है। पीएम मोदी ने कहा कि हमारी टीमें दोनों देशों के बीच एक आर्थिक समझौते पर काम कर रही हैं।

शिवपाल बोले,

### जिला पंचायत चुनाव में सभी वर्ग की महिलाओं को आरक्षण नेताजी ने दिया



**लखनऊ (समृद्धि न्यूज़)।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव और जसवंत नगर सीट से विधायक शिवपाल सिंह यादव ने कहा कि सपा सदैव सामाजिक न्याय की पर्याय रही है। सपा सरकार ने ही मंडल कमीशन की सिफारिश को पूर्णतः लागू किया। सपा सरकार ने 77 वें संशोधन के बावजूद पदोन्नति में आरक्षण को अग्रिम आदेश तक बनाए रखा।व ह नेताजी ही थे,जिन्होंने जिला पंचायत चुनाव में सभी वर्ग की महिलाओं को आरक्षण दिया। बता दें कि सैफई में नेता जी के निधन के बाद इस पहली होली पर किसी भी प्रकार का कोई गुलाल और फूलों की होली नहीं खेली गई। इस बार सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के आवास पर एक मंच से सजाया गया। सादगी से होली मनाई गई।

# मनीष सिसोदिया 17 मार्च तक ईडी की कस्टडी में

## सात आरोपियों के साथ पूछताछ करेगी एजेंसी, सीबीआई के केस में जमानत पर 21 मार्च को सुनवाई

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली शराब नीति केस में कोर्ट ने ईडी को मनीष सिसोदिया की 7 दिन ( 17 मार्च तक ) की रिमांड दे दी है। हालांकि एजेंसी ने दिल्ली के पूर्व डिप्टी सीएम की 10 दिन की रिमांड मांगी थी।

वहीं, कोर्ट सिसोदिया की जमानत याचिका पर अब 21 मार्च को दोपहर 2 बजे सुनवाई करेगी। बता दें कि ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में सिसोदिया को गुरुवार देर शाम तिहाड़ जेल में ही गिरफ्तार किया था। आज उन्हें कोर्ट में पेश किया गया। यहां एजेंसी ने सिसोदिया की 10 दिन की रिमांड मांगी थी। ईडी सिसोदिया को लेकर दोपहर 2 बजे दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट पहुंची थी। इसके बाद स्पेशल जज एमके नागपाल ने पहले ईडी की रिमांड पर सुनवाई शुरू की।



कोर्ट में ईडी का पक्ष एडवोकेट जोहेब हुसैन ने रखा। उन्होंने दावा किया कि शराब नीति तैयार करने के पीछे साजिश थी। इसके नियम बदलकर कुछ खास लोगों को 6 प्रतिशत की जगह 12 प्रतिशत लाभ पहुंचाया गया।

### सिसोदिया ने डिजिटल सबूत भी मिटाए

सिसोदिया ने इससे जुड़े डिजिटल सबूत भी मिटा दिए। एजेंसी ने कहा कि शराब नीति केस में 7 और लोगों को नोटिस भेजा है, ताकि उन्हें सिसोदिया के आमने-सामने बैठाकर पूछताछ की जा सके। ईडी के वकील जोहैब हुसैन ने कहा, सिसोदिया के असिस्टेंट विजय नायर इस पूरी साजिश को कोऑर्डिनेट कर रहा था। इस घोटाले में सरकारी तंत्र, बिचौलिये और कई अन्य लोग शामिल हैं। ये साजिश नायर, सिसोदिया, तेलंगाना के चीफ मिनिस्टर के चंद्रशेखर राव की बेटी के कविता और कई दूसरे लोगों ने मिलकर रची।

# लालू के करीबियों के 15 ठिकानों पर रेड

## तीन बेटियों हेमा, रागिनी और चंदा के घर सर्च जारी, दिल्ली में तेजस्वी के घर ईडी पहुंची

**पटना (एजेंसी)।** लैंड फॉर जॉब स्कैम केस में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को लालू यादव के करीबियों के दिल्ली, मुंबई, नोएडा और पटना में 15 जगहों पर छापेमारी की है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, पटना में आरजेडी के पूर्व विधायक के अबू दोजाना के घर पर भी ईडी की टीम पहुंची है। यहां भी तलाशी ली जा रही है। पूर्व एमएलए अबू दोजाना लालू के करीबी हैं। पेशे से बिल्डर हैं। जानकारी है कि लालू यादव की तीन बेटियों के घर भी रेड की गई है। हेमा, रागिनी और चंदा का घर दिल्ली में है,



जिनके घर पर श्वष्ठ की टीम मौजूद है। सूत्रों की मानें तो बिहार के उप मुख्यमंत्री और लालू यादव के बेटे तेजस्वी यादव के दिल्ली आवास पर भी ईडी की टीम पहुंची है।

अबू दुजाना के घर आय से अधिक संपत्ति मामले में ईडी ने रेड मारी है। सुबह 6 बजे श्वष्ठ के 12 अफसर उनके घर पहुंचे। छापेमारी के दौरान अबू दुजाना घर की बालकनी में आए और कहा कि ये कार्रवाई राजनीतिक साजिश है। इस दौरान अधिकारियों ने सभी लोगों को घर के अंदर ही रहने की हिदायत दी।

इस मामले में अधिकारी कुछ भी बोलने से बचते नजर आए। दुजाना आरजेडी के पूर्व विधायक हैं। वे सुरसंड से पिछला चुनाव हार गए गए थे। लालू प्रसाद यादव के समधी जितेंद्र यादव के गाजियाबाद (यूपी) स्थित आवास पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने छापा मारा है।

# भाजपा सांसद दुबे ने की राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता समाप्त करने की मांग

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने शुक्रवार को कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के खिलाफ विशेषाधिकार हनन नोटिस को लेकर एक संसदीय समिति के समक्ष अपना बयान दर्ज कराया। इस दौरान उन्होंने राहुल गांधी लोकसभा सदस्यता को समाप्त करने की मांग की। बजट सत्र के पहले भाग में राहुल गांधी के भाषण के बाद निशिकांत दुबे ने उनके खिलाफ नोटिस दिया था। अपने संबोधन में राहुल गांधी ने हिंडनबर्ग-अडाणी मुद्दे पर टिप्पणी की थी। भाजपा सांसद सुनील सिंह की अध्यक्षता वाली लोकसभा की



विशेषाधिकार समिति के समक्ष लोकसभा की विशेषाधिकार समिति के समक्ष अपना पक्ष रखते हुए निशिकांत दुबे ने कहा कि लोकसभा अध्यक्ष द्वारा राहुल गांधी की टिप्पणी को सदन की कार्यवाही से हटाए जाने के बावजूद वे अब भी उनके और कांग्रेस के आधिकारिक यू-ट्यूब चैनलों पर उपलब्ध हैं।

### राहुल की लोकसभा सदस्यता हो समाप्त

निशिकांत दुबे के हवाले से एक सूत्र ने बताया कि उन पर न सिर्फ एक बल्कि तीन प्रकार के विशेषाधिकार लागू होते हैं और वह आदतन अपराधी हैं और इसलिए उनकी सदस्यता को समाप्त किया जाना चाहिए। निशिकांत दुबे ने अपनी बात की पुष्टि के लिए दस्तावेज और रिपोर्ट भी पेश किए और इनके जरिए दावा किया कि राहुल गांधी द्वारा लगाए गए सभी आरोप निराधार हैं और व्यवसायी गौतम अडाणी के विभिन्न सौदे कांग्रेस के नेतृत्व वाली संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन सरकार के दौरान किए गए थे।

मिशन 2024 | 160 लोकसभा सीटों को मजबूत करने में जुटी बीजेपी

# प्रधानमंत्री मोदी करेंगे ताबड़तोड़ 45 से अधिक रैलियां

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) 2019 के लोकसभा चुनावों में पार्टी द्वारा हारी गई 160 लोकसभा सीटों को मजबूत करने के लिए एक विशेष अभियान शुरू करने के लिए तैयार है और इस रणनीति के तहत पार्टी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 45 से अधिक रैलियों का आयोजन करने की योजना बना रही है। इन निर्वाचन क्षेत्रों में पार्टी सूत्रों के मुताबिक बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा इन सीटों पर मिले फीडबैक के आधार पर लगातार रणनीति बना रहे हैं।भाजपा ने अपने तीन राष्ट्रीय महासचिवों सुनील बंसल, विनोद तावड़े और तरुण चुघ को इन रैलियों की तैयारियों का जिम्मा सौंपा है। सूत्रों के मुताबिक इन लोकसभा सीटों को अलग-अलग क्लस्टर में बांटा गया है। जिन लोकसभा सीटों पर पिछले चुनाव में पार्टी हार गई थी, उन्हें अलग-अलग क्लस्टर में बांट दिया गया है और प्रत्येक क्लस्टर में 4 सीटें हैं। इन क्लस्टर में प्रधानमंत्री मोदी की बड़ी जनसभाएं आयोजित की जाएंगी। पीएम मोदी द्वारा इन सीटों पर करीब 45 से 55 रैलियां या जनसभाएं करने की रणनीति बनाई गई है।सूत्रों ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री की जनसभाएं केंद्र या भाजपा शासित राज्य सरकार की परियोजना के शिलान्यास या उद्घाटन के कार्यक्रमों के रूप में आयोजित की जाएंगी। इसके अलावा रणनीति के तहत इन 160 सीटों को अलग-अलग दो हिस्सों (प्रत्येक हिस्से में 80 सीटें) में बांटा गया है। सूत्रों ने कहा, नड्डा पहले 80 सीटों पर रैलियां करेंगे और अन्य 80 सीटों पर गृह मंत्री अमित शाह की जनसभाएं आयोजित की जाएंगी। सूत्रों ने कहा कि भाजपा की रणनीति यह है कि इन 160 सीटों पर पार्टी के कद्दावर नेताओं की ये रैलियां और जनसभाएं पार्टी के लिए अनुकूल माहौल बनाएंगी और यह भी सुनिश्चित करेंगी कि पार्टी के पास 2024 में तीसरी बार सत्ता में वापसी का मौका हो। इन 160 सीटों पर पहले चरण का प्रचार अभियान पूरा होने के बाद पार्टी दूसरे चरण का प्रचार अभियान शुरू करेगी, जिसमें देश की बाकी बची 383 सीटों के लिए प्रधानमंत्री मोदी और अन्य बड़े नेताओं के कार्यक्रम भी तय किए जाएंगे।



### भारत के खिलाफ 'झूठ फैला रहा है न्यूयॉर्क टाइम्स, ऐसा झूठ लंबे समय तक नहीं चल सकता: अनुराग ठाकुर

**नयी दिल्ली।** सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने (एनवाईटी) पर भारत के बारे में 'झूठ फैलाने का आरोप लगाया और कश्मीर में प्रेस की स्वतंत्रता को लेकर इसमें प्रकाशित एक लेख को 'छलावा और काल्पनिक करार दिया।ठाकुर ने ट्वीट किया, न्यूयॉर्क टाइम्स ने भारत के बारे में कुछ भी प्रकाशित करते समय तटस्थता मानकों को बहुत पहले छोड़ दिया था।

# जेल में बंद टॉप-10 अपराधियों की सीसीटीवी से होगी निगरानी

समृद्धि न्यूज। लखनऊ

▶ मुख्यालय को भेजी जाएगी लाइव फुटेज, डीजी जेल का आदेश

उत्तर प्रदेश की सभी जेलों में बंद टॉप 10 अपराधियों की सीसीटीवी से निगरानी होगी। जिसकी लाइव फुटेज मुख्यालय को जेल अधीक्षक भेजेंगे। यह निर्देश डीजी जेल आंदन कुमार ने चित्रकूट और बरेली में अपराधियों से अवैध तौर पर होने वाली मिलाई के चलते दिए हैं।

जिससे जेल प्रशासन की छवि सुधारी जा सके।जिला जेल चित्रकूट में मुख्तार अंसारी के बेटे अब्बास अंसारी की उसकी पत्नी निखत से और केन्द्रीय कारागार, बरेली-2 में अतीक अहमद के भाई अशरफ से उमेश पाल के शूटर की अवैध तरीके से मिलाई हुई थी। इसी ध्यान में रखते हुए जेल डीजी की तरफ से आदेश जारी हुआ है कि प्रदेश की जेलों की छवि सुधार के लिए जेल में सतर्कता बरतने की जरूरत है। इस क्रम में जेलों में बंद टॉप टेन अपराधियों, कुख्यात माफिया और बंदियों की उच्च सुरक्षा बैरक से लेकर उनके मुलाकात स्थल और जेल के अंदर आने जाने वाले स्थानों पर सीसीटीवी से लगवाए जाएं। जिससे उनकी सुरक्षा और निगरानी 24 घंटे कारागार स्तर पर की जा सके। इन कैमरों की लाइव फीड मुख्यालय के वीडियो वॉल के माध्यम से 24 घंटे के अंदर



मुख्यालय पर भी भेजी जाए। आदेश में कहा गया है कि प्रदेश की 15 जेलों को मुख्यालय द्वारा दिए गए बॉडी वॉर्न कैमरों को प्रयोग हर हाल में किया जाए। उनसे जेल की गतिविधियों पर नजर रखी जाए। जेल अधीक्षक इन बॉडी वॉर्न कैमरों की निरन्तर क्रियाशीलता और अधिकतम उपयोग कराएं।

## श्री अग्रवाल समाज के होली मिलन मे खूब बरसे फूल

लखनऊ। श्री अग्रवाल समाज लखनऊ की ओर से रंगारंग होली मिलन उत्सव का आयोजन शुक्रवार को महाराजा अग्रसेन पब्लिक स्कूल निकट जयपुरिया स्कूल विराट खंड गोमती नगर मे किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत समाज के अध्यक्ष रवीश अग्रवाल, महामंत्री आशीष अग्रवाल, उपाध्यक्ष भारत भूषण गुप्ता, कोषाध्यक्ष महेश मित्तल, संयोजक पवन गोयल, सह संयोजक राजेश चंद्र अग्रवाल व सुनील अग्रवाल की मौजूदगी मे महाराजा अग्रसेन के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। उसके बाद महाराजा अग्रसेन जी की आरती की गई। इसी क्रम में गणेश वंदना प्रस्तुत किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम लखनऊ की स्वर्ण हंस नृत्य कला मंदिर के कलाकारों ने विभिन्न नृत्य विधाओं के द्वारा समारोह मैं प्रस्तुति दी।

# अप्रैल के अंतिम सप्ताह में हो सकते हैं निकाय चुनावः डिप्टी सीएम

समृद्धि न्यूज। लखनऊ

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि भाजपा सरकार पहले दिन से ही कह रही है कि पिछड़ों को आरक्षण दिए बिना निकाय चुनाव नहीं कराएंगे।

सरकार हमेशा ही निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव चाहती है। निकाय चुनाव अन्य पिछड़ा वर्ग को आरक्षण के साथ अप्रैल के अंतिम सप्ताह में हो सकता है। निकाय चुनाव में आरक्षण तय करने के लिए बनाए गए आयोग ने गुरुवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को अपनी रिपोर्ट सौंप दी है। इसके बाद पिछड़ों का आरक्षण नये सिरे से तय किया जाएगा। प्रदेश सरकार की ओर से निकाय चुनाव में अन्य पिछड़ा वर्ग के आरक्षण निर्धारण के लिए उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति



की अध्यक्षता में उत्तर प्रदेश राज्य स्थानीय निकाय समर्पित पिछड़ा वर्ग आयोग का गठन किया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने निकाय चुनाव में पिछड़ों की हिस्सेदारी तय करने के लिए आयोग को सर्वे के लिए 31 मार्च तक का समय दिया था लेकिन यह रिपोर्ट तय समय सीमा से करीब 22 दिन पहले ही सरकार को सौंप दी गई है। 350 पेज की इस रिपोर्ट को 2 महीने 10 दिन में तैयार किया गया है। 11 अप्रैल को मामले में सर्वोच्च न्यायालय में तारीख है। सर्वोच्च न्यायालय में सरकार आयोग की रिपोर्ट पेश करेगी। एक दो दिन में रिपोर्ट पेश की जाएगी। ओबीसी को नियमानुसार सम्पूर्ण आरक्षण दिया जाएगा और सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के तहत चुनाव कराए जाएंगे। संभावना है कि अप्रैल के अंत तक निकाय चुनाव हो सकते हैं। 350 पेज की रिपोर्ट में ऐसी कई ऐसी सीटों का जिक्र है, जहां 30 साल से आरक्षण बदला ही नहीं गया। इन सीटों को एक ही जाति या श्रेणी के लिए आरक्षित किए जाने का खुलासा किया गया है। सूत्रों के मुताबिक आयोग द्वारा 2002 से 2017 की अवधि में कराये गए निकायों चुनावों में आरक्षण के लिए अपनाई गई प्रक्रिया का विश्लेषण किया गया है।

## अपना दल (एस) कार्यालय पर सावित्री बाई फुले की मनाई गई पुण्यतिथि

लखनऊ। सावित्री बाई फुले की पुण्यतिथि के अवसर पर अपना दल (एस) के कैंप कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पार्टी के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष ओपी कटियार कहा कि महिलाओं के उत्थान में क्रांति की ज्योति जलाने में सावित्री बाई फुले की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होंने अनेक झंझावतों व अवरोधों को झेलते हुए 19वीं सदी में महिलाओं को शिक्षित करने के लिए जो अलख जगाया, आज उसी का परिणाम है कि भारत की महिलाएं हर क्षेत्र में पुरुषों से कंधे से कंधा मिलाकर चल रही हैं। इस अवसर पर पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव आरबी सिंह ने कहा कि सावित्री बाई फुले ने जब महिलाओं को शिक्षित करने का अभियान शुरू किया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के तौर पर वरिष्ठ पदाधिकारी केके पटेल ने कहा कि भारत की महिलाएं हर क्षेत्र में सफलता के नए कीर्तिमान रच रही हैं।

## खबरें एक नजर में

### छावनी परिषद के चुनाव की तारीख घोषित 30 अप्रैल को होगा चुनाव

**लखनऊ,** । छावनी परिषद के चुनाव की तैयारी तेज हो गई है। उसको लेकर अभियान तेज कर दिया गया है। आचार संहिता लागू कर दी गई है। अब नामांकन शुरू होगा। 29 मार्च को प्रत्याशी नामांकन करेंगे। इसके बाद 31 मार्च को रिटर्निंग अफसर सुबह 11 बजे से नामांकन पत्रों की जांच करेंगे। छावनी में करीब 45 हजार वोटर है और एक लाख से ज्यादा आबादी रहती है। यहां विकास का कार्य कैंट बोर्ड की तरफ से किया जाता है। जानकारों का कहना है कि 30 अप्रैल को सभी आठ वार्डों में चुनाव होग। इसमें सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान होगा। इसके लिए पोलिंग बूथ भी तैयार कर दिया गया है। पूरा चुनाव सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में होगा। मतदाता सूची में नाम जुड़वाने का मौका भी है। 14 मार्च तक छूटे हुए लोग सूची में अपना नाम जुड़वा सकते हैं। इसके बाद 18 मार्च तक मतदाता सूची संबंधी आपत्तियां दाखिल होगी। उसके बाद 28 मार्च को अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा। उसके बाद 29 मार्च को सुबह 11 से शाम 4 बजे तक प्रत्याशी नामांकन कर सकेंगे। 31 मार्च को सुबह 11 बजे से प्रत्याशियों के नामांकन पत्रों की जांच होगी।चुनाव में हिस्सा लेने वाले प्रत्याशियों को सुबह 11 बजे से चुनाव चिन्ह दिए जाएंगे। जानकारों का कहना है कि चुनाव चिंह में हवाई जहाज, अलमारी, कुल्हाड़ी, गुब्बारा, गैस सिलेंडर, केला, बल्ला, ऊन, सीटी, वायलन, ताला चाभी, नगाड़ा, सिलाई मशीन, टीवी, टेंट चिंह के तौर पर मिलेंगे। चुनाव को लेकर आरक्षण भी घोषित हो गया है। इसमें वार्ड नंबर एक को एससी-एसटी के लिए आरक्षित किया गया है। उसके अलावा वार्ड संख्या 2, 3 व 7 महिला आरक्षण रहेगा। बाकी बचे 4, 5, 6 व 8 वार्ड अनारक्षित रहेंगे। यहां से जनरल और कोई भी प्रत्याशी चुनाव लड़ सकता है।

### बाजारखाला में नशेबाज युवकों का तांड़व घूम-घूम कर घरों पर किया पथराव

लखनऊ। बाजारखाला थाना क्षेत्र में बुधवार देर रात नशे में धुत युवकों ने जमकर बवाल किया। हाथ में डण्डे लेकर पहुंचे युवकों ने पानी की टंकी से लेकर सड़क पर खड़े वाहनों में तोड़फोड़ की। घरों के दरवाजों को तोड़ने की कोशिश की और पथराव किया। गुरुवार रात इसका वीडियो वायरल होने के बाद हरकत में आई पुलिस अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। साथ ही फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान कर तलाश कर रही है। भरतपुरी कॉलोनी में बुधवार देर रात 20 से 25 युवक हाथ में लोहे की रॉड और डण्डा लेकर पहुंचे थे। जिनका गुरुवार रात को वीडियो वायरल हुआ। वीडियो में दिख रहा है कि युवक घरों के गेट तोड़ने का प्रयास कर रहे हैं। चीखपुकार सुनकर लोगों के घरों से बाहर आने पर हंगामा कर रहे युवकों ने सड़क पर खड़े वाहनों में तोड़फोड़ शुरू कर दी। साथ ही घर के बाहर मौजूद लोगों से गाली गलौज करते हुए युवक उनकी तरफ दौड़ते दिख रहे हैं। डर के कारण स्थानीय लोगों ने घरों के दरवाजे बंद कर लिए। एडीसीपी पश्चिम चिरंजीव नाथ सिन्हा ने बताया कि वीडियो में कुछ युवकों द्वारा भरतपुरी कॉलोनी में तोड़फोड़ करना दिख रहा है। पुलिस ने वीडियो के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। फुटेज की मदद से युवकों की पहचान की जा रही है। बताया जा रहा है कि बुधवार रात भरतपुरी कॉलोनी में कुछ युवक शराब पी रहे थे। स्थानीय लोगों ने उन्हें भगा दिया था। इसके बाद से नाराज युवक अपने दो दर्जन से अधिक साथियों के साथ पहुंचे और तांडव शुरू कर दिया। यहीं नहीं आरोपियों ने स्थानीय लोगों को धमकी भी दे डाली कि अगर पुलिस से शिकायत की तो वे लोग उन्हें देख लेंगे।

### डा. भीमराव अंबेडकर स्मारक एवं सांस्कृतिक केन्द्र लखनऊ प्रबन्ध समिति के सदस्य नामित

लखनऊ। लखनऊ के डा. भीमराव अंबेडकर स्मारक एवं सांस्कृतिक केन्द्र के संचालन हेतु, प्रबन्ध समिति में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सदस्य तथा विशेष आमंत्रित सदस्य नामित किया गया है। प्रबन्ध समिति में अध्यक्ष बाबा साहब डा. अंबेडकर महासभा ट्रस्ट, पदेन अध्यक्ष भारत रत्न डा. भीमराव अंबेडकर स्मारक एवं सांस्कृतिक केन्द्र लखनऊ तथा उपाध्यक्ष जय विलाश सेक्टर-के आशियाना कालोनी, रंजीत भारती एडवोकेट सुप्रीम कोर्ट मल्हौर रोड चिनहट, भग्गू लाल वाल्मीकि समाज सेवक एवं सदस्य उत्तर प्रदेश राज्य निगरानी समिति जनपद जालौन तथा प्रोफेसर डीके वर्मा, डीन स्कूल ऑफ डा. आम्बेडक थॉट्स एवं फिलोसफी, महू को सदस्य को नामित किया गया है। समिति में राजेश अहिरवार सहायक निदेशक संस्कृति निदेशालय लखनऊ को कोषाध्यक्ष के रूप में नामित किया गया है। समिति में अमरनाथ प्रजापति मंत्री बाबा साहब डा. अंबेडकर महासभा ट्रस्ट, लखनऊ, पदेन सदस्य सचिव भारत रत्न डा. भीमराव अंबेडकर स्मारक एवं सांस्कृतिक केन्द्र नादान महल रोड, लखनऊ को सदस्य सचिव नामित किया गया है। इसके अलावा समिति में विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में बौद्ध भिक्खू, प्रज्ञासार थेरो, विपस्साना विशेषज्ञ बुद्ध विहार रिसालदार पार्क, लालकुआं लखनऊ तथा राम अवतार सिंह (एडवोकेट) शिवसिंगपुर नुमाइश ग्राउण्ड के निकट मैनपुरी को सदस्य बनाया गया है।

### आकाश बायजू ने 160 से अधिक महिला शिक्षकों को सम्मानित किया

लखनऊ। परीक्षा तैयारी के क्षेत्र में राष्ट्रीय अग्रणी आकाश बायजूस ने हाल ही में लखनऊ के विभिन्न स्कूलों की महिला शिक्षकों को सम्मानित और आभार व्यक्त करते हुए अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया। इस पहल के साथ आकाश बायजू ने शहर की 160 से अधिक महिला शिक्षकों को भविष्य की पीढ़ियों को आकार देने में उनके बहुमूल्य योगदान के लिए धन्यवाद दिया। यह पहल एमिटी इंटरनेशनल स्कूल-वृंदावन योजना, सेंट थॉमस मिशन स्कूल-जानकी पुरम, वरदान इंटरनेशनल एकेडमी-गोमती नगर और सेठ एमआर जयपुरिया स्कूल-गोयल कैंपस में आयोजित की गई थी।

# होली के बाद पुष्पक से लेकर श्रमजीवी तक में वेटिंग

समृद्धि न्यूज। लखनऊ

▶ तत्काल टिकट भी नहीं हो पा रहे बुक, सर्वर डाउन होने से पैसेंजर्स परेशान

होली की छुट्टी मना कर घर लौटने वालों की परेशानी बढ़ गई है। ट्रेनों की वेटिंग कम होने का नाम नहीं ले रही है। होली बाद से दिल्ली, मुंबई, पुणे, कलकता और बाकी शहरों में लौटने वालों के टिकट कन्फर्म नहीं हो पा रहे है। दूसरी तरफ तत्काल टिकट की परेशानी भी बढ़ गई है। पटना से लखनऊ आने वाले राकेश सिंह बताते हैं कि वह दो दिन से श्रमजीवी एक्सप्रेस में तत्काल के लिए प्रयास कर रहे हैं। लेकिन टिकट नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने बताया कि उसी समय सर्वर की दिक्कत आ जाती है। दिल्ली और मुंबई की ट्रेनों का हाल तो और ज्यादा बुरा है। मुंबई की ट्रेनों में 300 जबकि दिल्ली की ट्रेनों में 200 से ज्यादा की वेटिंग पहुंच चुकी है। चारबाग के दोनों ही स्टेशन पर सुबह से शाम तक भीड़ एकत्र होने लगी है। गुरुवार रात यहां ट्रेन में चढ़ने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी। वेटिंग लिस्ट में मुंबई जाने वाली पुष्पक की स्थिति सबसे ज्यादा खराब है। पुष्पक में 10, 11 व 12 मार्च की स्लीवर वेटिंग 322 164, 173 पहुंच गई है। ऐसे में थर्ड एसी में 64, 63, 36 है। यह किसी भी स्थिति में कन्फर्म नहीं होंगे लेकिन उसके बाद भी टिकट लेने वालों की संख्या बढ़ते जा रही है। इसमें ज्यादातर विंडो टिकट लेने वाले लोग है। तेजस एक्सप्रेस की चेयरकार सीट भी फुल हो चुकी है। यहां भी 10 , 11 और 12 मार्च को 15,45, 97 वेटिंग है। ऐसे में ही शताब्दी एक्सप्रेस की चेयरकार में 39, 61, 118 वेटिंग चल रही है। तेजस एक्सप्रेस की चेयरकार का किराया जो आम दिनों में 1250 रुपए रहता था वह अब 2000 रुपए तक पहुंच गया है।

ऐसे ही लखनऊ से नई दिल्ली जाने वाली एसी सुपरफास्ट एक्सप्रेस के थर्ड एसी में 51, 83, रिग्रेट तथा लखनऊ मेल के स्लीपर में 178, 128, 187 एवं थर्ड एसी में 49, 64, 107 वेटिंग है। यात्रियों की सुविधा के लिए छपरा-सिकंदराबाद-छपरा साप्ताहिक होली स्पेशल ट्रेन 11 से 25 मार्च तक चलेगी। सीपीआरओ पंकज कुमार सिंह ने बताया कि 05303 छपरा-सिकंदराबाद की स्पेशल 11 से 25 मार्च तक छपरा से 3.50 बजे चलकर ऐशबाग से दोपहर 1.43 बजे होते हुए अगले दिन सिकंदराबाद शाम 4.35 बजे पहुंचेगी। वापसी में 05304 सिकंदराबाद छपरा साप्ताहिक होली स्पेशल 13 से 27 मार्च तक सिकंदराबाद से रात नौ बजे चलकर ऐशबाग से रात 2.50 बजे होते दोपहर 2.20 बजे छपरा आएगी। रहे हैं।

# अब यूपी में भीषण गर्मी सताएगी, तीन दिनों की राहत के बाद फिर करवट लेगा मौसम

▶ मौसम वैज्ञानिक मान रहे हैं कि पश्चिमी विक्षोभ में बनने वाली हवाएं अब कमजोर होने लगेंगी। इसकी वजह से गर्मी लोगों को सताएगी। यही नहीं पारा 10 से 12 डिग्री तक सप्ताहभर में बढ़ सकता है।

समृद्धि न्यूज। लखनऊ

उत्तर प्रदेश में होली के आसपास बदले मौसम का मिजाज अब फिर करवट लेगा। मौसम विभाग के वैज्ञानिकों की माने तो मार्च के पहले सप्ताह में गर्मी से लोगों को राहत मिली। ठंडी हवाएं चल रही



थी। कुछ इलाकों में बारिश भी हुई। लेकिन दूसरे सप्ताह में मौसम करवट लेगा। इसकी वजह से भीषण गर्मी का सामना लोगों को करना पड़ेगा। मौसम वैज्ञानिक मान रहे हैं कि पश्चिमी विक्षोभ में बनने वाली हवाएं अब कमजोर होने लगेंगी। इसकी वजह से गर्मी लोगों को सताएगी। यही नहीं पारा 10 से 12 डिग्री तक सप्ताहभर में बढ़ सकता है। फिलहाल बीजे 24 घंटे में यूपी का हमीरपुर जिला सबसे ज्यादा गर्म रिकॉर्ड किया गया है। साल 2023 के मार्च में पहले सप्ताह तो लोगों को गर्मी से राहत मिली। पहाड़ों पर हुई बर्फबारी की वजह से तराई क्षेत्रों में उत्तर प्रदेश के जिलों में मामूली बारिश भी हुई। यह माना जा रहा है कि मार्च के दूसरे सप्ताह में मौसम बदलेगा और टेंपरेचर 10 से 12 डिग्री तक की बढ़ सकता है। मौसम वैज्ञानिकों ने टेंपरेचर मार्च में 42 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने का अनुमान लगाया है। मौसम वैज्ञानिकों की मानें तो 10 मार्च को भारत में मौसम प्रणाली के तहत जो बदलाव हुआ है। उसमें तीन दिशाओं से हवाएं उठ रही है। एक चक्रवाती हवाओं का क्षेत्र पूर्वी राजस्थान और उसके आसपास बना हुआ है। एक अन्य चक्रवाती हवाओं का क्षेत्र आंतरिक ओडिशा और उससे सटे छत्तीसगढ़ पर बना हुआ है। एक ताजा पश्चिमी विक्षोभ के 14 मार्च तक पश्चिमी हिमालय तक पहुंचने की उम्मीद है। राजस्थान में उठाई हवा की वजह से उत्तर प्रदेश के मौसम में परिवर्तन होने की पूरी संभावना वैज्ञानिकों ने जताई है।

# ओबीसी आरक्षण शीर्ष अदालत के समक्ष पेश करेगी सरकार

समृद्धि न्यूज। लखनऊ

उत्तर प्रदेश मंत्रिमंडिल की शुक्रवार को हुई बैठक में सरकार द्वारा शहरी स्थानीय निकाय चुनाव में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) को आरक्षण प्रदान करने के लिए गठित पिछड़ा वर्ग आयोग की रिपोर्ट स्वीकार कर ली गई। यह रिपोर्ट अब उच्चतम न्यायालय के समक्ष पेश की जाएगी, जहां मामला विचाराधीन है। ओबीसी आरक्षण के संबंध में पिछड़ा वर्ग आयोग की रिपोर्ट बृहस्पतिवार शाम को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को सौंपी गई थी। मंत्रिमंडल बैठक के बाद संवाददाताओं से बातचीत में नगर विकास मंत्री अरविंद कुमार शर्मा ने बताया, 卐पिछड़ा वर्ग आयोग ने अपनी रिपोर्ट तीन महीने के भीतर सौंप दी। शुक्रवार को मंत्रिमंडल की बैठक में इसे स्वीकार्य कर लिया गया। रिपोर्ट अब उच्चतम न्यायालय के समक्ष पेश की जाएगी, जहां यह मामला विचाराधीन है।

हालांकि, मंत्री ने रिपोर्ट की सामग्री साझा करने से इनकार कर दिया शर्मा ने कहा, उच्चतम न्यायालय में मामले की अगली सुनवाई 11 अप्रैल को होनी है। हम अगले कुछ दिनों में यह रिपोर्ट शीर्ष अदालत में पेश करेंगे। न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) राम अवतार सिंह के नेतृत्व वाले पिछड़ा वर्ग आयोग में भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के सेवानिवृत्त अधिकारी चौब सिंह वर्मा और महेंद्र कुमार के अलावा राज्य सरकार के पूर्व कानूनी सलाहकार संतोष कुमार विसकर्मा और ब्रजेश कुमार सोनी शामिल हैं। मंत्रिमंडल की बैठक के बाद उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने ट्वीट किया, सरकार शहरी स्थानीय निकाय चुनावों में अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए 27 फीसदी आरक्षण सुनिश्चित करने को प्रतिबद्ध है। राज्य मंत्रिमंडल ने उच्चतम न्यायालय के आदेश के बाद गठित ओबीसी आयोग की रिपोर्ट स्वीकार कर ली है।

# वाणिज्य बंधु की बैठक में जिलाधिकारी ने व्यापारियों को उद्योग के क्षेत्र में आने के लिए किया प्रोत्साहित

समृद्धि न्यूज। लखनऊ

जिलाधिकारी की अध्यक्षता में वाणिज्य बंधु की बैठक में लखनऊ के विभिन्न व्यापार मंडल के पदाधिकारी शामिल हुए। उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष संजय गुप्ता ने जिलाधिकारी से इन्वेस्टर्स समिट के परिपेक्ष में व्यापारियों की भी सहभागिता कराए जाने की बात कही है। जिलाधिकारी लखनऊ ने वाणिज्य बंधु की बैठक में व्यापारियों को समूह बनाकर अपने ट्रेड से संबंधित उद्योग लगाने हेतु प्रोत्साहित किया। साथ ही व्यापार बढ़ाने के गुर सिखाए एवं उद्योग लगाने हेतु प्रेरित किया। जिला प्रशासन व्यापारियों की हर संभव मदद करेगा। सब लोग मिलकर लखनऊ को आगे बढ़ा सकेंगे उन्होंने कहा लखनऊ के लोग बैंकों में अपने द्वारा जमा किए गए। धन के अनुपात में ऋण कम लेते हैं व्यापारियों को ऋण लेने हेतु, अपने व्यापार को बढ़ाने हेतु आगे आना चाहिए। साथ ही लखनऊ में उद्योग की अनेक संभावनाएं हैं। बैठक में उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के अध्यक्ष संजय गुप्ता, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अविनाश त्रिपाठी, प्रदेश कोषाध्यक्ष मोहम्मद अफजल, ट्रांस गोमती अध्यक्ष अनिरुद्ध निगम ने राजधानी की विभिन्न बाजारों की समस्याओं को प्रमुखता से



उठाया भूतनाथ मार्केट के महामंत्री मनोज अग्रवाल एवं उपाध्यक्ष राजेश सक्सेना ने भूतनाथ मार्केट में पुनः अवैध अस्थाई अतिक्रमण होने की शिकायत की गई। जिस पर जिलाधिकारी ने नगर आयुक्त एवं अपर नगर आयुक्त को तत्काल समाधान करने का निर्देश दिया। इसके अतिरिक्त बैठक में खजाना मार्केट आशियाना में नगर निगम द्वारा बनाए गए वेंडिंग जोन की पुनः समीक्षा करते हुए वेल्डिंग जोन को अन्यत्र शिफ्ट करने की बात कही तथा खजाना मार्केट आशियाना में अराजक तत्वों द्वारा खुलेआम अपने वाहनों में शराब पीने की शिकायत की जिसका जिलाधिकारी ने डीसीपी मध्य अपर्णा रजत कौशिक को कार्यवाही करने के लिए कहा गया। राजू रस्तोगी ने कपूरथला में व्यापारियों के लिए पब्लिक टॉयलेट की मांग की तथा गूंगे नवाब पार्क, प्रताप मार्केट अमीनाबाद के आसपास की खराब सड़कों को सही कराने तथा गौरी बाजार सरोजिनी नगर में नाले की सफाई ना होने के कारण जलभराव की समस्या तथा निराला नगर में विवेकानंद रोड पर महिंद्रा वर्कशॉप के सामने नाले की सफाई के दौरान नाले को खुला छोड़ने की शिकायत करते हुए हटाए गए। वाणिज्य बंधु बैठक में उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता ,प्रदेश उपाध्यक्ष अविनाश त्रिपाठी ,प्रदेश कोषाध्यक्ष मोहम्मद अफजल ,ट्रांस गोमती वरिष्ठ उपाध्यक्ष ओम प्रकाश अवस्थी ,लखनऊ उपाध्यक्ष श्याम सुंदर अग्रवाल, विवेक श्रीवास्तव ,अमित श्रीवास्तव, भूतनाथ मार्केट के महामंत्री मनोज अग्रवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश सक्सेना, ट्रांस गोमती अध्यक्ष अनिरुद्ध निगम, लालबाग लवलेन मार्केट के पदाधिकारी गौस अहमद सहित विभिन्न अन्य व्यापार मंडलों के पदाधिकारी मौजूद रहे। बैठक में नगर आयुक्त श्री इंद्रजीत सिंह, डीसीपी मध्य अपर्णा रजत कौशिक, अपर नगर आयुक्त अभय पांडेमौजूद भी रहे।


## महान शिक्षिका सावित्रीबाई फुले की पुण्यतिथि पर सीएम योगी ने दी श्रद्धांजलि

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ योगी ने भारत में पहली महिला शिक्षक और सामाजिक कार्यकर्ता सावित्रीबाई फुले की पुण्यतिथि पर सीएम योगी ने विनम्र श्रद्धांजलि दी है। उन्होंने ट्वीट कर कहा कि महान शिक्षिका एवं समाज सेविका सावित्रीबाई फुले नारी सशक्तिकरण, शिक्षा और शोषितों वंचितों के उत्थान हेतु समर्पित उनका संपूर्ण जीवन समाज सेवा के लिए प्रेरणा प्रदान करता है। बता दें कि सावित्रीबाई फुले का (3 जनवरी 1831) महाराष्ट्र के सतारा जिला में हुआ था। उन्होंने भारत में महिलाओं के प्रति व्याप्त बुराइयों को दूर करने के लिए सामाजिक सुधार आन्दोलन चलाया। महिलाओं की शिक्षा के क्षेत्र में काम करे उन्होंने शिक्षा की ज्योति जलाने का काम किया। उनका निधन 10 मार्च 1897 को हुआ। उनके पति का ज्योतिराव फुले था। सावित्रीबाई फुले की शादी महज 9 साल की उम्र में ज्योतिबा फुले के साथ हो गई थी। विवाह के समय सावित्री बाई फुले अनपढ़ थीं। लेकिन उन्होंने अपनी लगन और पति के सहयोग से पढ़ाई पूरी की और देश की पहली महिली शिक्षक होने का गौरव प्राप्त किया।देश के पहले बालिका स्कूल की स्थापनासावित्री बाई फुले ने अपने पति ज्योतिबा फुले के साथ मिलकर लड़कियों के लिए 18 स्कूल खोले। साल 1848 में महाराष्ट्र के पुणे में देश के पहले बालिका स्कूल की स्थापना की थी। वहीं, अठारहवां स्कूल भी पुणे में ही खोला गया था। लड़की की शिक्षा के लिए सावित्री बाई फुले का योगदान अतुलनीय है।

# सपा के कार्यकाल के पाप हैं अपराधी माफिया : भूपेंद्र चौधरी

समृद्धि न्यूज। लखनऊ

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी विंध्याचल धाम के मां विंध्यवासिनी का दर्शन पूजन करने पहुंचे है। मीडिया से मुखातिब भूपेंद्र चौधरी ने समाजवादी पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि जो अपराधी माफिया हैं वह सपा के समय के संरक्षण के दिए हुए पाप है। उन्होंने नगर निकाय चुनाव को लेकर कहा कि हमारी पूरी तैयारी थी, लेकिन सपा के चलते मामला कोर्ट में चला गया था।



अप्रैल के आखिरी सप्ताह में चुनाव संपन्न हो सकता है। भूपेंद्र सिंह चौधरी दो दिवसीय दौरे पर मिर्जापुर पहुंचे हुए हैं। गुरुवार को कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र सिंह के गांव पहुंचकर उनके मां के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त करने के बाद रात्रि में अष्टभुजा गेस्ट हाउस में विश्राम किया। शुक्रवार की सुबह विंध्याचल धाम पहुंचकर मां विंध्यवासिनी का दर्शन पूजन किया। निर्माणाधीन विंध्य कॉरिडोर का अवलोकन किया। इसके बाद प्रदेश अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी कार्यालय बरौंधा कचार पहुंचे उन्होंन समाजवादी पार्टी पर जमकर निशाना साधा। उमेश पाल हत्या कांड को लेकर कहा कि अपराधी माफिया सपा के कार्यकाल के पाप हैं। बीजेपी में माफिया को संरक्षण नहीं दिया जाता। पार्टी के कार्यकर्ताओं के मेहनत और कार्यो के बदौलत बेहतर प्रदर्शन करेगी। पार्टी का काम नगर निकाय क्षेत्रों में हो रहा है। नगर निकाय का चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी की तैयारी दिसंबर में ही थी मगर समाजवादी पार्टी के चलते मामला कोर्ट में चला गया आयोग की रिपोर्ट के बाद अब लग रहा,अप्रैल के आखिरी सप्ताह में चुनाव संपन्न कराया जा सकता है। अपैल के आखिरी सप्ताह में हो सकते निकाय चुनाव

## मंत्री डॉ.संजय निषाद ने मत्स्य निदेशालय का किया निरीक्षण

***अनुपस्थिति अधिकारियों और कर्मचारियों पर कार्रवाई के दिए निर्देश***

समृद्धि न्यूज। लखनऊ

उत्तर प्रदेश मंत्री (मत्स्य विभाग) डॉ संजय कुमार निषाद ने मत्स्य निदेशालय के औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान निदेशालय में एक दो कर्मचारियों के साथ केवल सफाईकर्मी मौजूद थे। साथ ही सभी विभागीय कक्षों में जाकर देखा कि विभागीय अधिकारियों द्वारा समय पूर्ण होने पर भी लापरवाही की जा रही है। मंत्री डॉ. संजय निषाद ने निदेशालय के नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि शायद ही प्रदेश सरकार में कोई विभाग का निदेशालय इतना जर्जर और खस्ताहाल होगा। वहीं उपनिदेशक मत्स्य(मुख्यालय) को निदेशालय के खस्ताहाल की रिपोर्ट तैयार कर एक हफ्ते के भीतर पेश करने का आदेश भी दिया। साथ ही अपर मुख्य सचिव मत्स्य रजनीश दुबे से फोन पर वार्ता कर निरीक्षण पर पाई गई खामियों की रिपोर्ट मांगी है। साथ ही अनुपस्थिति सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को आवश्यक कार्रवाई के साथ कारण बताओ नोटिस अथवा स्पष्टीकरण के साथ कड़ी कार्रवाई के भी निर्देश दिये।

# देश में कहीं भी कराएं इलाज, मरीज को इलाज संबंधी कागजात नहीं ले जाने होंगे अस्पताल

समृद्धि न्यूज। लखनऊ

अब इलाज संबंधी दस्तावेज रोगियों को अस्पताल लाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। देश के अस्पतालों में प्रत्येक रोगी के इलाज का ब्यौरा उपलब्ध होगा। एक क्लिक में रोगी द्वारा पूर्व में कराई गई जांच व उपचार की पूरी जानकारी कम्प्यूटर स्क्रीन पर होगी।

यह संभव होगा आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (एबीडीएम) योजना से। योजना के तहत अस्पताल व डॉक्टर का भी डाटाबेस तैयार किया जाएगा। यूपी में योजना को और रफ्तार दी जाएगी। शुक्रवार को यह फैसला कैबिनेट बैठक में लिया गया। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने बताया कि भारत सरकार की एबीडीएम योजना को प्रभावी तरीके से लागू की जाएगी। योजना के माध्यम से भारत के सभी नागरिकों के स्वास्थ्य अभिलेखों का डाटाबेस तैयार किया जायेगा। इसमें व्यक्ति की बीमारी डॉक्टर की सलाह, पैथोलॉजी, रेडियोलॉजी समेत दूसरी जांच रिपोर्ट संरक्षित की जाएंगी। नतीजतन मरीजों को मेडिकल रिकार्ड भौतिक रूप

आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (एबीडीएम) योजना



से संरक्षित करने की जरूरत नहीं होगी। एबीडीएम में देश के प्रत्येक नागरिक को एक यूनिक हेल्थ आईडी मिलेगी। यह आयुष्मान भारत हेल्थ एकाउन्ट (एमबीएचए) पर बनेगा। मरीज का डाटा इलेक्ट्रानिक हेल्थ रिकार्ड के रूप में सुरक्षित किया जायेगा। जो भारत हेल्थ एकाउन्ट से लिंक्ड होगा। यह डाटा पूरी तरह से सुरक्षित होगा। ओपीडी पर्चा बनवाने के लिए भी मरीज को अस्पताल में लंबी लाइन भी नहीं लगानी होगी। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने बताया कि मेडिकल कालेज, संस्थान, सरकारी व निजी मेडिकल संस्थानों को जोड़ा जाएगा। राज्य मिशन निदेशक, एबीडीएम नोडल अधिकारी होंगे। योजना का संचालन के लिए राज्य एबीडीएम इकाई की स्थापना की जाएगी। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना जैसी खतरनाक महामारियों में लोगों के इलेक्ट्रानिक हेल्थ रिकार्ड (ईएचआर) का उपयोग वरदान साबित होगा। बीमारियों का ब्यौरा होने से उन्हें अलर्ट किया जा सकेगा। खास तरह के एहतियात बरतें जा सकेंगे। उपचार मुहैया कराने में भी मदद मिलेगी। इससे महामारी से मुकाबला आसान होगा। मरीजों का डाटाबेस तैयार होने से इलाके व जिलेवार बीमारी व मरीजों की संख्या की जानकारी जुटाई जा सकेगी। जो शोध के काम आएगा। स्वास्थ्य आईडी नि:शुल्क व स्वैच्छिक होगी। यह आईडी स्वास्थ्य डेटा का विश्लेषण करने में मदद करेगी। इससे चिकित्सालयों में दवा, उपकरण की उपलब्धता का ब्यौरा भी तैयार होगा। योजना के तहत देश के चिकित्सालयों एवं डॉक्टरों का एक भी डाटाबेस तैयार किया जायेगा। राष्ट्रीय पहचान संख्या (एनआईएन) प्रदान किया जायेगा।

# प्रधानमंत्री के पंच प्रण के अनुसरण से भारत बनेगा विकसित देश: बघेल

समृद्धि न्यूज। लखनऊ/आगरा



आगरा के सेंट जॉन्स कॉलेज में युवा संवाद-2047 का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय कानून राज्यमंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल बहैसियत चीफ गेस्ट पहुँचे। केंद्रीय मंत्री प्रो एसपी सिंह बघेल ने अपने संम्बोधन में कहा कि में बहुत भाग्यशाली हूं जो इस कार्यक्रम के माध्यम से युवा संवाद में आने का मौका मिला। उन्होंने सबसे पहले स्वामी विवेकानंद के चरणों में शीश झुकाया। उन्होंने प्रधानमंत्री द्वारा पंच प्रण के बारे में बताया जिसमें विकसित भारत, गुलामी की हर सोच से मुक्ति पाना, अपनी विरासत पर गर्व करना, एकता और एकजुटता को चौथा प्रण और नागरिकों के कर्तव्य का पांचवा प्रण बताया। उन्होने के कहा कि भारत को 2047 तक एक विकसित देश बनाना है तो पांचों प्रण हो हासिल करने में नौकरशाही को बड़ा किरदार निभाना पड़ेगा। प्रधानमंत्री की बेटी बचाओ और बेटी पढ़ाओ योजना के तहत विभिन्न जानकारी दी। इस युवा संवाद में उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार की कल्याणकारी योजना की जानकारी होना बहुत जरूरी है। उन्होंने प्रधानमंत्री जीवन बीमा कल्याण योजना के तहत सभी को अपने परिवार के भविष्य को देखते हुये बीमा कराने की सलाह भी दी। महाविद्यालय के एनएसएस के छात्र-छात्राओं ने एक गीत प्रस्तुत किया।कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि डा. अशोक श्रोती क्षेत्रीय निदेशक लखनऊ निदेशालय ने युवाओं को राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा संम्पूर्ण देश में चलाये जा रहे युवा संवाद कार्यक्रम की जानकारी दी एवं इसके महत्व से परिचित कराया।कार्यक्रम के अध्यक्षता कर रहे प्रो. अजय तनेजा प्रति कुलपति ने कहा कि यह देश के विकास के साथ युवाओं के विकास एवं उनकी सोच में सकारात्मक बदलाव लायेंगे। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि सेंट जॉन्स कॉलेज, आगरा के प्राचार्य प्रो एसपी सिंह ने सभी युवा प्रतिभागियों को बधाई देते हुये कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से युवा छात्र एवं छात्राओं को अपने जीवन में सार्थक परिवर्तन लाने में विशेष योगदान होगा। प्रो. रामवीर सिंह एनएसएस समन्वयक, डा भीमराव आंम्बेडकर विश्वविद्यालय, आगरा ने सभी अतिथियों और कॉलेज के एनएसएस संयोजकों को धन्यवाद देते हुये संम्बोधन में कहा कि प्रधानमंत्री के इण्डिया 2047 के संकल्पों को पूरा करने एवं युवा शक्ति का देश के विकास में भागीदारी हेतु इस तरह के कार्यक्रमों को आयोजित किया जा रहा है।कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी रचिता शर्मा ने किया और कार्यक्रम अधिकारी जॉन अभिषेक मसीह ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागी स्वयं सेवकों को धन्यवाद दिया।आज के इस युवा संवाद कार्यक्रम में पांच प्रतिभागी रहे जिसमें प्रथम स्थान पूर्वी चौहान, द्वितीय वंश शर्मा, सौम्या सिंह एवं शुभम पाठक, जागृति चौहान ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 10 महाविद्यालयों के 300 स्वयं सेवकों ने कार्यक्रम में प्रतिभागिता की। इस अवसर पर प्रो. अजय तनेजा, उप कुलपति, डा. भीमराव आम्बेडकर विश्वविद्यालय आगरा, प्रो. धर्मपाल सिंह, विधान सभा सदस्य, प्रो. अशोक श्रोती, क्षेत्रीय निदेशक एनएसएस, उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड एवं प्रो. रामवीर सिंह एनएसएस समन्वयक, डा0. भीमराव आंम्बेडकर विश्वविद्यालय, आगरा अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।


























































# जिला पंचायत की बैठक सम्पन्न

गोंडा, समृद्धि न्यूज़।



अध्यक्ष, जिला पंचायत, गोण्डा की अध्यक्षता में जिला पंचायत, गोण्डा की सामान्य बैठक आहूत की गई जिसमें जिला पंचायत, गोण्डा का पुनरीक्षित बजट वर्ष 2022 - 2023 का रू0 87,39,63,364.00 एवं वित्तीय वर्ष 2023 -2024 का मूल बजट रू0 50,89,90,850.00 का सदन द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया। पंचम राज्य वित्त आयोग योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023-2024 हेतु परिसम्पत्ति एवं रख रखाव, अनुरक्षण एवं नवनिर्माण हेतु रू0 20,60,28,000.00 तथा पन्द्रहवाँ वित्त आयोग योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023-2024 हेतु टाइड मद में नाला, अमृत सरोवर, शौचालय आदि हेतु रूप 15,54,93,800.00 एवं अनटाइस मद में सम्पर्क मार्गो हेतु रुपये 10,36,64,000.00 की कार्ययोजना सदन द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदित की गई। बैठक में वित्तीय वर्ष 2023-2024 की ग्राम पंचायत एवं क्षेत्र पंचायत की समेकित विकास योजना भी अनुमोदित की गई। इसके अतिरिक्त वित्तीय वर्ष 2023-2024 के मनरेगा योजनान्तर्गत 65.36.455 मानव दिवस व लेबर बजट 23,20,40,418.00 का सदन द्वारा अनुमोदित किया गया। इस अवसर पर प्रतीक भूषण शरण सिंह विधायक सदर, बावन सिंह विधायक कटरा बाजार अजय सिंह विधायक करनैलगंज, अवधेश कुमार सिंह उर्फ मन्जू सिंह सदस्य विधान परिषद, गोण्डा / बलरामपुर अमरीश दत्त सिंह, महेन्द्र सिंह, अनवर शकील, ई0 चन्द्र प्रकाश सिंह मनोज शुक्ला, श्रीमती अर्चना सिंह, श्रीमती रीतू पासवान, श्रीमती अंकिता सिंह, श्रीमती अनामिका सिंह श्रीमती इन्द्रावती श्रीमती मालती देवी आदि सदस्यगण जिला पंचायत, मात्र प्रमुखगण क्षेत्र पंचायत मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्साधिकारी तथा अन्य जनपदस्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे। बैठक का संचालन सचिव राजेश कुमार चौधरी, अपर मुख्य अधिकारी द्वारा किया गया।

## कंकड़ पत्थर युक्त चावल देख बेचैन हुए उपभोक्ता

**कटरा बाजार /गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़।** गरीबों को वितरण के लिए आये खाद्यान्न में भारी गड़बड़ी सामने आई है। मामला विकासखंड कटरा बाजार की ग्राम पंचायत छपरतल्ला से जुड़ा हुआ है। वितरण के लिए जब चावल की बोरियां खुलने लगी तो उनमें से भारी मात्रा में कंकड़- पत्थर व गुटके-सिगरेट के पैकेट देखने को मिले। कोटेदार ने इसकी सूचना अपने पूर्ति निरीक्षक कटरा बाजार को दी तथा राशन वितरण का कार्य बंद कर दिया। एसडीएम कर्नलगंज हीरालाल ने बताया कि लगभग दो कुंतल अनाज में गड़बड़ी मिली है, गड़बड़ अनाज की बोरियों को तुरंत अलग करवा कर दूसरी बोरियाँ उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं।

# पूर्व रजिस्ट्रार सौरभ सिंह को एसआईटी ने किया गिरफ्तार

- दो दर्जन जाल साजी का मुकदमा विभन्न थानों में है, दर्ज

गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।



जिले में उपनिबंधक कार्यालय में रजिस्ट्रार के पद पर रहते हुए सौरभ सिंह ने मानकों के विपरीत दो दर्जन से अधिक लोगो की फर्जी दस्तावेज व वसीयतनामा तैयार कर के रजिस्ट्री किया था। इस का खुलासा पुलिस उपमहानिरीक्षक के आदेश पर जब जाच शुरू हुई तब निकल कर सामने आया। सौरभ सिंह पूर्व रजिस्टर जाल साज अधिवक्ता बृजेश अवस्थी के साथ मिलकर फर्जी दस्तावेज घर पर ही तैयार करा लेता था। दूसरे जनपदों का भी तमाम फर्जी वसीयतनामा किया था। तमाम फर्जी वसीयतनामा मृत्यु के एक दो दिनों पूर्व ही तैयार किया गया है। जिस का रजिस्ट्री सौरभ सिंह ने किया है। नियमो को अनदेखी कर के फर्जी बैनामा और वसीयतनामा घर पर ही किया था। तमाम गरीब लोगों पर दबाओ बना कर बैनामा करा लिया था। डी आई जी के आदेश पर फर्जी बैनामा वसीयतनामा का मुकदमा दर्ज किया गया था। जिस की जांच हेतु एस आई टी टीम का गठन किया गया। एस आई टी के उप निरीक्षक डिग्री प्रसाद गौतम, हेड कांस्टेबल अफजल और कांस्टेबल पीयूष गोस्वामी ने मुखबिर खास की सूचना पर पूर्व रजिस्ट्रार सौरभ सिंह पुत्र दया शंकर सिंह निवासी धुसवा मनका पुर को अंबेडकर चौराहे के पास से गिरफ्तार किया है। इन के ऊपर जिले के विभन्न थानों पर दो दर्जन के करीब जाल साजी का मुकदमा दर्ज कराया गया था।



## तहसील सभागार में होली मिलन समारोह का हुआ आयोजन

**कर्नलगंज/ गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** शुक्रवार को कर्नलगंज तहसील सभागार में बार एसोसिएशन के कार्यवाहक अध्यक्ष प्रताप बली सिंह एडवोकेट की अध्यक्षता में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का संचालन सुरेंद्र कुमार द्विवेदी एडवोकेट ने किया। समारोह में तहसील के सभी अधिवक्ताओं ने भाग लिया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उप जिलाधिकारी हीरालाल व तहसीलदार करनैलगंज नृसिंह नरायन वर्मा व नायब तहसीलदार संतोष कुमार यादव सहित नायब गण उपस्थित रहे। अधिवक्ताओं ने रंगारंग अबीर गुलाल के साथ जमकर होली खेली व एक दूसरे को सराबोर कर दिया। वक्ताओं में चंद्र प्रकाश तिवारी एडवोकेट, त्रिलोकीनाथ तिवारी एडवोकेट, बीके सिंह एडवोकेट, वीरेंद्र विक्रम तिवारी ऌबेतुकऌ एडवोकेट, महामंत्री बाबादीन एडवोकेट, रामबाबू पाण्डेय एडवोकेट, प्रमुख रूप से शामिल रहे। इस कार्यक्रम में जीतलाल गोस्वामी एडवोकेट, मनीष कुमार श्रीवास्तव एडवोकेट, दिनेश कुमार गोस्वामी एडवोकेट, अमरमणि तिवारी एडवोकेट आदि काफी संख्या में अधिवक्तागण मौजूद रहे। बार एसोसिएशन अध्यक्ष प्रताप बली सिंह एडवोकेट ने सभी का अभिवादन करते हुए आभार व्यक्त किया।

# दिन दहाड़े किराना व्यापारी से साढ़े चार लाख की लूट

- मचा हड़कंप, मौके पर भारी लाव लश्कर के साथ पुलिस मौजूद

गोंडा, समृद्धि न्यूज।



किराना व्यापारी सामन खरीद करने गोण्डा जाते समय अल्टो कार सवार बदमाशों ने सामने वाहन लगा कर दिया घटना का अंजान।

घटना गोण्डा उतरौला मुख्य मार्ग कोतवाली देहात पुलिस चौकी सालपुर अंतर्गत सिसउर पुल के समीप की है जहां सरे राह दिन दहाड़े बदमाशों ने दिया घटना को अंजाम। किराना व्यापारी चंद्र प्रकाश पांडेय पुत्र राम बरन पांडेय निवासी ग्राम पंचायत कुकरिहा मजरे तीतगांव करूवापारा, थाना इटिया थोक। क़स्बा बग्गीरोड बाजार स्थित पांडेय बाजार शुकलपुर थाना धानेपुर क्षेत्र में किराना की दुकान करते हैं पीड़ित के अनुसार आज शुक्रवार को दिन में लगभग 12बजे दुकान का सामन खरीदने के लिए टेम्पो से गोण्डा जा रहे थे भुगतभोगी ने बताया जब टेम्पो बग्गीरोड पहुंचा तो एक व्यक्ति मेरे बगल आकर बैठ गया टेम्पो में दो महिलाएं पहले से बैठी थी । जैसे ही टेम्पो घटना स्थल पर पहुंचा तभी पीछे से आकर एक अल्टो मार्ग रोक कर खड़ी हो गई जब-तक कुछ समझते बगल बैठे व्यक्ति ने मुझे नीचे खींच लिया और जमीन पर गिरा दिया तबतक अल्टो कार से तीन लोग उतरे टेम्पो में बैठे लोग बिरोध जताया तो असलहा दिखाते हुए कहा चुपचाप बैठे रहो वर्ना जान चली जायेगी।और झोले में रखा रूपया लेकर पुनः गाड़ी में बैठ कर फरार हो गए ।इधर टेम्पो चालक मुकेश जैसवाल पुत्र राजमणी जयसवाल निवासी परसिया अज्ञाराम थाना कोतवाली देहात ने बताया मैंने घटना की सूचना पुलिस चौकी सालपुर पर दी घटना की सूचना मिलते ही, सीओ सदर लक्ष्मी कांत गौतम, सर्विलांस टीम, कोतवाल देहात महेंद्र कुमार सिंह,एसओजी टीम थाना अध्यक्ष धानेपुर सहित भारी संख्या में पुलिस टीम घटना की छानबीन में लग गयी। पुलिस सोनबरसा बाजार, बग्गीरोड, पांडेय बाजार आदि में सीसी टीवी कैमरे से फुटेज खागालने में लगी है। भुगतभोगी से पुलिस रूपयों को लेकर जानकारी की जिसपर पीड़ित के बताए अनुसार दुकान दारो से पुछताछ किया जा रहा है। फिलहाल दिन दहाड़े हुए इस लुट घटना से क्षेत्र में दहशत का माहौल है।वहीं घटना पुलिस के लिए एक चुनौती बन कर सामने आया है फिलहाल पुलिस घटना का खुलासा करने के लिए तत्पर हैं।

# ससुराल गये युवक की लाश रेलवे क्रासिंग के पास मिली

- परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़

कर्नलगंज कोतवाली क्षेत्र के कटरा शहबाज पुर रेलवे क्रासिंग के पास ससुराल गये एक 28 वर्षीय युवक की लाश मिली है। परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस उस को ट्रेन दुर्घटना बता रही है। शव को पुलिस ने अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है।

बहराइच जनपद के फखर पुर थाना क्षेत्र के अवस्थानिक पुरवा मौजा तिगई निवासी मुकेश कुमार वाजपेयी पुत्र लल्लन वाजपेयी होली में बीते मंगलवार के दिन अपने ससुराल कटरा शहबाज पुर ग्राम निवासी कुलदीप के यहाँ आया था। शुक्रवार की सुबह उस की लाश रेलवे क्रासिंग के पास पाई गई। मृतक के चाचा निरंकार ने हत्या कर के शव को रेलवे क्रासिंग पर लाकर फेकने का आरोप लगाया है। उस के चाचा निरंकार ने बताया कि पहले उस को दारू पी लाया गया। इस के बाद उस को मारा पीटा गया। दो वर्ष पहले शादी हुई थी। मृतक मुकेश कुमार लखनऊ में नौकरी करता था। घटना की जानकारी होने के बाद भी ससुराल के कोई नही आया।

मृतक मुकेश कुमार लखनऊ में रहकर नौकरी करता था। लखनऊ से सीधे अपने ससुराल कटरा शहबाज पुर आया था। उस की पत्नी ममता सोमवार को होली करने घर से अपने मायके आई थी। मृतक मुकेश कुमार होली करने मंगलवार के दिन आया था।

## खबरें एक नजर में

### पीड़ित महिला को फर्जी मुकदमे में फंसाने की साजिश रच रहे दबंग



**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** जिले के थाना नवाबगंज क्षेत्र के लौव्वा वीरपुर गाँव के सिंगा रायपुरवा निवासिनी पीड़ित महिला ने अपने विपक्षी पर फर्जी मुकदमे में फंसाने की साजिश रचने का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी है। पीड़ित महिला सुमन पत्नी माता प्रसाद ने दी गई तहरीर में बताया कि 09 मार्च को गाँव के ही दबंग राजीव उर्फ पुलाई, सत्यपाल उर्फ घोलर, सुनील और लालजी ने उसके घर में घुस कर मारपीट की थी। जिसके बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए चारों आरोपियों के विरूद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया था। शुक्रवार को पीड़ित महिला ने थाने पर तहरीर देते हुए कहा कि विपक्षी राजीव यादव उर्फ पुलाई द्वारा पड़ोस के ही पवन पुत्र शिवसेवक के माध्यम से थाने पर तहरीर दिलवाकर उसे और उसके परिजनों को हरिजन एक्ट सहित अन्य फर्जी मुकदमे में फंसाने का प्रयास किया जा रहा है। महिला ने आरोप लगाया कि गुरुवार की रात विपक्षी ने धमकी भी दी है कि तुम्हारे पूरे परिवार पर हरिजन एक्ट लिखवा कर ही मानूँगा। महिला का कहना है कि विपक्षी राजीव द्वारा पवन के माध्यम से अब तक दो बार अलग-अलग तहरीर थाने पर दिलाई जा चुकी है। जिसकी छायाप्रति भी महिला ने उपलब्ध कराई है। पीड़िता ने विपक्षी पर पुलिस को गुमराह करने का आरोप भी लगाया है। इस संबध में प्रभारी निरीक्षक करूणाकर पाण्डेय ने बताया कि प्रकरण की जांच कराई जा रही है।

### 'सीताराम सा मिल' का कोट प्रबंधक हरीश कुमार ने किया उद्घाटन



**मनकापुर /गोंडा, समृद्धि न्यूज।** नगर पंचायत मनकापुर के शास्त्री नगर मोहल्ले में बाबा सिद्धेश्वर नाथ महादेव मंदिर के बगल स्थित सीताराम सा मिल का कोट प्रबंधक हरीश कुमार पान्डेय ने पूजन-अर्चन व वेद मंत्रोच्चारण के साथ फीता कर उद्घाटन किया। कस्बे के मोहल्ला शास्त्री नगर में स्थित सीताराम सा मिल का उद्घाटन के पूर्व पांच पुरोहितो द्वारा विधिवत पूजन-अर्चन, अखंड रामायण पाठ भी किया गया ।जिसके यजमान के रुप युवा भाजपा नेता अष्टभुजा प्रसाद मोदनवाल व पत्नी रही। आरके नारद-पूजा मनमोहनी गुप्ता द्वारा सामूहिक रुप से आरती-वंदन किया गया और बाद में कोट प्रबंधक हरीश पान्डेय ने फीता काटकर उद्घाटन किया ।कस्बें के मध्य उक्त सां मिल लग जाने से रोजगार सृजित होगा ।इस मौके पर चेयर मैन प्रदीप कुमार गुप्ता,सावित्री देवी,केके सिह,बब्बू सिह,लाल मुन्ना पान्डेय,पंडित राम हौशिला शर्मा,अर्जुन यादव,राम चंदर जयसवाल,भीष्म वर्मा,भरत लाल गुप्ता,संतोष कुमार कसौंधन,दिवाकर सिह आदि लोग मौजूद रहे।

# मंदिर में अराजक तत्वों ने की तोड़फोड़, गांव में तनाव

- सीओ के साथ प्रभारी निरीक्षक ने मौके पर जाकर किया निरीक्षण, पुलिस तैनात

बहराइच, समृद्धि न्यूज।



जनपद के थैलिया गांव स्थित शिव मंदिर में अराजक तत्वों ने तोड़फोड़ कर दी। जानकारी मिलते ही भारी पुलिस बल मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने जांच की। साथ ही गांव में पुलिस को तैनात कर दिया है। खबर के मुताबिक खैरीघाट थाना क्षेत्र अंतर्गत थैलिहा गांव में भगवान शिव शंकर का मंदिर स्थित है।

मंदिर में कुछ शरारती तत्वों ने तोड़फोड़ शुक्रवार सुबह की। इसकी जानकारी मिलते ही गांव में आक्रोश फैल गया। काफी संख्या में गांव के लोग एकत्रित हो गए। गांव के लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। जानकारी मिलते ही सीओ महसी जयप्रकाश त्रिपाठी, प्रभारी निरीक्षक खैरीघाट सत्येंद्र बहादुर सिंह भारी पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। स्थिति की नजाकत को समझते हुए सीओ महसी ने खुद कमान संभाली और स्थिति को सामान्य किया। मंदिर के टूटे हुए अवशेष को स्थानीय लोग व पुलिस की मदद से सही करवाने का प्रयास किया जा रहा। प्रभारी निरीक्षक सत्येंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि किसी शरारती तत्व ने मंदिर में छेड़छाड़ की थी।

मौके पर पुलिस बल तैनात है। स्थिति सामान्य कोई तनाव की स्थिति नहीं है। उन्होंने बताया कि पुलिस बल निरंतर निगरानी कर रही है।

# अपात्रों को दे रहे आवास का लाभ, प्रदर्शन

- गांव की सैकड़ों महिलाएं पहुंची कलेक्ट्रेट, सौंपा ज्ञापन

बहराइच, समृद्धि न्यूज।




जनपद के मुनीमपुर कला गांव निवासी सैकड़ों महिलाएं शुक्रवार को कलेक्ट्रेट पहुंची। सभी ने नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। इसके बाद डीएम को ज्ञापन दिया। सभी का कहना है कि ग्राम प्रधान और ग्राम विकास अधिकारी की मिलीभगत से अपात्रों को आवास दिया जा रहा है। महसी तहसील अंर्तगत ग्राम पंचायत मुनीमपुर कला गांव की महिलाएं और पुरुष शुक्रवार को कलेक्ट्रेट पहुंची। यहां पर सभी ने नारेबाजी करते हुए धरना प्रदर्शन किया। प्रदर्शन कर रही महिलाओं ने कहा कि ग्राम प्रधान जो पात्र हैं, उनके नाम काटकर अपने चहेते अपात्र लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दे रहा है। जबकि कई ऐसे लोग हैं, जो फूस के मकान में रहने को मजबूर है। लेकिन उन्हें आवास योजना का लाभ नहीं दिया जा रहा है। ग्राम प्रधान के भ्रष्टाचार को ग्राम विकास अधिकारी भी बढ़ावा दे रहे हैं। इसके अलावा सरकार के स्वच्छ भारत मिशन के तहत शौचालय देने में भी भेदभाव करने का आरोप लगाया। सभी ने ग्राम प्रधान और ग्राम विकास अधिकारी के विरुद्ध नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। इसके बाद डीएम को संबोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट ज्योति राय को दिया। इस दौरान जय कला, मिठाना देवी, राम कुमार, विमलावती, जगदीश, जानकी, सावित्री देवी, कोयलावती और सुंदर पति समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# स्कूल प्रबंधन ने बच्चों को वितरण किया पुरस्कार

- 55 बच्चों को वितरण किया पुरस्कार, बच्चों के खिले चेहरे

बहराइच, समृद्धि न्यूज़।




शुक्रवार को शहर के शेखय्यापुरा स्थित हरमैन मार्डन जूनियर हाईस्कूल मे एनुअल डे पुरूस्कार वितरण समारोह बड़ी धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम मे निदेशक मो मशकूर ने स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। उन्होने ने बताया की स्कूल के बीस साल पूरे हो चुके है। इस सत्र मे पढ़ाई के अलावा स्कूल में कई कार्यक्रम जैसे आज़ादी का अमृत महोत्वसव, जी.के प्रतियोगिता, विज्ञान प्रदर्शनी, बाल मेला, कला, निबंध प्रतियोगिता, बीमारियो से बचाऊ से बचाऊ की जानकारी आदि कार्यक्रम हुए। प्रबंधक इश्तियाक अली कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि हाजी रेहान रहे तथा अध्यक्षता स्कूल अध्यक्ष मो अब्दुल्ला ने की। परीक्षा मे अच्छा प्रदर्शन करने वाले को पुरूस्कार दिया गया। जिसमें 17 बच्चों को प्रथम पुरस्कार सहित कुल 55 बच्चों को पुरूस्कार वितरण किया गया। प्रथम पुरस्कार पाने वाले बच्चों मे शुभम, अलीशा, नसरा, युसरा अलबीना, अलीज़ा एकता, अंतरा, आयशा इकरा, अराधना, इफरा फिरदोस आदि को पुरूस्कार दिया गया। अध्यक्ष मो अब्दुल्ला ने कहा स्कूल प्रबंधन को शुक्रिया कर कहा कि इतनी कम फीस मे अच्छी शिक्षा देकर बच्चों को आगे बढ़ने मार्ग दर्शन करते है। हाजी रेहान ने कहा कि जो बच्चे दूसरे स्थान पर आए है वह पहले स्थान पर आने के लिए खूब मेहनत करे अंत मे प्रबंधक इश्तियाक अली ने आए हुए सभी मेहमानो का शुक्रिया अदा किया। कार्यक्रम मे बच्चों के आभिभावक साजिद अली इकराम,फिरोज़, असमा, हिना, शहला, अज़रा, लवी, गुलफ्शा, उज़मा, दरख्शा, नरगिस, फाइज़ा, सना, चंदा मंतशा आदि मौजूद रहे।

# बाघ को देख रोमांचित हुए लोग

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

वन विभाग और कतरनिया घाट फ्रेंड्स क्लब की मेहनत जंगल में दिखने लगी है। कतर्नियाघाट फ्रेंड्स क्लब के सदस्य अमन लखमानी और अंकुर राव अपने मित्र अभिषेक और नवीन के साथ गुरुवार की शाम कतर्नियाघाट भ्रमण पर गए थे। रात्रि विश्राम करने के बाद सभी शुक्रवार सुबह जंगल सफारी पर निकले। रास्ते में उन्हें कई स्थानों पर चीतल के झुंड, जंगली सुवर, मोर, जंगली मुर्गा इत्यादि दिखाई पड़े। जैसे ही उनकी सफारी महादेवा ताल की ओर बढ़ने लगी, तभी उन्हें एक बड़ा नर बाघ दिखाई पड़ा। बाघ को देख सभी रोमांचित हो उठे। इस बीच अमन और अंकुर ने बाघ के चित्रों को अपने कैमरे में कैद किया। इस संबंध में कतर्नियाघाट फ्रेंड्स क्लब के अध्यक्ष भगवान दास लखमानी ने बताया कि डीएफओ कतर्नियाघाट की मेहनत से वन क्षेत्र में मानवीय दखल अंदाजी में कमी आई है और कतर्नियाघाट फ्रेंड्स क्लब के जागरूकता कार्यक्रमों से जंगल के आसपास रहने वाले ग्रामीणों में वन एवं वन्य जीवों के संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ रही है। फलस्वरूप कतर्नियाघाट में बाघों की संख्या में इजाफ़ा हो रहा है। मालूम हो कि इस समय जय जंगल क्षेत्र में 30 से अधिक बाघ विचरण कर रहे हैं।

# कहासुनी में दबंगों ने की पिटाई, नहीं दर्ज हुआ मुकदमा

- भीम आर्मी ने केस दर्ज न होने पर जताई नाराजगी

बहराइच, समृद्धि न्यूज।



मटेरा थाना क्षेत्र के असवा गांव निवासी एक ग्रामीण और उसके परिवार के लोगों को दबंगों ने कहासुनी के दौरान पिटाई कर दी। घायलों का इलाज अस्पताल में चल रहा है। पीड़ित द्वारा तहरीर देने के बाद भी पुलिस द्वारा अभी तक मुकदमा दर्ज नहीं किया गया है। मटेरा थाना क्षेत्र के ग्राम असवा मोहम्मदपुर गांव निवासी मौजीलाल पुत्र गरीबे का दयाराम, लक्ष्मण आदि से गुरुवार को कहासुनी हो रही थी। कहासुनी के दौरान सभी ने पिटाई कर दी। मारपीट में मौजीलाल और परिवार के लोग घायल हो गए। मारपीट में तीन लोग घायल हो गए। घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से अस्पताल में भर्ती कराया गया। पीड़ित ने थाने में तहरीर दी, लेकिन पुलिस ने मुकदमा दर्ज नहीं किया है। उधर घटना की जानकारी होने पर भीम आर्मी के मंडल अध्यक्ष ने अस्पताल पहुंचकर घायलों का हाल जाना। उन्होंने पुलिस से मुकदमा दर्ज किए जाने की मांग की। इस मामले में प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार से बात की गई तो उन्होंने बताया कि जांच चल रही है। जांच के बाद मुकदमा दर्ज किया जायेगा।

# अल्ट्रासाउंड के लिए अब गर्भवती को नहीं करना होगा इंतजार

बहराइच समृद्धि न्यूज।



- ई-वाउचर से प्राइवेट जांच केन्द्रों पर होगा अल्ट्रासाउंड
- सरकारी है सुविधा, न दें कोई शुल्क



गर्भावस्था के संभावित खतरों की पहचान करने में अन्य जांचों के साथ अल्ट्रासाउंड जांच काफी सहायक होती है। यह सुविधा समय से मिल सके इसके लिए जनपद के 28 प्राइवेट अल्ट्रासाउंड केन्द्रों को योजना से जोड़ने की कवायद शुरू कर दी गयी है। इन केन्द्रों पर विशेषज्ञ चिकित्सकों के परामर्श से गर्भावस्था के चार महीने बाद वाली गर्भवती अल्ट्रासाउंड जांच करा सकती हैं। इसके लिए उन्हें कोई शुल्क नहीं देना होगा।

यह जानकारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ सतीश कुमार सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि जनपद जनपद में 31 अल्ट्रासाउंड केंद्र पंजीकृत हैं । इसके सापेक्ष 28 प्राइवेट अल्ट्रासाउंड केन्द्रों को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के अंतर्गत पंजीकृत किया जा रहा है। फिलहाल यह सुविधा जनपद के 12 प्राइवेट अल्ट्रासाउंड केंन्द्रों पर उपलब्ध है । शेष केन्द्रों पर जल्द ही सुविधा शुरू हो जाएगी ।

### मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में आएगी कमी

स्त्री एवं प्रसूत रोग विशेषज्ञ डॉ कविता चौधरी ने इसे सरहनीय कदम बताते हुए कहा कि गर्भावस्था के चौथे महीने के बाद अल्ट्रासाउंड जांच से गर्भस्थ शिशु के स्वास्थ्य का सही आकलन हो जाता है, जो उपचार करने में मदद करता है । इस जांच से यह तय करना आसान हो जाता है कि प्रसव सामान्य होगा या ऑपरेशन से ।इससे सुरक्षित प्रसव को बढ़ावा मिलेगा और मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी आएगी।

### ऐसे मिलती है सुविधा

नोडल अधिकारी व एसीएमओ डॉ राजेश ने बताया कि ऐसी महिलाएं जिनकी गर्भावस्था का चौथा माह या उससे अधिक समय चल रहा है प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान में इसका लाभ ले सकती हैं। यह अभियान प्रत्येक माह की 9 तारीख को सभी 19 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों व 24 तारीख को सभी 5 प्रथम संदर्भन इकाइयों पर मनाया जाता है। अभियान में विशेषज्ञ चिकित्सक जोखिम वाली गर्भावस्था का पता लगाने व उपचार के लिए अल्ट्रासाउंड की जांच भी लिखते हैं। इसके लिए गर्भवती को ई- बाउचर दिया जाता है। जिसके माध्यम से वह 30 दिन के अंदर कभी भी योजना से जुड़े अल्ट्रासाउंड केन्द्रों पर जांच करा सकती हैं।

### नि:शुल्क है सुविधा

अल्ट्रासाउंड के लिए गर्भवती को कोई शुल्क नहीं देना होता है। ई- बाउचर में अंकित बार कोड को स्कैन कर निजी अल्ट्रासाउंड सेण्टर, संचालक स्वतः भुगतान प्राप्त कर लेते हैं। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग ने स्टेट बैंक ऑफ इंडिया से करार किया है।

### जनपद के 77 गर्भवती को जारी हुआ ई बाउचर

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के डीपीएम सरजू खान ने बताया कि इस बार अवकाश होने के कारण 9 तारीख को होने वाले प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान को शुक्रवार 10 तारीख को मनाया गया। अभियान के तहत जनपद के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर गर्भवती की ब्लड, यूरिन, ब्लड प्रेशर व वजन की जांच कर उन्हें आयरन व कैल्शियम की गोली दी गयी । गंभीर खून की कमी वाली गर्भवती को आयरन सूक्रोज दिया गया । अभियान में विशेषज्ञ चिकित्सकों ने 77 गर्भवती को अल्ट्रासाउंड जांच की सलाह दी ।इसके लिए उन्हें ई- बाउचर जारी किया गया । इसका उपयोग कर वह योजना से जुड़े किसी भी प्राइवेट अल्ट्रासाउंड सेण्टर पर एक माह के अंदर जांच करवा सकती हैं।

### गर्भवतियों ने की सुविधा की सराहना

अभियान में जांच कराने आयीं मसूदपुर की रहने वाली 25 वर्षीय प्रीती शर्मा पहली बार गर्भवती हैं ।बताया कि गर्भवती के लिए यह बहुत बड़ी सुविधा है। अल्ट्रासाउंड जांच के लिए प्राइवेट केन्द्रों पर 800 रुपए देने पड़ते । अब ई बाउचर से नि:शुल्क जांच हो जाएगी ।पयागपुर सोहरियांवा की 24 वर्षीय सुधा शुक्ला का यह पहला गर्भ है , बताया कि सरकार महिलाओं पर विशेष ध्यान दे रही है। ई-बाउचर से पयागपुर के ही प्राइवेट अल्ट्रासाउंड केंद्र में जांच हो जाएगी। इस सुविधा से पैसे के साथ समय की भी बचत होगी ।

# मंहगाई के विरोध में कांग्रेसियों ने किया धरना प्रदर्शन

**लालगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

बढ़ती मंहगाई आदि मुद्दों को लेकर कांग्रेस ने धरना प्रदर्शन किया।भारतीय स्टेट बैंक के निकट जमीन पर बैठे कांग्रेसी नेता व कार्यकर्ता सरकार विरोधी नारेबाजी भी करते रहे। हाईकोर्ट अधिवक्ता संजीव पांडेय ने कहा कि कांग्रेस पार्टी का नेतृत्व कर रहे राहुल गांधी भारत जोड़ो यात्रा की। पार्लियामेंट में देश के एक परिवार के पास बहुत कम समय में कई गुना सम्पत्ति आने की बात पूंछी थी लेकिन केंद्र सरकार ने जवाब देने के बजाय राहुल गांधी की स्पीच को भी हटा दिया है। अपनी बात कहने को अब एक ही रास्ता जनता की अदालत में जाने का बचा है। एसबीआई व एलआईसी को भी उसी परिवार के हांथ गिरवी रख



दिया गया है।देश का करोड़ो रूपया डूब रहा है,शेयर मार्केट गिरता जा रहा है। समय से देशवासियों को नही जगाया गया तो अपूर्णीय क्षति होगी। वर्तमान सरकार की नीतियां जनहित में नही है।तानाशाहीपूर्ण निर्णय लिए जा रहे हैं। विशाल शर्मा ने कहा कि गहरे आर्थिक संकट के समय में भाजपा सरकार देश के महत्वपूर्ण बुनियादी ढ़ांचे को अडानी समूह को बेच रही है।उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी सदैव देश के गरीब व मध्यम वर्ग के हितों की पक्षधर रही है। इन वर्गों के हितों के साथ किए जाने वाले किसी भी प्रकार के कुठाराघात को कांग्रेस सहन नही करेगी।उन्होंने कहा कि अपनी मांगो को लेकर एक ज्ञापन राष्ट्रपति को सौंपा जाएगा।

## स्टेट बैंक के सामने दिया धरना




**महराजगंज।** कांग्रेसियों ने बीजेपी सरकार के खिलाफ पहरेमऊ चौराहे पर स्टेट बैंक के सामने किया धरना प्रदर्शन कांग्रेस के पूर्व प्रत्याशी रहे डॉ मनीष सिंह चौहान की अगुवाई में पहरेमऊ चौराहे पर सैकड़ों कांग्रेसियों ने भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ किया धरना प्रदर्शन कर मुख्य मुद्दों को उठाया । जिनमें मोदी एवं भाजपा सरकार द्वारा अडानी के पक्ष में क्रोनी कैप्टिलिज्म नीति चलाई जारही है,जिससे देश का बुनियादी ढांचा लगातार कमजोर होता जा रहा है। और राष्ट्रीयकृत बैंकों और भारतीय जीवन बीमा निगम जैसे सार्वजनिक संस्थानों को गलत व अतार्किक निवेश करने के लिए मजबूर कर रही है। जिससे गरीब और मध्यम वर्ग के भारतीयों की बचत जोखिम भरा हो गया है,इस ज्वलंत मुद्दा को लेकर कांग्रेस पार्टी गम्भीर है। उत्तर प्रदेश कांग्रेस के आवाहन पर 10 मार्च को रायबरेली के प्रत्येक ब्लाक स्तर राष्ट्रीयकृत बैंकों /स्टेट बैंक की शाखाओं के सामने आंदोलन प्रदर्शन किया जाएगा ।इस मौके पर ब्लॉक अध्यक्ष अशरफ खान न्याय पंचायत उपाध्यक्ष अजमल खान ग्राम पंचायत अध्यक्ष भोला सिंह श्री कृष्ण यादव शामिद खान पूर्व प्रधान मुन्ना यादव पूर्व प्रधान सफीर खान संतराम यादव तौफीक खान राजेंद्र पासवान मुन्नू खान राजेंद्र मौर्य सहित अन्य कांग्रेसी मौजूद रहे।

# होली का पर्व हमें प्रेम और सौहार्द पूर्वक रहने की शिक्षा देता है : प्रभात साहू



**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

चेयरमैन प्रभात साहू कस्बे में आयोजित होली मिलन कार्यक्रम में शिरकत की। रानी का पुरवा में आयोजित होला होली मिलन समारोह में पहुंचे प्रभात साहू ने कहा होली का पर्व आपसी भाईचारे का पर्व है। इसमें समस्त प्रकार की बुराइयां जलकर राख हो जाती है और एक दूसरे के प्रति प्रेम और सौहार्द की भावना लोगों के अंदर व्याप्त होती है। श्री साहू ने कहा होली यही शिक्षा देती है कि हम आपस में हर प्रकार के दोष और बुराइयों को भुलाकर प्रेम पूर्वक रहे रानी का पुरवा में आयोजित होली मिलन समारोह में पहुंचे लोकप्रिय नेता प्रभात साहू को पाकर लोग गदगद नजर आए लोगों ने बताया चेयरमैन प्रतिनिधि हमेशा सुख-दुख त्यौहार पर हम लोगों के बीच आकर हम लोगों का मनोबल बढ़ाने का कार्य करते रहे हैं। इस मौके पर पूर्व विधायक राजाराम त्यागी सहित हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### दो बाइकों की टक्कर दो युवक गंभीर रूप से घायल

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** दो बाइक में आमने-सामने से हुई जोरदार टक्कर बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल मामला गदागंज थाना क्षेत्र के लल्ली की चक्की चौराहे पर दो बाइक की आमने सामने जोरदार टक्कर से बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए स्थानीय निवासी व पुलिस की मदद से तत्काल सीएससी ऊंचाहार भेजा गया। बाइक सवार युवक अंकित पुत्र रामसजीवन निवासी हसनगंज ऊंचाहार व समीम पुत्र नईम निवासी कजियाना आमने-सामने बाइक से आ रहे थे तभी लल्ली की चक्की चौराहे पर एकाएक अनियंत्रित होकर जोरदार टक्कर हो जाने से दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए सुचना पर पहुंची पुलिस ने घायल युवकों को स्थानीय लोगों की मदद से एंबुलेंस द्वारा सीएससी ऊंचाहार भेजा गया जहां इलाज किया जा रहा है।

### स्वामी हरिदास बाबा के स्थान पर हुआ विशाल भंडारे का आयोजन

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** विशाल भंडारे का हुआ आयोजन । क्षेत्र के सुप्रसिद्ध धार्मिक स्थान स्वामी हरिदास बाबा बबुरिहा के पवित्र प्रांगण में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया7 विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी हजारों की संख्या में पहुंचे भक्तों ने स्वामी हरिदास बाबा के स्थान पर नमन कर प्रसाद ग्रहण किया । हजारों वर्षों से क्षेत्र के लोगों की आस्था का मुख्य केंद्र रहा स्वामी हरिदास बाबा का स्थान क्षेत्र ही नहीं पूरे जिले में प्रसिद्ध है आज तक बाबा से जो भी भक्तों ने मांगा है बाबा ने उसे जरूर पूरा किया । इस मौके पर महंत लक्ष्मण दास राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ से दिनेश सिंह रमेश सिंह उमेश सिंह दिनेश सिंह शैलेंद्र सिंह देवेंद्र सिंह उर्फ नीलू कुलदीप सिंह अन्नू सिंह मंगली सिंह रोहित सिंह सहित हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

### पत्नी के कृत्य से क्षुब्ध युवक ने किया आत्महत्या का प्रयास

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** माखी थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी चार बच्चों की माँ बुधवार को अपने पुरुष मित्र के साथ कहीं चली गयी थी। पत्नी के इस रवैये से क्षुब्ध होकर पति ने गुरुवार की देर रात कीटनाशक पदार्थ निगल लिया। थोड़ी देर बाद उसकी हालत नाजुक होने लगी तो ग्रामीणों ने इलाज के लिए परियर स्थिति प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है।

पावा चौकी क्षेत्र का निवासी रामकिशोर उर्फकल्लू पुत्र भगवानदीन की पत्नी बुधवार को होली के त्योहार पर चारों बच्चों के साथ घर में रखे सोने-चांदी के आभूषण और नगदी सहित एक लाख रुपये का सामान समेट कर गांव के ही अपने पुरुष मित्र के साथ रफूचक्कर हो गयी थी। पति लौटकर घर पर आया तो सामान बिखरा हुआ था और बच्चों के साथ पत्नी गायब थी। खोजबीन के बाद भी कहीं पता नहीं चला तो पुलिस को सूचना दी। गुरुवार की देररात पत्नी के व्यवहार से छुब्ध होकर कीटनाशक पदार्थ निगल लिया। देररात जब उसकी हालत बिगड़ने लगी तो पड़ोसियों ने इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। इस संबंध में पावा चौकी प्रभारी संजीव कुमार ने बताया कि पत्नी के चले जाने से क्षुब्ध होकर युवक ने जहरीला पदार्थ निगल लिया है। जानकारी मिली है जांच की जा रही है।

### किशोरी ने युवक पर लगाया दुष्कर्म का आरोप, वीडियो वायरल

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** बीघापुर थाना क्षेत्र के एक गांव में सोशल मीडिया पर किशोरी के दुष्कर्म का वीडियो वायरल होने के बावजूद थाना पुलिस घटना से पूरी तरह इंकार कर रहा है। घटना के 2 दिन बाद भी पीड़िता व उसके परिवार की ओर से कोई तहरीर नहीं दी गई है। सोशल मीडिया में वायरल वीडियो में पीड़िता नाबालिग दलित किशोरी द्वारा पड़ोस के गांव के ही एक युवक पर तमंचे के बल पर दुष्कर्म का आरोप लगाया। नाबालिग किशोरी का वायरल वीडियो में आरोप है कि वह खेत मे चारा लेने गई थी उसके साथ तमंचे के बल पर दुष्कर्म किया गया। शोर मचाने पर मदद को पहुंची मां व उसके भाई के साथ मारपीट कर जान से मार देने की धमकी भी युवक द्वारा दी गई। 8 मार्च की घटना के वायरल वीडियो के मामले में पुलिस का कहना है कि किशोरी के वायरल वीडियो के बाद किशोरी के परिवार से संपर्क किया गया लेकिन किसी प्रकार की कोई तहरीर नहीं दी गई। यदि किसी की परिवार से तहरीर मिलती है तो तत्काल मुकदमा लिखकर कार्यवाही की जाएगी। कार्यवाहक थाना प्रभारी हसमत अली ने बताया कि थाना पूरे मामले पर नजर रखे हुए हैं। वायरल वीडियो में किशोरी के परिजनों से संपर्क भी किया लेकिन उनके द्वारा अभीतक कोई तहरीर नहीं दी गई। सोशल मीडिया में जारी वीडियो की अखबार पुष्टि नहीं करता है।

### मामूली विवाद में युवक को पीटा

उन्नाव, समृद्धि न्यूज। बीघापुर कोतवाली क्षेत्र के लालकुंआ चौकी के रुझेई गांव निवासी ओमप्रकाश पुत्र किशोरीलाल को पड़ोसी युवक के साथ टोका-टाकी करना महंगा पड़ा। पड़ोसी युवक ने अपने साले के साथ मिलकर ओमप्रकाश की जमकर पिटाई कर दी। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर युवक पर गाली-गलौज मारपीट धमकी का आरोप लगाया है। ओमप्रकाश ने थाने में दी गई तहरीर में आरोप लगाया कि उसके गांव के पड़ोसी सर्वोदय कुमार पुत्र अलोपी पड़ोस में समय बेसमय आया जाया करते हैं मेरे द्वारा विरोध जताने पर सर्वोदय ने अपने साले के साथ मिलकर मारपीट की। कार्यवाहक थाना प्रभारी हसमत अली ने बताया कि तहरीर मिली है जांच के बाद कार्यवाही की जाएगी।

# गंगा नदी में डूबे युवक का शव बरामद

**सरेनी रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

रायबरेली में सरेनी कोतवाली क्षेत्र के गेगासो बाजपेई पुर गंगा घाट पर बुधवार को होली खेलने के बाद दोस्तों के साथ गंगा नहाने के दौरान डूबे 14वर्षीय छात्र राघव सिंह का शव करीब 30 घंटे बाद घटनास्थल से करीब 12 किलोमीटर दूर डलमऊ कोतवाली क्षेत्र के लूकचांदपुर गंगा घाट के पास से देर रात बरामद हुआ है पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है गेगासों बाजपेईपुर गांव के रहने वाले शिक्षक कुँवर बहादुर सिंह का मृतक राघव एकलौता पुत्र था घटना के बाद से परिवार व छेत्र में शोक का माहौल है बताया जा रहा है कि मृतक राघव बुधवार को गांव के किनारे परिवार के ही 3 बच्चों के साथ गंगा नहाने गया था तभी अचानक गहरे जल में चले जाने से डूब गया था अन्य तीनो बच्चे बच गए थे । सूचना के बाद मौके पर पहुंची गेगासों और सरेनी कोतवाली पुलिस गोताखोर और स्टीमर के जरिये खोजबीन में जुटी रही गुरुवार को एनडीआरएफ की टीम भी पहुंची जो बराबर सर्च ऑपरेशन चला रही थी तभी सूचना मिली कि शव डलमऊ कोतवाली छेत्र के लूकचांदपुर गंगा घाट पर देखा गया जिसके बाद गेगासों पुलिस चौकी इंचार्ज अजीत प्रताप सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और देर रात शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा ।

# विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था को सुचारु रुप से बनाये रखें : डीएम

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी माला श्रीवास्तव ने कहा कि आने वाले गर्मी के मौसम में जनपद में विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था को सुचारु रुप से बनाये रखने के लिए समस्त संभव उपाय किए जाएं। उन्होंने कहा कि लाइन हानि को हर हाल में कम करने के प्रयास किये जाए तथा बिलिंग की प्रक्रिया का नियमित रूप से अनुश्रवण किया जाए। उन्होंने कहा कि गलत बिल आने की शिकायत नहीं मिलनी चाहिए, मीटर रीडर अपना कार्य निष्ठापूर्वक करें। उन्होंने कहा कि दोषी पाये जाने पर सम्बन्धित कम्पनी के विरूद्ध भी कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।




जिलाधिकारी माला श्रीवास्तव ने बचत भवन सभागार में विद्युत आपूर्ति, वाणिज्य बिन्दु तथा रिवैम्प के कार्यो की प्रगति की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहीं थीं। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी पूजा यादव, अपर जिलाधिकारी वि0रा0 पूजा मिश्रा सहित अन्य समस्त सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें। जिलाधिकारी ने कहा कि लाइन हानि कम करने की प्रगति की अपेक्षाकृत सुधार अवश्य हुआ है लेकिन अभी लाइन हानि और कम करने के प्रयास किये जाने चाहिए।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि मीटर रीडर के कार्यो का अनुश्रवण करने के साथ ही इनके बिलों की रैंडम जांच भी नियमित रूप से की जाए। उन्होंने कहा कि गलत बिलिंग की समस्या से उपभोक्ता को निजात दिलाना आवश्यक है।

उन्होंने कहा कि गलत बिल न आये, इसके लिए प्रत्येक स्तर पर प्रयास किये जाएं। उन्होंने निर्देश दिये कि विद्युत बिल बकाया के मामलों में नोटिस देकर कनेक्शन काटने का अभियान चलाया जाए तथा यह कार्य भी नियमित रूप से सम्पन्न किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि विद्युत चोरी की शिकायतों पर कड़ी कार्यवाही की जाए तथा यह भी सुनिश्चित किया जाए कि कटिया डालने वाले के विरूद्ध भी कार्यवाही की जाए।

# फिल्म संदेह के प्रमोशन के लिए लालगंज पहुंचे अभिनेता गौरव कुमार

**लालगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

बॉलीवुड स्टार गौरव कुमार अपनी अपकमिंग फिल्म ÷ संदेह के प्रमोशन लिए प रेल कोच पहुंचे। वहां पहुंचकर एक्टर गौरव कुमार ने फिल्म के सिलसिले में बातचीत की और भारत की शान बढ़ाने वाली व भारत मां की बेटी एथलीट सुधा सिंह से खेल के विषय में भी खास बातचीत की।एथलीट सुधा सिंहअर्जुन पुरस्कार तथा पद्मश्री सम्मान पाने वाली उत्तर प्रदेश की दूसरी खिलाड़ी रही है।एक्टर गौरव कुमार ने सुधा सिंह जी के नेतृत्व मे खेल के मैदान में दो-दो हाथ भी आजमाएं और बच्चों को यह भी संदेश दिया कि आजकल के युवा व बच्चे मोबाइल में दिन-रात गेम खेलते रहते हैं जिससे उनकी



मानसिक व शारीरिक शक्तियां कमजोर होती जा रही हैं और बहुत ही कम उम्र में बीमारियां उत्पन्न कर लेते हैं। एक्टर गौरव कुमार ने इस खास बातचीत में बच्चों के मां बाप को प्रोत्साहित करते हुए यह भी कहा कि वह अपने बच्चों को मोबाइल व सोशल नेटवर्किंग की दुनिया से अलग हटाकर उन खेलों को खेलने के लिए प्रेरित करें

जैसे क्रिकेट कबड्डी खो-खो रनिंग स्विमिंग आदि जिससे उनकी मानसिक व शारीरिक शक्तिया स्वस्थ रहें एक्टर गौरव कुमार ने युवा और वृद्धावस्था के लोगों को भी यह संदेश दिया कि वह अपने खान-पान व फिटनेस का ध्यान रखें ताकि वह रोगों से दूर रह सके ।

अभिनेता गौरव कुमार ने हम देशवासियों को स्वस्थ और निरोग रखने के लिए उन्होने बहुत से पार्क बनवाए। ताकि सुबह उठकर ताजी हवा योगा व व्यायाम कर सकें जिससे हम देश वासियों को रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ सकें

## बुलेरो की टक्कर से एक छात्र गंभीर रूप से घायल




**लालगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** बुलेरो की टक्कर से एक छात्र गंभीर रूप से घायल हो गया। जगतपुर भिचकौरा गांव निवासी मयंक (10) पुत्र महेश कुमार सरस्वती विद्या मंदिर विशुन खेड़ा का छात्र है।वह शुक्रवार को विद्यालय में अवकाश होने के बाद साइकिल से घर जा रहा था। तभी सामने से आ रही बुलेरो ने उसे टक्कर मार दी। जिसमें मयंक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत

**बछरावां (रायबरेली), समृद्धि न्यूज।**

स्थानीय थाना क्षेत्र अंतरगत ग्राम इसिया निवासी चंद्रभान सिंह पुत्र स्वर्गीय गया प्रसाद ने बछरावां थाने में लिखित प्रार्थनापत्र देकर यह सूचित किया है कि उनका नाती उपेंद्र वर्मा पुत्र प्रेम सिंह अपने दोस्तों के साथ बीते बृहस्पतिवार को शाम 6 बजे के आस पास गया था। देर रात तक घर वापस ना आने पर उसकी खोजबीन की गयी। रात 11 बजे के आसपास उपेंद्र संदिग्ध परिस्थितियों में बेहोशी की स्थित में गांव की बाग में मिला। उसकी गंभीर स्थित को देखते हुवे उसे पहले बछरावां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहाँ डॉक्टरों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए रेफर कर दिया। परिजनों द्वारा मरीज़ को राम मनोहर लोहिया अस्पताल ले जाया गया जहाँ पहुँचने



**पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजा**

पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों के दिये प्रार्थनापत्र पर कार्यवाही करते हुऐ थानाध्यक्ष नारायण कुशवाहा ने तुरंत फॉरेंसिक जाँच टीम को शव परीक्षण के लिये बुलाया। जहाँ परीक्षण के दौरान मृतक के बाहरी शरीर पे कोई चोट या कट के निशान नहीं दिख। शव की आंतरिक जाँच के लिये उसे पोस्टमार्टम हाउस रायबरेली भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही स्थितियां स्पष्ट हो पायेंगी थानाध्यक्ष ने मृतक के परिजनों को जाँच में पुलिस द्वारा पूरा सहयोग करने की भी बात कहीं।

# सर्पदंश से बालिका की मौत

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**

घर के अंदर कमरे की फर्श पर गहरी नींद में सो रही 6 वर्षीय बालिका को जहरीले सांप ने डस लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे यहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए। जहां बालिका को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

जिला अस्पताल में इलाज के दौरान बालिका की मौत हो गई। बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के ग्राम आसत मोहिउद्दीनपुर निवासी प्रहलाद अपने बच्चों के साथ बीते गुरुवार की रात घर के अंदर कमरे की फर्श पर गहरी नींद में सो रहा था तभी अचानक मकान के अंदर ही गड्ढे से निकले जहरीले सर्प ने फर्श पर सो रही प्रहलाद की पुत्री अनीता 6 वर्ष के हाथ में डस लिया। सर्प के डसते ही बालिका चिल्लाई। जिससे मां बाप की नींद खुल गई। थोड़ी ही देर में बालिका की हालत बिगड़ने लगी। यह देखकर पिता प्रहलाद आनन-फानन उसे यहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जहां आज सुबह इलाज के दौरान बालिका की मौत हो गई।

# प्रेमी युगल को ग्रामीणों ने दी तालिबानी सजा

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**

बारासगवर थाना क्षेत्र में प्रेमिका के बुलाने पर पहुंचे प्रेमी को गुरुवार देररात ग्रामीणों ने रंगे हाथ पकड़ लिया। दोनों को एक-दूसरे से बांधकर जमकर पीटा। मौके पर मौजूद किसी ने प्रेमी युगल को एक-दूसरे से बांधकर पिटाई करने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। इस दौरान प्रेमी माफी के लिए मिन्नते करता रहा लेकिन पिटाई करने वालों का दिल नहीं पसीजा। पुलिस ने ग्रामीणों से दोनों को छुड़ाया। युवक

**▸ एक साथ रस्सी से बांध जमकर पीटा, वीडियो वायरल**

को गंभीर हालत में पुलिस ने अस्पताल में भर्ती कराया। युवक के परिजनों ने थाने में तहरीर दी है।

बारासगवर थाना क्षेत्र निवासी एक विवाहिता का गांव के ही अविवाहित युवक से प्रेम प्रसंग चल रहा था। बताते है कि गुरुवार की रात महिला के बुलाने पर युवक उसके घर पहुंच



गया। इसकी भनक मोहल्ले वालों लगी। उन्होंने दोनों को पकड़कर एक दूसरे से बांधकर जमकर धुनाई कर दी। इस दौरान प्रेमी ग्रामीणों से हाथ जोड़कर माफी मांगता रहा लेकिन उनका दिल नहीं पसीजा। घटना की जानकारी पर युवक के परिजनों ने बारासगवर थाने पहुंच कर पुलिस को सूचना दी।

परिजनों ने महुआखेड़ा गांव निवासी गेंदालाल पुत्र आल्हा, बिरजू पुत्र आल्हा, जगतु, सुरेश समेत अन्य के खिलाफमामले की लिखित तहरीर दी है। बताया जा रहा है कि महिला का पति तेलंगाना हैदराबाद में काम करता है। मामले में एसओ बारासगवर राजपाल ने बताया कि मारपीट हुई है। वायरल वीडियो की जांच कर कार्रवाई की जा रही है।

# खेत की रखवाली करने गये किसान की गोली मारकर हत्या

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**

बिहार थाना क्षेत्र के ग्राम लोनियनखेडा में शुक्रवार रात खेत की रखवाली कर रहे अधेड़ किसान की गोली मारकर हत्या कर दी गयी। घटना की पृष्ठभूमि में बीते बुधवार गांव में हुई मारपीट की घटना है। जिसमें एक युवक ने फायरिंग भी की थी। मृतक के बेटे द्वारा फायरिंग का वीडियो बनाए जाने की खुन्नस से बीतीरात हुई वारदात को जोड़कर देखा जा रहा है। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने सुबह जमकर हंगामा किया और शव नहीं उठने दिया। इसकी जानकारी पहुंचे एसपी ने परिजनों को समझा बुझाकर शांत कराया। मृतक की पत्नी की तहरीर पर चार लोगों को नामित करते हुए मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। एहतियात के तौर पर

**▸ आक्रोशित परिजनों ने काटा हंगामा, कप्तान ने संभाले हालात**

गांव में पुलिस फोर्स तैनात कर दिया गया है।

बिहार थाना क्षेत्र के ग्राम लोनियनखेडा गांव निवासी राजाराम (52) पुत्र स्व. श्यामलाल अपनी पत्नी शिवदेवी के साथ शुक्रवार शाम खेतों में खड़ी गेहूं की फसल की रखवाली करने गया था। पत्नी ने बताया कि वह जानवरों को खदेड़ने गयी। इसी दौरान गांव निवासी मंगल पुत्र दुल्ला उर्फ कमलेन्द्र, कमलेन्द्र पुत्र गजराज, बुद्धदेव पुत्र गजराज, शिवम पुत्र रविशंकर आदि ने सो रहे उसके



पति को पकड़ लिया और कनपटी में असलहा सटाकर गोली मार दी जिससे उसकी मौत हो गयी। गोली चलने की आवाज सुनकर जब वह वहां पहुंची तो टार्च की रोशनी में उसने चारों को भागते देखा। बता दें कि इसी गांव में बीते बुधवार को पुरानी रंजिश के चलते दो पक्षों में मारपीट के दौरान ईंट पत्थर चले थे। जिसमें एक पक्ष ने फायरिंग की थी। छर्रे लगने से अंशू पुत्र हरिशंकर घायल हुआ था। हरिशंकर की तहरीर पर पुलिस ने गांव के मंगल पुत्र दुल्ला, दुल्ला, रविशंकर को नामजद करते हुए मुकदमा दर्ज कर रविशंकर को गिरफ्तार किया था। इस मामले में मृतक राजाराम के बेटे महेश उर्फ छोटू ने फायरिंग का वीडियो बनाया था। शिवदेवी का आरोप है कि इसी खुन्नस में उसके पति की हत्या कर दी गयी। किसान की गोली मारकर हुई हत्या से ग्रामीण व परिजन आक्रोशित हो गए। जब पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने पहुंची तो ग्रामीणों ने आरोपियों की गिरफ्तारी न होने तक शव न उठाए जाने की बात कहकर हंगामा शुरू कर दिया। मामले की

### परिवार के भरण-पोषण का एक मात्र सहारा था मृतक

मृतक राजाराम के कुल छह बच्चे हैं। जिनमें बेटे हरिनाम (22), दिनेश (20), महेश उर्फछोटू (16) और बेटियों में वंदना (24), नंदिनी (17) व मूर्ति (12) हैं। एक बेटी वंदना का ही विवाह हुआ है। राजाराम खेती के अलवा परिवार के भरण पोषण के लिए रायबरेली के लालगंज में गन्ने के जूस का ठेला लगाता था। होली का पर्व मनाने के लिए ही वह मंगलवार गांव आया था।

### हत्या के वक्त गांव में मौजूद थी पुलिस

मृतक की पत्नी शिवदेवी के मुताबिक गांव में पुलिस घटना के वक्त मौजूद रही। हत्या होने के बाद उसने पुलिस से गुहार भी लगाई। जिसपर सिपाहियों ने ड्यूटी से न हटने और सारे गांव का ठेका न लेने की बात कहकर उन्हें चलता कर दिया। पुलिस की लापरवाही का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि गांव में पुलिस की मौजूदगी के बावजूद एक घंटे बाद पुलिस मौके पर पहुंची।

जानकारी पर सीओ बीघापुर विजय आनंद गांव पहुंचे और परिजनों को समझाने का प्रयास किया लेकिन बात नहीं बनी। इसके बाद एएसपी शशि शेखर सिंह और बाद में एसपी सिद्धार्थ शंकर मीना भी गांव पहुंचे। आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी और लापरवाह पुलिस कर्मियों पर सख्त कार्रवाई का भरोसा देकर ग्रामीणों को शांत कराया। इस दौरान गांव में बीघापुर, बिहार, बारासगवर आदि थानों का पुलिसबल मौजूद रहा। मृतक की पत्नी शिवदेवी की तहरीर पर चार लोगों को नामित करते हुए हत्या की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# कांग्रेस ने एलआईसी कार्यालय के बाहर किया प्रदर्शन

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**

बीघापुर नगर पंचायत स्थित भारतीय जीवन बीमा निगम कार्यालय के बाहर कांग्रेस की जिलाध्यक्ष आरती बाजपेई के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने केंद्र की भाजपा सरकार पर जमकर हमला बोला और एलआईसी जैसे सरकारी संस्थान को बेचने के आरोप लगाए। भारतीय जीवन बीमा कार्यालय के बाहर जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में बैठे दर्जनों कांग्रेसियों ने जहां सरकार विरोधी नारे लगाए वही भारत को अडानी के हाथ गिरवी रखने का आरोप लगाया। जिलाध्यक्ष आरती बाजपेई ने कहा कि केंद्र में चोरों की सरकार बन गई है जिससे अब सरकारी संस्थान भी सुरक्षित नहीं है। कांग्रेस ने ही देशवासियों को बचाया था अब चोरों का भगाने का काम भी कांग्रेस करेगी। वह दिन दूर नहीं जब एलआईसी के ग्राहक अपने पैसे के लिए मोहताज होंगे। उन्होंने कहा कि

### भरी हुंकार

शीर्ष नेतृत्व के आवाहन तथा कांग्रेस जिलाध्यक्ष आरती बाजपेई के निर्देश पर आम जनता की गाढ़ी कमाई डुबोकर अदानी समूह को लाभ पहुंचाने के विरोध में बांगरमऊ के कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नगर के हरदोई-उन्नाव रोड स्थित भारतीय जीवन बीमा निगम कार्यालय के सामने जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में अतुल, मो. रफी, अमित, मंसूर, सलमान, वरुण, संजीव, पप्पू, विशाल, वंशगोपाल तथा इकबाल आदि कार्यकर्ता शामिल हुए।

प्रदेश अध्यक्ष खाबरी के नेतृत्व में प्रदेश में 13 तारीख को राज्यपाल को केंद्र सरकार की देश को गिरवी रखने वाली नीतियों के विरुद्ध ज्ञापन सौंपा जाएगा। प्रदर्शन करने वालों में प्रमुख रूप से जिला महासचिव अनुराग सिंह, रामकिशोर, आंचल, बिंदा, रमेश, शीतला, प्रेमबाबू, विद्याधर, डॉ विजय यादव आदि रहे।

समृद्धि न्यूज़
हिन्दी दैनिक
समृद्ध समाज का आधार



# 75 साल दोस्ती के

हालिया भू-राजनीतिक समीकरणों में तेजी से आये बदलावों ने भारत-आस्ट्रेलिया को करीब ला खड़ा किया है। इन हालात में दोनों देशों के संबंधों के 75 साल पूरे होने ने नये रंग भरे हैं। जिसकी मिसाल है कि आस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने पहले भारत दौरे में गुजरात में खूब होली खेली। फिर वीरवार को भारत-आस्ट्रेलिया के बीच खेले जा रहे चौथे क्रिकेट टैस्ट मैच का लुत्फ उठाया। दरअसल, दोनों देशों के बीच मैत्री के 75 साल पूरे होने पर आयोजित शिखर सम्मेलन में भाग लेने हेतु अल्बनीज चार दिवसीय भारत यात्रा पर हैं। भारत रवाना होने से पहले अल्बनीज ने कहा था कि आस्ट्रेलिया-भारत के मध्य गहरी दोस्ती है, जो लोकतांत्रिक मूल्यों के साथ हमारे साझा हितों, लोगों के बीच संबंध और खेल में अनूठी प्रतिद्वंद्विता पर केंद्रित है। अल्बनीज अपने वरिष्ठ मंत्रियों और एक बड़े व्यापार प्रमुखों के प्रतिनिधिमंडल के साथ भारत आये हैं। हालांकि, अल्बनीज की यह पहली भारत यात्रा है लेकिन वे कई सम्मेलनों में पिछले साल तीन बार प्रधानमंत्री मोदी से मिल चुके हैं। इस शिखर सम्मेलन के अलावा इस साल आस्ट्रेलिया में क्वाड शिखर सम्मेलन तथा सितंबर में भारत में होने वाले जी-20 शिखर सम्मेलन में भी दोनों नेता मिलेंगे। दरअसल, दोनों देशों के संबंधों को रवानी 2020 में रणनीतिक साझेदारी के बाद मिली। आज करीब सात लाख भारतीय मूल के लोग आस्ट्रेलिया के सेवा व अन्य क्षेत्रों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। करीब नब्बे हजार से अधिक भारतीय छात्र आस्ट्रेलिया के विभिन्न विश्वविद्यालयों में अध्ययनरत हैं। वहीं कारोबारी रिश्तों में खासा उछाल आया है। उम्मीद है इस सालाना शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री अल्बनीज के साथ आये उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल के साथ कारोबारी रिश्तों को नयी दिशा मिलेगी। विश्वास है कि लेबर पार्टी की सरकार के दौरान दोनों देशों के बहुआयामी रिश्तों को बढ़ावा मिलेगा। वैसे हाल के वर्षों में भारत- आस्ट्रेलिया के रिश्तों में अभूतपूर्व उछाल देखने को मिला है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2014 में तीन दशक बाद किसी भारतीय प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी के आस्ट्रेलिया दौरे के बाद दोनों देशों के संबंधों को नये आयाम मिले हैं। इस बीच संबंध सुधारने के प्रयास तो होते रहे, लेकिन अपेक्षित परिणाम सामने नहीं आये। कालांतर दोनों लोकतांत्रिक देशों ने बेहतर तालमेल से रिश्तों की नयी इबारत लिख दी। सामारिक चुनौती तथा आर्थिक जरूरतों ने इन रिश्तों को रवानी दी। जिसमें भू-राजनीतिक समीकरणों की भी बड़ी भूमिका रही। दरअसल, चीन आस्ट्रेलिया का बड़ा आर्थिक साझेदार रहा है, लेकिन हाल के दिनों में दोनों के संबंधों में खटास आयी है। फिर आस्ट्रेलिया ने चीन पर निर्भरता कम करने के लिये व्यापार व विदेशी निवेश की भागेदारी के नये प्रयास किये। आस्ट्रेलिया चाहता था कि व्यापारिक साझेदारों के साथ विविधता लायी जाये। दरअसल, आस्ट्रेलिया अपनी अर्थव्यवस्था को सुरक्षित बनाना चाहता है। जिसके चलते भारत के साथ निवेश, व्यापार, ऊर्जा के वैकल्पिक स्रोतों, रक्षा, सुरक्षा और तकनीकी साझेदारी बढ़ाने के लिये आस्ट्रेलिया इच्छुक नजर आया। भारत को मजबूत रणनीतिक व कारोबारी साझेदार मानते हुए आस्ट्रेलिया ने रिश्तों को नये सिरे से परिभाषित किया। दरअसल, हाल के दिनों में चीन के साथ कारोबारी रिश्तों में आये गतिरोध के बाद आस्ट्रेलिया नये बाजार की तलाश में है। दोनों देशों के करीब आने की वजह भारत की अमेरिका व जापान के साथ क्वाड में सक्रिय साझेदारी भी है। लोकतांत्रिक व्यवस्था वाले इन देशों में साझेदारी का नैसर्गिक आधार भी है क्योंकि ये देश लोकतांत्रिक मूल्यों के पक्षधर भी हैं। विगत में दोनों देशों के बीच हुए संयुक्त सैन्य अभ्यासों ने संबंधों को नये आयाम दिये। क्वाड का सदस्य होने के नाते भारत ने त्रिपक्षीय ऑक्स साझेदारी के प्रति सकारात्मक प्रतिसाद भी दिया। चीन के साथ तल्ख हुए रिश्तों ने भी इस सामरिक साझेदारी की जरूरत को महसूस कराया। वहीं भारत हिंद प्रशांत क्षेत्र में चीन के निरंकुश व्यवहार पर लगाम लगाने के लिये आस्ट्रेलिया से दोस्ती को अपरिहार्य मानता रहा है। गत दिसंबर में लागू मुक्त व्यापार समझौता दोनों देशों के गहरे होते रिश्तों का पर्याय भी है।

# स्वास्थ्य की रक्षा प्राथम्य, समय की महत्ता को समझें

संजीव ठाकुर

**फिट इंडिया मूवमेंट आगामी कई वर्षों तक संचालित रहेगा स्वास्थ्य को लेकर अलग-अलग विषयों पर अभियान चलाया जाएगा शुरुआत शारीरिक फिटनेस से, फिर भोजन की आदतें, तीसरे वर्ष पर्यावरण अनुकूलता और जीवन शैली पर प्रभाव, फिर रोगों तथा बीमारियों को दूर करने के तरीकों के प्रति लोगों को जागरूक किया जाएगा। विश्व स्वास्थ्य संगठन तथा भारत सरकार की स्वास्थ्य रिपोर्ट के अनुसार 1990 से लेकर 1920 के बीच गैर संक्रामक बीमारियां बढ़ने की दर 55 प्रतिशत हो गई है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार कुपोषण के आंकड़े और भी ज्यादा गंभीर है। भारत सरकार की स्वास्थ्य रिपोर्ट के अनुसार हार्ट फेल, टी बी, अस्थमा डायबिटीज और क्रॉनिक किडनी डिजीज की वजह से देश में सबसे ज्यादा मृत्यु होती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार सबसे स्वस्थ्य देशों की सूची में भारत का प्रदर्शन काफी निराशाजनक है। इस रिपोर्ट के अनुसार स्वास्थ्य की सूची में स्पेन पहले नंबर पर है और भारत 120 वें नंबर पर है। भारत के संदर्भ में यह आंकड़े अत्यंत प्रतिकूल हैं, यह दर्शाते हैं कि भारत की आम जनता स्वास्थ तथा फिटनेस के प्रति कितनी गैर जिम्मेदार है। स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही के कारण हर साल भारत में हजारों लोग मृत्यु को प्राप्त हो जाते हैं। स्वास्थ्य गत कमी के कारण लोगों की मृत्यु तो होती ही है, साथ में आर्थिक क्षति की बहुत बड़ी होती है। इतनी ज्यादा मृत्यु तथा आर्थिक क्षति से देश की प्रगति तथा विकास में भी बाधा उत्पन्न होती है। भारत में वस्तुतः सभी प्रकार की बीमारी का मूल कारण भारतीय जनमानस की अनियमित जीवन शैली है।**

मानव जीवन में स्वास्थ्य सबसे बड़ा धन होता है। मनुष्य यदि स्वास्थ्य नहीं रहता तो वह न तो परिवार व समाज में रचनात्मक भूमिका निभा सकता है और न ही राष्ट्र निर्माण में योगदान दे सकता है।

इसी तरह समय को भी धन ही कहा जाता है समय का जो सही सदुपयोग करता है वह उन्नति के शिखर पर होता हैस मजबूत राष्ट्र सदैव समय की कीमत समझता है और जो समय की कीमत समझता है समय उसकी कीमत समझता है। समय का सही सदुपयोग न करने वाले अस्वस्थ मनुष्य का जीवन निराश एवं कुंठा ग्रस्त रहता हैस इसीलिए स्वास्थ्य को जीवन का अनमोल रत्न माना जाता है या यूं कहें कि स्वास्थ्य ही धन होता हैस इसीलिए भारत में 2019 को राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर फिट इंडिया अभियान की शुरुआत की गई, जिसके माध्यम से लोगों को खेल और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया जाना है जिससे स्वस्थ भारत स्वच्छ भारत और सशक्त भारत का निर्माण हो सकेस भारत को एक प्रगतिशील एवं मजबूत राष्ट्र बनाने की आवश्यकता हैस इसी संदर्भ में भारत सरकार द्वारा एक महत्वकांक्षी योजना बनाकर इसके माध्यम से लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना हैस इस अभियान को जन आंदोलन के रूप में पूरे भारत में विस्तृत कर पूरे भारतीय जनमानस को स्वास्थ्य के प्रति स्वच्छता के प्रति लगाव पैदा कर पूर्व संपूर्ण भारत को स्वस्थ बनाने का धीरे लेकर आगे बढ़ना होगा।




फिट इंडिया मूवमेंट आगामी कई वर्षों तक संचालित रहेगा स्वास्थ्य को लेकर अलग-अलग विषयों पर अभियान चलाया जाएगा शुरुआत शारीरिक फिटनेस से, फिर भोजन की आदतें, तीसरे वर्ष पर्यावरण अनुकूलता और जीवन शैली पर प्रभाव, फिर रोगों तथा बीमारियों को दूर करने के तरीकों के प्रति लोगों को जागरूक किया जाएगा। विश्व स्वास्थ्य संगठन तथा भारत सरकार की स्वास्थ्य रिपोर्ट के अनुसार 1990 से लेकर 1920 के बीच गैर संक्रामक बीमारियां बढ़ने की दर 55 प्रतिशत हो गई है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार कुपोषण के आंकड़े और भी ज्यादा गंभीर है। भारत सरकार की स्वास्थ्य रिपोर्ट के अनुसार हार्ट फेल, टी बी, अस्थमा डायबिटीज और क्रॉनिक किडनी डिजीज की वजह से देश में सबसे ज्यादा मृत्यु होती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार सबसे स्वस्थ्य देशों की सूची में भारत का प्रदर्शन काफी निराशाजनक है। इस रिपोर्ट के अनुसार स्वास्थ्य की सूची में स्पेन पहले नंबर पर है और भारत 120 वें नंबर पर है। भारत के संदर्भ में यह आंकड़े अत्यंत प्रतिकूल हैं, यह दर्शाते हैं कि भारत की आम जनता स्वास्थ तथा फिटनेस के प्रति कितनी गैर जिम्मेदार है। स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही के कारण हर साल भारत में हजारों लोग मृत्यु को प्राप्त हो जाते हैं। स्वास्थ्य गत कमी के कारण लोगों की मृत्यु तो होती ही है, साथ में आर्थिक क्षति की बहुत बड़ी होती है। इतनी ज्यादा मृत्यु तथा आर्थिक क्षति से देश की प्रगति तथा विकास में भी बाधा उत्पन्न होती है। भारत में वस्तुतः सभी प्रकार की बीमारी का मूल कारण भारतीय जनमानस की अनियमित जीवन शैली है। लोग अपने स्वास्थ्य पर ध्यान नहीं देते, व्यायाम करने की जगह आराम करना पसंद करते हैं, जिस कारण भारत में स्वास्थ्य संकट दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है और इसीलिए फिट इंडिया मूवमेंट के संचालन की आवश्यकता बढ़ गई है, जिससे लोगों को उनकी सेहत के प्रति जागरूक किया जाना अत्यंत आवश्यक है। पूरा विश्व स्वास्थ्य के प्रति जागरूक है पड़ोसी देश चीन ने स्वस्थ चाइना मिशन 2030 तक चलाने का एक कार्यक्रम बनाया है। ऑस्ट्रेलिया ने भी वर्ष 2030 तक अपने नागरिकों को आलस भगाने तथा शारीरिक गतिविधियां बढ़ाने का मिशन चलाया है। जर्मनी ने फिट इनडीड ऑफफैट अभियान चला रखा है। अमेरिका भी एक विशाल देश है जहां 32 करोड़ जनसंख्या है, उसने भी अपने नागरिकों को स्वस्थ तथा फिट रखने का अभियान चलाकर लोगों को फिटनेस ट्रेनिंग मुहैया करा दी है। मूलतः स्वस्थ रहने से अनेक बीमारियां स्वतह दूर चली जाती हैं, एवं बीमारियों में होने वाला खर्च की बचत भी होती है। इसके अलावा स्वस्थ व्यक्ति की कार्य क्षमता अत्यधिक बढ़ जाती है। स्वस्थ शरीर, स्वस्थ मन राष्ट्रीय निर्माण में सहायक होता है। नियमित व्यायाम तथा योगा करने से हार्ट, डायबिटीज, ब्लड प्रेशर आदि की बीमारियों से बचा जा सकता है हिंदुस्तान में हृदय रोग डायबिटीज और ब्लड प्रेशर के लाखों मरीज हैं, और सबसे ज्यादा इलाज में इन्हीं लोगों में धनराशि खर्च की जाती है अतः जनमानस को स्वस्थ रखकर इन बीमारियों से दूर रखने के लिए भारत सरकार ने फ्रिट इंडिया मूवमेंट चला रखा है जिससे जनमानस का स्वास्थ अच्छा रहकर विकास तथा प्रगति की राह पर इनके योगदान को बढ़ाया जा सके। शारीरिक स्वास्थ्य में सुधार व्यक्ति के जीवन में पारिवारिक व्यक्तिगत संबंधों एवं व्यवसाय तथा आर्थिक गतिविधियों एवं हर सामाजिक पहलू पर इसका सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। इसके अतिरिक्त स्वास्थ्य पर होने वाले खर्च को भी कम करके आप परिवार तथा समाज में सहायता प्रदान कर सकते हैं, एवं इससे आपको आर्थिक लाभ का भी फायदा होता है। भारत में यदि स्वस्थ्य जनमानस होगा तो सकल घरेलू उत्पाद में 2ध्तक की वृद्धि हो सकती है उत्पादकता और आय में बढ़ोतरी होगी क्योंकि स्वास्थ्य में सुधार होने से बीमारी में होने वाले खर्च में बहुत कमी होने की संभावना होती है।

इस तरह राष्ट्रीय परिपेक्ष में आमजन को स्वस्थ रहना सरकार की सफलता ही होगी। क्योंकि व्यक्ति से समाज बनता है और समाज से राष्ट्र बनता है एक व्यक्ति का मस्तिष्क तथा शरीर यदि स्वस्थ रहें तो संपूर्ण समाज स्वस्थ रहेगा और इस तरह संपूर्ण राष्ट्र स्वस्थ रहेगा और स्वस्थ रहने से सकारात्मक ऊर्जा का संचार पूरे देश में होगा। इस तरह राष्ट्र की प्रगति तथा विकास द्रुत गति से होने लगेगा, अतः स्वस्थ रहें मस्त रहें और यह समझ ले कि स्वास्थ ही एक बड़ा धन होता है।

## विचार

# कैलेंडर चला गया

फिल्म अभिनेता, निर्देशक सतीश कौशिक का असामयिक निधन फिल्म जगत के साथ-साथ उनके तमाम दर्शकों, प्रशंसकों के लिए बेहद दुखद खबर है। 66 बरस के सतीश कौशिक रूपहले पर्दे पर एक हास्य अभिनेता के तौर पर प्रतिष्ठित थे ही, वे असल जिंदगी में भी जिंदादिल इंसान माने जाते थे। हरियाणा के महेंद्रगढ़ में 13 अप्रैल, 1956 को जन्मे सतीश कौशिक की उच्च शिक्षा दिल्ली में हुई और कर्मभूमि मुंबई बनी। दिल्ली के किरोड़ीमल कॉलेज से स्नातक करने के बाद उन्होंने राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय में रंगमंच की दीक्षा ली और उसके बाद भारतीय फिल्म व टेलीविजन संस्थान से पर्दे पर अभिनय, निर्देशन, संवाद लेखन के गुर सीखे। मुंबई उनके लिए सपनों का शहर ही नहीं, सपनों को हकीकत में बदलने और जिंदगी की सीख देने वाला शहर था। मुंबई की इस दरियादिली के लिए उन्होंने ट्विटर पर लिखा था कि मैं पश्चिम एक्सप्रेस से 9 अगस्त 1979 में एक्टर बनने के लिए मुंबई आया था। 10 अगस्त को मेरी पहली सुबह मुंबई में ही थी। मुंबई ने मुझे खुश रहने के लिए काम, दोस्त, पत्नी, बच्चे, घर, प्यार, सुकून, संघर्ष, सफलता, विफलता और साहस दिया। सुप्रभात मुंबई और उन सभी का शुक्रिया जिन्होंने मुझे वो सब दिया जो मैंने सपने में भी नहीं सोचा था। कई नामचीन कलाकारों की तरह सतीश कौशिक ने भी हुनर का धनी होने के बावजूद फिल्म इंडस्ट्री में काम और पहचान पाने के लिए कड़ा संघर्ष किया। आजीविका के लिए छोटे-मोटे काम किए। लेकिन उन्होंने अपने जीवन व्यवहार में तल्खी नहीं आने दी। उनका नाम लेते ही हंसता-मुस्कुराता चेहरा याद आता है और यही सहज मुस्कान उनकी अमिट पहचान बनी रही। अपनी मृत्यु से कुछ पहले वे अपने मित्र के साथ दिल्ली में होली मना रहे थे और इसी दौरान उन्होंने बेचैनी की शिकायत की। उन्हें नजदीक के अस्पताल ले जाया गया, लेकिन वहां पहुंचने से पहले सतीश कौशिक दम तोड़ चुके थे। माना गया कि उनकी मौत हृदयाघात से हुई है। हालांकि डॉक्टरों ने इस पर संदेह किया, तो दिल्ली पुलिस ने उनके शव का पोस्ट मार्टम भी कराया, लेकिन उसमें कुछ भी संदेहास्पद नहीं मिला। इसलिए दिल के दौरे को ही फिलहाल मौत का कारण माना जा रहा है। कोरोना के बाद से अच्छे-खासे नजर आने वाले इंसानों की दिल के दौरे से मौत के मामले काफी बढ़ गए हैं। समाज में यह एक नए खतरे की तरह उभर गया है, जिसका निदान ढूंढना डॉक्टरों के लिए बड़ी चुनौती है। सतीश कौशिक की आखिरी इंस्टाग्राम पोस्ट पर होली मनाते हुए उनकी कुछ तस्वीरें हैं और एक पोस्ट भी, जिसमें उन्होंने बताया कि वे जावेद अख्तर के जुहू स्थित बंगले पर कुछ और फिल्म कलाकारों के साथ होली मना रहे हैं। यानी आखिरी वक्त तक सतीश कौशिक जीवन के रंगों का आनंद लेते रहे। लेकिन इन रंगों की अंतिम सच्चाई मौत का काला रंग है, जिससे कोई भी नहीं बच सकता। सतीश कौशिक के निधन पर उनके प्रशंसकों को कैलेंडर, पप्पू पेजर और मुत्तू स्वामी जैसे उनके किरदार बेसाख्ता याद आए, जो उन्होंने फिल्मों में निभाए हैं। मि. इंडिया फिल्म में अनिल कपूर, श्रीदेवी और अमरीश पुरी जैसे दिग्गज कलाकारों के होते हुए भी कैलेंडर की भूमिका निभाने वाले सतीश कौशिक का किरदार लोगों को हमेशा याद रहा। इसकी वजह केवल पात्र का नाम कैलेंडर होना ही नहीं है, उनका अभिनय भी इस तरह रहा कि वे सहनायक की तरह किनारे नहीं दिखे, अदाकारी की एक अलग लकीर उन्होंने खींच दी। यही पप्पू पेजर जैसे किरदार के साथ भी था, जिसमें सूचना क्रांति के दौर के आगाज का संकेत देता हुआ पेजर शब्द पप्पू नाम के साथ मिला दिया गया और सतीश कौशिक ने दीवाना मस्ताना फिल्म में अपने इस छोटे से किरदार को हमेशा के लिए यादगार बना दिया।



सतीश कौशिक की पहचान हिन्दी फिल्मों में हास्य अभिनेता के तौर पर बनी, हालांकि वे खुद इस से इत्तेफाक नहीं रखते थे। उनका कहना था कि मैं जो भी किरदार करता हूं, वह एक अभिनेता के तौर पर ही करता हूं। वह किरदार कॉमेडी का हो सकता है लेकिन मैं कॉमेडियन नहीं हूं। वैसे सतीश कौशिक ने वेब सीरीज स्कैम 1992 में ब्लैक कोबरा यानी मनु मानिक के नकारात्मक किरदार को निभाया। फिल्म सूरमा में दिलजीत दोसांझ के पिता की भूमिका की, जो संजीदा थी। फिल्म जाने भी दो यारो में उन्होंने भूमिका निभाई, साथ ही इसके संवाद भी लिखे। इसके अलावा तेरे नाम, हम आपके दिल में रहते हैं और रूप की रानी, चोरों का राजा जैसी फिल्मों का निर्देशन भी किया। व्यावसायिक फिल्मों के अलावा सारा गैवरन की ब्रिटिश फिल्म ब्रिक लेन और अभय देओल के साथ रोड नाम की गैर व्यावसायिक फिल्में भी सतीश कौशिक ने की। लेकिन एक अभिनेता के तौर पर सतीश कौशिक मुकम्मल होते हैं, सेल्समैन रामलाल, नाम के नाटक से। सुप्रसिद्ध लेखक आर्थर मिलर के नाटक डेथ ऑफ ए सेल्समैन का यह नाटक हिंदी रूपातंरण है। इस नाटक में सतीश कौशिक ने ऐसा कमाल का अभिनय किया, कि चार साल तक इसके अनेक शो होते रहे। सतीश कौशिक का मानना था कि थियेटर से उनकी कला को नया आयाम मिलता है, लेकिन जिंदगी की जरूरतें अलग होती हैं और इसलिए उन्हें व्यावसायिक फिल्मों में आना ही पड़ा। अपने पूरे जीवन में सतीश कौशिक ने हर सुख-दुख को हिम्मत के साथ अपनाया। दो साल के बेटे की असामयिक मौत, उसके कई साल बाद सरोगेसी से बेटी का जन्म, फिल्मों की सफलताएं, असफलताएं, सब कुछ वे हंसते-मुस्कुराते अपनाते चले गए और इसी तरह जीवन का अंतिम सफर भी तय किया। इस साल के कैलेंडर का एक दिन कैलेंडर की याद को अमर कर गया।

## साहित्य

### नयापन




## तुम्हें कुदरत ने इंसान बनाया...

अजय शोभने

तुम्हें कुदरत ने इंसान बनाया,
इंसान ही तुमको बनना है,
राह कठिन है सच्चाई की, और
तुमको उस पर चलना है।
सहनशीलता बनी रहे जीवन में,
ईर्ष्या का न भाव रहे,
हमें मिला है, मिले सभी को, हृदय
में ऐसी चाह रहे।
कष्टकंटकों में हो कोई, तो तुम को
हमदर्दी रखना है,
अहं भाव तज सुने सभी की और
सहायक बनना है।
तुम्हें कुदरत ने इंसान बनाया,
इंसान ही तुमको बनना है,
राह कठिन है सच्चाई की, और
तुमको उस पर चलना है।
जैसी कथनी वैसी करनी की
स्पष्टता से पहचान रहे,
मिथ्या भाषी, ठग विद्या का, जीवन
में न स्थान रहे।
कठिनाइयों का करें सामना, उनसे
कभी न डरना है,
जियो और जीने दो की राह चुनें,
हिंसा भाव को तजना है।
तुम्हें कुदरत ने इंसान बनाया,
इंसान ही तुमको बनना है,
राह कठिन है सच्चाई की, और
तुमको उस पर चलना है।
सलाह किसी को दो तो, उसके
हित का भाव रखें,
भरोसेमंद रहो इतना कि, तुम पर
सब विश्वास करें।
सलाह किसी की लो, पर ध्यान के
साथ चलना है,
चाल चलन हो सूरज सा और
सूरज सा ही ढलना है।

## झरोखा





# राशिफल

**मेष:-** किसी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी में ब्यस्तता से मन बोझिल होगा। निराशा त्याग मन को आशावादी विचारों से सिंचित करें। किसी महत्वपूर्ण क्षेत्र में सगे-संबंधियों का लाभ मिलेगा। कार्यक्षेत्र में कार्य क्षमता का लाभ मिलेगा।

**बृषभ:-** भौतिक आकांक्षाएं बलवती होंगी। राजनीति से जुड़े लोगों की क्रियाशीलता बढ़ेगी। परिजनों से किसी प्रकार की शिकायत पर खुलकर बात करें। खराब संगत से दूरी बनाकर रखें। शिक्षा में परिश्रम तीव्र होगा।

**मिथुन:-** महत्वपूर्ण घरेलू दायित्वों की पूर्ति हेतु मन में चिंता संभव। कायरे की अत्याधिक व्यस्तता से मन बोझिल होगा। पारंपरिक कायरें में व्यस्तता बढ़ेगी। जीवन साथी से भावनात्मक स्नेह प्राप्त होगा।

**कर्क:-** क्रोध व शंकाए छोड़ संबंधों में प्यार बिखेरेंगे। कार्यक्षेत्र में ब्यस्तता बढ़ेगी। क्षमता से अधिक व्यय भविष्य के लिए चिंता उत्पन्न करेगा। किसी नये कार्य की ओर मन केंद्रित होगा। घर में खुशहाल स्थिति रहेगी।

**सिंह:-** जीविका क्षेत्र में नये आयाम उत्साहित करेंगे। पुरानी समस्याओं को हल कर सुख की अनुभूति करेंगे। आकस्मिक नई आशंकाओं से प्रभावित मन कोई गलत निर्णय लेकता है। जीवन साथी के साथ मधुरता बनायें।

**कन्या:-** किसी महत्वपूर्ण कार्य में धनाभाव अवरोधक होगा किंतु प्रियजनों के सहयोग से समस्याएं हल होंगी। अच्छी आशाएं आप में क्रियाशीलता बढाएंगी। परिवार में सुखद माहौल बनेगा। जरूरी कायरे को समय से करें।

**तुला:-** हर समय स्वयं को लाचार बनाये रखना अच्छा नहीं है। समय का पूर्ण उपयोग करें और स्वयं को सकारात्मक दिशा की ओर केंद्रित करें। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव।

**वृश्चिक:-** शासन-सत्ता के सहयोग से कार्यक्षेत्र के अवरोध समाप्त होंगे। तामसी व गैर सांस्कारिक कायरे की ओर आकर्षित मन पर अंकुश लगाने का प्रयास करें। जरूरी कायरे को समय से पूर्ण करने का प्रयास करें।

**धनु:-** कोई नई योजना उत्साहित करेगी। भौतिक जगत की चकाचौंध प्रभावित होंगे। रोजगार से जुड़े लोगों को लाभ के अच्छे अवसर प्राप्त होंगे। महत्वपूर्ण कार्य में सफलता मिलेगी। व्यवहारकुशलता द्वारा मान-मर्यादा बढ़ेगी।

**मकर:-** कुछ बालसुलभता व असंयमित शब्दों का प्रयोग सगे-संबंधियों में कटुता ला सकता है। नैतिक जिम्मेदारियों में सजगता काबिले तारीफहोगी। पूर्वाग्रहवश मन में संबंधों के प्रति नकारात्मकता को कतई न पाले।

**कुंभ:-** अपनी दिनर्चया को सुधार समय का पूर्ण उपयोग करें। संतान संबंधी दायित्वों के प्रति मन में चिंता होगी। पारिवारिक जरूरतों की पूर्ति हेतु साधनाभाववश मन चिंतित होगा। मधुर वाणी से संबंधों में प्रभावशाली होंगे।

**मीन:-** भौतिक सुख-साधनों की ओर मन आकर्षित होगा। कुछ नये उत्साह व कार्य क्षमता की अनुभूति करेंगे। कुछ नई प्रबल इच्छाएं आपको उद्वेलित करेंगी। परिश्रम द्वारा मिल रहे नये अवसरों का भरपूर लाभ उठा पाएंगे।

# शहीदों की सम्मनित वीरांगनाएं

*आदित्य नारायण*

राजस्थान में शहीद सैनिकों की विधवाओं को लेकर जिस प्रकार की ओछी राजनीति हो रही है वह पूर्णतः अनुचित और राष्ट्र पर अपना जीवन बलिदान करने वाले रणबांकुरों के सम्मान को कम करने वाली है। शहीद न तो किसी एक राजनैतिक दल के होते हैं और न ही विशेष वर्ग के होते हैं बल्कि वे पूरे राष्ट्र का गौरव होते हैं, अतः उनकी शहादत पर सियासत करना खुद सियासतदानों की तंग नजरी का सबूत ही कहा जा सकता है।

तीन शहीदों की वीरांगनाओं को लेकर जिस प्रकार राज्य के राज्यसभा सदस्य श्री किरोड़ी लाल मीणा पिछले नौ दिन से धरने पर बैठे हुए हैं उससे यह संकेत जा रहा है कि राज्य के मुख्यमन्त्री श्री अशोक गहलौत वीरांगनाओं की मांगों के प्रति संवेदनहीन हैं जबकि हकीकत इसके पूरी तरह उलट है और वह यह है कि राजस्थान के घोषित 'शहीद पैकेज कानून' के अनुसार वीरांगनाओं को पूरी मदद दी जा चुकी है। उनके खातों में पचास लाख रुपए की रकम पहुंचा दी गई है और उनकी मूर्तियां भी सार्वजनिक स्थलों पर लगा दी गई हैं तथा कई स्कूलों के नाम भी शहीदों के नाम पर रख दिये गये हैं। साथ ही शहीदों के मां-बाप के खातों में भी पांच-पांच लाख रुपए की रकम बैंक सावधि योजना में जमा करा दी गई है। कारगिल युद्ध के बाद जब विभिन्न राज्य सरकारों ने शहीद पैकेज योजनाएं शुरू की थीं तो राजस्थान सरकार की यह योजना पूरे देश में सर्वोत्तम आंकी गई थी। इस योजना के तहत सरकार शहीद के एक बेटा या बेटी को सरकारी नौकरी देने की भी गारंटी देती है। इसी मामले में शहीदों की वीरांगनाओं को गफलत में डाल दिया गया लगता है। गहलौत सरकार प्रत्येक शहीद की सन्तान को सरकारी नौकरी देने की गारंटी दे रही है मगर तीन में से दो वीरांगनाएं मांग कर रही हैं कि उनकी औलाद की जगह उनके शहीद पति के छोटे भाई अर्थात देवर को नौकरी दी जाये। यह मांग पूरी तरह शहीद के परिवार के प्रति नाइंसाफी दिखाती है। इसकी वजह यह है कि शहीद के पुत्र या पुत्री को बालिग होते ही सरकारी नौकरी पाने का हक रहता है। उसके इस हक को राजस्थान की किसी भी पार्टी की सरकार मार नहीं सकती। शहीदों के गांव तक पक्की सड़क बनाने की मांग भी गहलौत सरकार ने स्वीकार कर ली है मगर औलाद की जगह देवर को नौकरी देकर वह शहीद की विधवा और उसके बच्चों



का भविष्य अंधकारमय नहीं बना सकती। यह बात इतनी सीधी है कि खुद किरोड़ी लाल मीणा को ही वीरांगनाओं को समझानी चाहिए मगर हो उल्टा रहा है। सांसद महोदय दलील दे रहे हैं कि मुख्यमन्त्री को पैकेज के नियम व कानून ही बदल देने चाहिए। यदि एक बार में पैकेज कानून बदला जाता है तो कल को इससे भी इतर मांगें राजनैतिक आवरण में उठाई जा सकती हैं और शहीद पैकेज कानून को 'फुटबाल' बनाया जा सकता है।राजनैतिक हित साधने के लिए वीरांगनाओं से छल नहीं किया जा सकता और उसके बच्चों को उनके वाजिब हक से महरूम नहीं रखा जा सकता। इस कानून में तो यहां तक प्रावधान है कि यदि शहीद की कोई पत्नी शहादत के समय गर्भवती है तो सरकारी नौकरी उसकी होने वाली सन्तान के लिए आरक्षित रहेगी।

इस न्यायपूर्ण कानून पर केवल राजनैतिक हित साधने की गरज से विवाद खड़ा करना पूरी तरह वीरांगनाओं के अधिकारों के खिलाफ ही कहा जायेगा। सभी राजनैतिक दलों को इस मुद्दे पर गंभीरता पूर्वक विचार करना चाहिए और सोचना चाहिए कि शहीदों की विरासत पर किसी तरह से भी दाग न लग सके। देवर को नौकरी देने की अनुचित जिद के पीछे पारिवारिक कारण भी हो सकते हैं क्योंकि राजस्थान का समाज पुरानी रूढियों से अभी तक किसी न किसी स्वरूप में बंधा हुआ माना जाता है। कानून और नियम समाज को आगे की ओर ले जाने के लिए ही बनते हैं अतः बहुत आवश्यक है कि सभी राजनैतिक दल समाज को आगे की तरफले जाने में अपनी सक्रिय भूमिका निभायें। शहीद पैकेज कानून में जिस तरह शहीद की औलाद को संरक्षण दिया गया है उसमें ढिलाई बरतने का मतलब उसकी शहादत का सही मूल्यांकन न करना ही कहा जायेगा क्योंकि पिता की विरासत पर पहला हक उसकी सन्तान का ही होता है। इस हक को भी सियासत का मोहरा बना देने का प्रयास केवल यही संकेत देता है कि राजनीति कितनी बेरहम हो सकती है जबकि राजनीति का पहला काम किसी भी इंसान या भारतीय नागरिक के मूलभूत अधिकारों की रक्षा करना ही होता है। भारत के नागरिक तो वैसे भी अपने शहीदों का बहुत सम्मान करते हैं और सैनिकों को बहुत ऊंचे पायदान पर रख कर देखते हैं। भारतीय समाज किसी सैनिक को देखते ही राष्ट्र गौरव के भाव से भर जाता है अतः उनकी वीरांगनाओं का सम्मान भी समाज पूरी निष्ठा के साथ करता है। उनके सम्मान की रक्षा करने के लिए दल-गत राजनीति की कतई जरूरत नहीं है बल्कि एक स्वर से उनके उज्वल भविष्य की व्यवस्था करना है।

स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक: जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक- जितेन्द्र सिंह* मो. : 9554964672
फोन नं. 0522-4077632, 3083627 , *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी। समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। RNI No. UPHIN/2013/55887 Email : samradhinews@gmail.com

# मकान मालिक वीर सिंह ही निकला शहनाज का कातिल

समृद्धि न्यूज । उरई (जालौन)

▸ एसओजी, कोतवाली पुलिस ने 24 घंटे में सुलझाई हत्या की गुत्थी

एसओजी सर्विलांस सेल व कोतवाली पुलिस की संयुक्त टीम ने 24 घंटे के अंदर हत्या की गुत्थी सुलझाने में सफलता हासिल की है। जिसमें मकान मालिक ही निकला महिला का हत्यारा जिसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। मामले का खुलासा क्षेत्राधिकारी ने कोतवाली परिसर में किया।

क्षेत्राधिकारी सदर गिरजा शंकर त्रिपाठी ने खुलासा करते हुए बताया कि कानपुर देहात के अकबरपुर थाना क्षेत्र के धरऊ गांव निवासी अरमान उरई के मोहल्ला पुलिस लाइन बघौरा में वीर सिंह के मकान में अपनी 28 वर्षीय पत्नी शहनाज व बच्चों के साथ रहता था। बताया गया कि अरमान शादी समारोह में बर्तन धोने का काम करता था। जिसके चलते बुधवार को वह एक काम करने कोंच गया था।



जबकि उसकी पत्नी शहनाज अपनी छोटी बेटी चाहत के साथ घर में अकेली थी। गुरुवार सुबह शहनाज संदिग्ध हालात में मृत अवस्था में अपने कमरे में मिली थी। मृतका की ननद चंदा ने बताया था, कि जब वह कमरे में गई तो शहनाज बिस्तर पर मृत अवस्था में पड़ी थी, और उसके गले में चोट के निशान थे। जिसने आरोप लगाया था कि उसकी भाभी की हत्या की गई है। मौके पर पहुंचे सीओ सिटी व एसओजी टीम को महिला की हत्या होने के कुछ पुख्ता सुराग मिले थे। वही महिला की मौत की बात से मकान मालिक वीर सिंह निवासी मोहल्ला बघौरा भी फरार था। किसी तरह शुक्रवार सुबह ही एसओजी व कोतवाली पुलिस ने फरार मकान मालिक वीर सिंह को पकड़ लिया। जिसने पूछताछ में शहनाज की हत्या करना कुबूल करते हुए बताया कि नशे की हालत में था और युवती के घर में अकेले होने की सूचना के बाद वह बदनीयती से कमरे में घुसा था। जहां महिला के विरोध करने पर उसने गला घोटकर उसकी हत्या कर दी थी।

# डीएम एसपी ने किया मिश्रित होली मेले महोत्सव का निरीक्षण

समृद्धि न्यूज सीतापुर

▸ इस बार होली मेले को महोत्सव के रूप में मनाया जा रहा है एवं रामायण कान्क्लेव का भी आयोजन किया जा रहा है।

जिलाधिकारी अनुज सिंह एवं पुलिस अधीक्षक घुले सुशील चन्द्रभान ने अगामी होने वाले मिश्रित होली मेले महोत्सव का निरीक्षण एवं बीफिंग की। बीफिंग के दौरान जिलाधिकारी अनुज सिंह ने कहा कि अभी तक गत वर्षों में होली मेले का आयोजन होता रहा है। इस बार होली मेले को महोत्सव के रूप में मनाया जा रहा है एवं रामायण कान्क्लेव का भी आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मेले मैदान की क्षमता के अनुरूप भी? नियन्त्रण हेतु रणनीति बना ली जाये। प्रवेशद्वार, निकासद्वार, पार्किंग आदि की व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर ली जाये। अराजक तत्वों के प्रवेश पर नियंत्रण रखा जाये। विद्युत विभाग विद्युत के संबंधित किये गये कार्यो की समीक्षा कर प्रमाण पत्र संबंधित अधिकारी को उपलब्ध करा दे। एम्बुलेन्स एवं मेडिकल टीम की उपस्थिति अनिवार्य की जाये। पण्डाल और आने जाने वाले रास्तों में प्रकाश की उचित व्यवस्था सुनिश्चित कर ली जाये। अग्निशमन की वाहनों की तैनाती सुनिश्चित कर ली जाये। पुलिस अधीक्षक घुले सुशील चन्द्रभान ने कहा कि यह पहला अवसर है कि जब होली मेले को महोत्सव का रूप दिया जा रहा है अतः जिन पुलिस कर्मियों की जिस जगह डय्टी सुनिश्चित की गयी है वह उसी जगह अपनी डय्टी पूरी निष्ठा और लगन के साथ करेंगे किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। डय्टी में लगे हुये पुलिसकर्मी अपनी डय्टी का स्थान छोड़कर किसी और स्थान पर नहीं जायेगा।

# प्रशासन गांव की ओर जनचौपाल का करुई बुजुर्ग में आयोजन

समृद्धि न्यूज। कुसमिलिया (जालौन)



डकोर ब्लॉक के ग्राम करूई बुजुर्ग में सेक्टर प्रभारी की अध्यक्षता में प्रशासन गांव की ओर जन चौपाल लगाई गई। जिसमें ग्रामीणों के आवास, बिजली, पानी, राशनकार्ड आदि समस्याओं पर चर्चा की गई। जन चौपाल में सेक्टर प्रभारी एडीओ हरीश राठौर ने कहा गांव में लोगों को अपने आवास, राशनकार्ड, पेंशन आदि छोटे मोटे कामों के लिए किसी को माध्यम ना बनाएं। बल्कि सीधे कर्मचारियों या फिर अधिकारियों से मिलकर समस्या बताएं। जिससे उनकी समस्या का समाधान किया जा सके। पंचायत सचिव किरन रावत को गांव में सभी व्यवस्थाएं ठीक रखने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत की खाली पड़ी जगह में नेपियर घास रोपण करें जिससे गौशाला के मवेशियों को हरा चारा खिलाया जाएं। जनचौपाल में प्रधानमंत्री आवास योजना के पात्रों से जल्द निर्माण कार्य कराने लिए कहा गया और राशन कार्ड सत्यापन किए गए। 15 ग्रामीणों के श्रम पंजीयन किए गए व गांव की शिक्षा एवं स्वास्थ्य व्यवस्था पर भी अधिकारियों ने चर्चा की। इस मौके पर प्रधान बाके बिहारी राजपूत, पशु चिकित्सा अधिकारी नितिन गुप्ता, रोजगार सेवक प्रदीप पाल , नाजिम शाह, अश्विनी, कुमार समेत आशा और आंगनबाड़ी के साथ कई ग्रामीण मौजूद थे।

## खबरें एक नजर में

### ई-रिक्शा चालक लर्निंग लाइसेंस के साथ विशेष यूनिक नंबर लें:पांडेय

**उरई (जालौन)।** सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) विनय पाण्डेय ने बताया कि जनपद में संचालित ई-रिक्शा वाहन स्वामियों को सूचित किया जाता है कि 28 फरवरी 2023 को सम्पन्न सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक के द्वारा ई-रिक्शा संचालन एसोसियेशन के अध्यक्ष रवी कुमार को निर्देशित किया गया था कि होली के त्यौहार तक ई-रिक्शा चालकों के प्रपत्रों का सत्यापन करवाकर पुलिस विभाग के द्वारा आवंटित विशेष यूनिक नम्बर ले लिया जायेगा एवं जिन ई-रिक्शा चालकों के पास अभी तक चालक लाइसेंस नही है वे लर्निंग लाइसेंस का आवेदन कर लेंगे। अतः इस कार्य हेतु 3 दिवस का समय और दिया जाता है अन्यथा की दशा में नियमानुसार मोटरवाहन अधिनियम के तहत कार्यावाही प्रारम्भ कर दी जायेगी जिसके लिये स्वयं जिम्मेदारी ई-रिक्शा संचालको की होगी।

### मंडी में व्याप्त अव्यवस्थाओं को दूर कराने की बागवान समिति ने उठायी मांग

**जालौन (उरई)।** मंडी में व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के लिए बागवान समाज सेवा समिति के अध्यक्ष ने नगर पालिका ईओ को शिकायती पत्र देकर समस्याओं के समाधान की मांग की है। बागवान समाज सेवा समिति के अध्यक्ष अशफाक राईन ने नगर पालिका ईओ सीमा तोमर को शिकायती पत्र देकर बताया कि थोक सब्जी मंडी में आने वाले किसानों को पेयजल उपलब्ध कराने के लिए पानी की टंकी रखवाई गई थी। लेकिन उक्त पानी की टंकी का ढक्कन न होने के चलते मंडी में रहने वाले बंदर पानी की टंकी के अंदर घुसकर उसमें नहाते हैं। जिससे पानी खराब हो जाता है। किसान उक्त पेयजल का उपयोग नहीं कर पा रहे हैं। ऐसे में पानी की टंकी पर ढक्कन रखवाया जाए। इसके अलावा लोगों को शीतल जल उपलब्ध कराने के लिए ठंडे पानी की मशीन भी रखवाई गई है। जिसकी रोड साइड में न होकर अंदर की ओर हैं। ऐसे में मशीन की टोंटियों को रोड साइड पर किया जाए। ताकि मंडी में आने वाले लोग उसका लाभ ले सकें। वहीं, सब्जी मंडी के गेट के बगल में पशुओं को गर्मी के मौसम में पेयजल उपलब्ध कराने के लिए चरही बनवाई गई थी। लेकिन उक्त चरही में पानी नहीं भरा जाता है जिससे वह खाली पडी रहती है। ऐसे में उन्होंने चरही में नियमित पानी भरवाने का प्रबंध कराने की मांग ईओ से की है।

### एसपी ने साप्ताहिक परेड की सलामी लेकर किया निरीक्षण

**उरई (जालौन)।** पुलिस लाइन में शुक्रवार को होने वाली साप्ताहिक परेड की एसपी ने सलामी ली। इस दौरान उन्होंने पुलिस कर्मियों के अभ्यास को देखा और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने पुलिस लाइन स्थित अन्य विभागों का भी निरीक्षण किया। एसपी ईरज राजा ने शुक्रवार की सुबह पुलिस लाइन स्थित परेड ग्राउंड पहुंचकर परेड की सलामी ली। वहीं पुलिस कर्मियों के साथ परेड में शामिल होकर परेड कराई। इसके बाद उन्होंने डायल 112 का निरीक्षण कर, उपकरण देखे। इसके बाद कैंटीन, मेस, आर्मरी, बैरक, परिवहन शाखा, कंट्रोल रूम आदि का निरीक्षण कर साफसफाई व्यवस्था देखी और सफाई रखने के निर्देश दिए। पुलिस कर्मियों से उन्होंने समस्याएं भी पूंछी। यातायात पुलिस को नियमों का पालन कराने की बात कही। निरीक्षण के दौरान एसपी ने पुलिस लाइन के अन्य पटलों को भी देखा। साथ ही पुलिस कर्मचारीगण का अर्दली रूम किया गया। उन्होंने प्रतिसार निरीक्षक व सीओ लाइन को भी सुधार आदि के निर्देश दिए। परेड के दौरान क्षेत्राधिकारी लाइन व प्रतिसार प्रभारी समेत कई पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

### फाइनल मैच में न्यामतपुर ने प्रतापपुरा टीम को पछाड़ मुकाबला जीता

**जालौन (उरई)।** प्रतापपुरा में आयोजित एक दिवसीय बॉलीवाल प्रतियोगिता के फाइनल में न्यामतपुर की टीम ने प्रतापपुरा की टीम को पछाड़कर मुकाबला जीता। विजेता टीम को सम्मानित किया गया। प्रतापपुरा में आयोजित एक दिवसीय बॉलीवाल प्रतियोगिता का शुभारंभ युवा समाजसेवी आलोक श्रीवास्तव ने फीता काट कर किया। उन्होंने कहा कि बॉलीबाल का खेल शरीर का अच्छा योग है। इसका शरीर व मन पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। प्रतियोगिता में प्रतापपुरा ए व बी, न्यामतपुर, मड़ोरा, लहार कनार, साई उरई सहित कुल 6 टीमों ने भाग लिया। लीग व सेमीफाइनल में जीत के बाद प्रतापपुरा व न्यामतपुर की टीम फाइनल में पहुंची। फाइनल मैच में दोनों ने आकर्षक प्रदर्शन किया। रोमांचक मैच में न्यामतपुर की टीम ने प्रतापपुरा की टीम को 25-17 से हराया। प्रतियोगिता पर कब्जा करने पर न्यामतपुर टीम के समर्थकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से खिलाड़ियों का स्वागत किया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि पूर्व जिला पंचायत सदस्य रामकुमार गुप्ता ने विजेता टीम को शील्ड देकर सम्मानित किया। प्रतियोगिता में रेफरी की भूमिका पारस मिश्रा, श्रीकांत श्रीवास्तव, कमल सिंह कुशवाहा फौजी व सुरेश द्विवेदी ने निभाई। स्कोरर महेंद्र सिंह गुर्जर सरसई व दामोदर रहे। कमेंटेटर की भूमिका दीपू महाराज प्रतापपुरा ने निभाई।

### रामायण कान्क्लेव को लेकर डीएम ने की समीक्षा

मिश्रिख। दो दिवसीय रामायण कान्क्लेव में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों को लेकर जिलाधिकारी अनुज सिंह व पुलिस अधीक्षक सुशील घुले ने रामायण कान्क्लेव को लेकर सुरक्षा व अन्य व्यवस्थाओ को लेकर समीक्षा की जिसमें कार्यक्रम समन्वयक प्रदेश सह महामंत्री संस्कार भारती श्री गिरीश चन्द्र मिश्र ने बताया की मुख्यमंत्री जी के मनशारूप प्रदेश भर में 16 जगहो पर रामायण कान्क्लेव का आयोजन भव्यता पूर्वक किया जा रहा है जिसमें से एक 88 हजार ऋषियों की तपो भूमि मिश्रिख नैमिषारण्य में रामायण कान्क्लेव का आयोजन आज से किया जा रहा है। जिसमें भगवान राम के जीवन से सम्बंधित उनके आदर्शों व कार्यों के ऊपर निबंध लेखन, रूप सज्जा, अन्ताक्षरी, मानस पाठ, आदि प्रतियोगितायें एंव विद्वान वक्ताओं के द्वारा प्रभू श्री राम के जीवन पर चर्चा आयोजित होगी। वही रात्रि में सास्कृतिक कार्यक्रम में कथक , भजन संध्या, आदि का आयोजन होगा।इन तिथियों में सम्पन्न होगें सांस्कृतिक एवं पारम्परिक कार्यक्रम

# पति-पत्नी मामूली विवाद को थाना, कोर्ट-कचहरी ले जाने से बचें:अमृता

▸ वैवाहिक, दाम्पत्य विवादों को प्रारम्भिक स्तर पर ही निपटायें

समृद्धि न्यूज उरई (जालौन)




राष्ट्रीय महिला आयोग एवं राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संयुक्त रूप से तहसील सभागार उरई में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जनपद न्यायाधीश तरूण सक्सेना के निर्देशन में महिलाओं को कानूनी जानकारी देने हेतु ''महिला सप्ताह'' के अंतर्गत विशेष जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुये अपर प्रधान कुटुम्ब न्यायाधीश अमृता शुक्ला द्वारा महिलाओं को बताया गया कि वैवाहिक, दाम्पत्य विवादों को प्रारम्भिक स्तर पर ही निपटाये जाने के लिये आवेदन पत्रों को अंगीकृत करने का सरल तरीका जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा अपनाया जा रहा है। पति-पत्नी के मध्य मामूली विवाद को थाना, कोर्ट-कचहरी तक ले जाने से बचना चाहिये बल्कि मामूली विवाद या मतभेद को परस्पर मिल बैठकर निपटा लेना चाहिये। कुटुम्ब न्यायालय में भी इसी बात पर जोर दिया जाता है कि परिवार किसी भी स्थिति में विघटित न हो। परिवार जैसी पवित्र संस्था को बचाये रखने के लिये न्यायालय में सुलह-समझौता (मीडियेशन) की व्यवस्था की गयी है। दाम्पत्य प्रकृति के समस्त विवादों में हर स्तर पर पति-पत्नी के मध्य सुलह की कोशिशें की जाती है। विषम परिस्थिति, अपवाद की स्थिति में ही तलाक को मंजूरी दी जाती है। इनके अतिरिक्त महिलायें धारा-125 सीआरपीसी, हिन्दू विवाह अधिनियम एवं घरेलू हिंसा अधिनियम के तहत गुजारे भत्ते की मांग कर सकती हैं और तलाकशुदा पत्नी को भी अपने पति की पैतृक सम्पत्ति से हिस्सेदारी व दूसरी शादी करने तक भरण-पोषण लेने का अधिकार प्राप्त है। शिविर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव रेनू यादव द्वारा राष्ट्रीय, राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की विभिन्न योजनाओं, परियोजनाओं की जानकारी देते हुये प्राधिकरण की संरचना, इसके उद्देश्य व कार्यों के विषय में उपस्थित महिलाओं को बताया गया। उन्होंने बताया कि पति और पिता की पुस्तैनी सम्पत्ति में उनको पूरा अधिकार प्राप्त है। शादी के बाद भी महिला को पिता की सम्पत्ति में कानूनी अधिकार प्राप्त है। महिलाओं को पीसी, पीएनडीटी एक्ट के विषय में बताते हुये कन्या भ्रूण हत्या रोकने पर बल दिया। राष्ट्रीय महिला आयोग की रिसोर्स-पर्सन श्रीमती मन्जूलता एडवोकेट ने महिलाओं को राष्ट्रीय महिला आयोग के कार्यों एवं इसकी भूमिका और संविधान में महिलाओं को प्राप्त कानूनी एवं स्वास्थ्य के अधिकारों के बारे में विस्तार से बताया। जिला श्रम प्रवर्तन अधिकारी जगदीश वर्मा द्वारा महिला श्रमिकों के अधिकारों की जानकारी दी गयी। तहसीलदार, सचिव उरई कुमार भूपेन्द्र, सीडीपीओ उरई विमलेश आर्या एवं महिला कल्याण अधिकारी अल्कमा अख्तर ने विभिन्न योजनाओं के बारे में बताया। इस शिविर का संचालन महेश सिंह परिहार ने किया। इस शिविर में डीएलएसए रीडर अश्वनी कुमार मिश्रा, लीगल ऐड क्लीनिक के पूर्व पैनल सदस्य अनिल कुमार शर्मा, अधीक्षक समाज कल्याण देवेन्द्र त्रिवेदी, परामर्शदाता जिला प्रोबेशन विभाग सुरेश कुमार, लेखपाल अरविन्द कुमार नायक, पीएलवी टीम लीडर योगेन्द्र सिंह तखेले, अनुराग स्वर्णकार, करन सिंह यादव, देवेन्द्र सिंह आजाद, रामदेव चतुर्वेदी, धर्मेन्द्र कुमार, दीक्षा तिवारी समेत दर्जनों आशा बहुयें, आगंनबाड़ी सुपरवाईजर और कार्यकत्री महिलायें उपस्थित रहीं।

## मुकदमे में गवाही देने से नाराज दूसरे पक्ष ने मारपीट कर किया अधमरा

जालौन (उरई)। मुकदमे में गवाही देने से नाराज ग्रामीणों ने ग्रामीण के साथ गाली, गलौज करते हुए न सिर्फमारपीट की बल्कि जान से मारने की धमकी भी दे डाली। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम व्यासपुरा निवासी महेशचंद्र ने पुलिस को बताया कि उन्होंने गांव में जमीन को लेकर हुए एक विवाद में गवाही दी थी। इससे दूसरा पक्ष उनसे रंजिश मान बैठा। होली के पर्व पर वह घर पर थे। तभी गांव के ही दूसरे पक्ष के सरनाम, धारा, आला व गोविंद वहां आ गए और गवाही देने को लेकर उनके साथ झगड़ा करने लगे। गाली देने से मना करने पर सभी ने मिलकर लाठी, डंडों से उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। जिसमें उसे चोटें आई हैं। पीड़ित का आरोप है कि मारपीट के बाद उक्त लोग जान से मारने की धमकी देकर वहां से भाग गए।

# प्रभावी ढंग से लागू करें एनजीटी के नियम :डॉ. अफरोज

लखीमपुर खीरी समृद्धि न्यूज

▸ खीरी में पर्यावरण संरक्षण पर चर्चा- डॉ. अफरोज बोले, प्रदूषण प्रबंधन के लिए बनाई गई कार्य योजनाओं को अमल में लाएं

▸ खीरी में खेत की मेड़ों पर खूबसूरती से हुआ पौधारोपण, मन को करता है हर्षित*

▸ खाली भूमियों पर पौधरोपण कराने के निर्देश*



10 मार्च शुक्रवार को निर्धारित भ्रमण कार्यक्रम से राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण के मा. सदस्य/न्यायाधीश डॉ अफरोज अहमद जनपद खीरी पहुंचे, जहां उनके आगमन पर डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, एसपी गणेश प्रसाद साहा ने पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया।

एनजीटी के मा. सदस्य न्यायाधीश डॉ अफरोज अहमद ने जनपद स्तरीय, नगरीय निकायों अफसरों के साथ जिला पर्यावरण समिति के क्रियान्वय की समीक्षा की, समिति के सदस्यों को जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के लिए एनजीटी के नियमों को प्रभावी ढंग से लागू करने पर जोर दिया। इसके साथ ही अधिकारियों से पर्यावरण के लिए अब तक किए गए कार्यों की जानकारी ली।बैठक में एनजीटी सदस्य/न्यायाधीश डॉ. अफरोज अहमद ने संबंधित विभाग के जनपद स्तरीय अधिकारियों से कराए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। न्यायाधीश डॉ. अफरोज अहमद ने हरित विकास पर विशेष सुझाव देते हुए कहा की जनपद में मुख्य बिंदुओं को चिह्नित करके अच्छा प्लान तैयार करें, ताकि हरित विकास उच्च स्तर पर हो सके। ठोस कचरा, प्लास्टिक कचरा, बायो मेडिकल कचरा एवं ई-वेस्ट निस्तारण पर विशेष ध्यान दिया जाय। खनन एवं निर्माण कार्य आदि के प्रदूषण निस्तारण बेहतर ढंग से किया जाए। पर्यावरण को बचाने के लिए सिर्फ प्रशासन ही नहीं, बल्कि सभी नागरिकों को भी जिम्मेदारी है। समीक्षा से पता चला है कि जिला प्रशासन पर्यावरण प्रदूषण कंट्रोल करने के लिए काफी सजग है। उन्होंने नगरीय निकायवार संबंधित ईओ से सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट, डोर टू डोर कलेक्शन, एमआरएफ सेंटर के संचालन, प्रोसेसिंग सहित कूड़ा प्रबंधन पर उनकी रणनीति जानी। ईओ को निर्देश दिए कि धर्मगुरुओं की डीएम की अध्यक्षता में बैठक कराए। वेस्ट मैनेजमेंट के फायदे, कचरे के नुकसान बताने की बात कही। बैठक की शुरुआत में डीएफओ संजय विश्वाल ने जिले की भौगोलिक पृष्ठभूमि बताई। बैठक के अंत में डीएम ने आभार ज्ञापित करते हुए कहा कि बैठक में प्राप्त मार्गदर्शन, निर्देश का पूर्णतया अनुपालन सुनिश्चित कराया जाएगा।

उप्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अफसरों को निर्देश दिए फील्ड में सक्रियता से निगरानी बढ़ाएं, ईटभट्ठा का आधुनिकीकरण से जोड़े। उन्होंने कहा कि पर्यावरण समिति एवं वेटलैंड कमेटी के अध्यक्ष डीएम और सदस्य सचिव डीएफओ हैं। डीएफओ को निर्देश दिए कि डीएम की अध्यक्षता में नियमित बैठक कराना सुनिश्चित करें। सीडीओ के पर्यवेक्षण में गांव में नर्सरी डेवलपमेंट विकसित करने, लोकल वैरायटी के पौध तैयार करने की कार्ययोजना बनाएं। निश्चित तौर पर खीरी हरियाली के दृष्टिकोण से एक अच्छा जनपद है।

उन्होंने कहा कि खीरी के स्थलीय भ्रमण में देखा कि खेतों की मेड़ों पर बड़ी ही खूबसूरती से योजनाबद्ध तरीके से पौधों का रोपण हुआ, जो मन को हर्षित करता है। निर्देश दिए कि प्रशासन इसका डॉक्यूमेंटेशन कराएं ताकि अन्य जिले भी इससे प्रेरणा लें। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के संबंध में डीएफओ को विलुप्त पौधों की नस्लों को विकसित करने तथा जिला प्रशासन की मदद से जनपद की खाली भूमियों पर पौधरोपण कराने को कहा।

### इनकी रही मौजूदगी

इस दौरान एसपी गणेश प्रसाद साहा, डीएफओ संजय विश्वाल व सुंदरेशा, एडीएम संजय कुमार सिंह, एसीएमओ डॉ. अनिल गुप्ता, ईई जल निगम, ईई पीडब्ल्यूडी तरुणेंद्र त्रिपाठी, अनिल जाटव, अनिल यादव, जिला कृषि अधिकारी अरविंद चौधरी, डीएचओ मृत्युंजय कुमार, प्रदूषण अधिकारी सभी नगरीय निकायों के अधिशासी अधिकारी रहे।

## नकायों की वार्डवार वोटर लिस्ट का हुआ प्रकाशन, आमजन के निशुल्क निरीक्षण के लिए उपलब्ध : एडीएम

लखीमपुर खीरी समृद्धि न्यूज

जनपद खीरी की समस्त नगर निकायों के निवासियों को सूचित करते हुए उप जिला निर्वाचन अधिकारी/एडीएम संजय कुमार सिंह ने बताया कि समस्त निकायों की वार्डवार निर्वाचक नामावलियां का प्रकाशन संबंधित नगर निकाय के सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय, सभी नगर पालिका परिषद/नगर पंचायत कार्यालय, संबंधित नगर निकाय के मतदान केन्द्रों, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय तथा जिला निर्वाचन कार्यालय (पंचायत एवं नगरीय निकाय ) पर 10 मार्च को प्रकाशित कर दी गई है। निर्वाचक नामावलियां उक्त वर्णित स्थानों में आम लोगों के लिए निःशुल्क निरीक्षण हेतु उपलब्ध है।

### वोटर लिस्ट में नाम शामिल, संशोधित आपत्ति का 17 मार्च तक का मौका*

एडीएम ने बताया कि कोई भी व्यक्ति जो निर्वाचक नामावली में अपना नाम जुड़वाना चाहे या किसी प्रविष्टि को संशोधित कराना चाहे या किसी व्यक्ति के नाम के सम्बन्ध में आपत्ति करना चाहे वह इस सम्बन्ध में अपना दावा या आपत्ति निर्धारित प्रपत्र में दिनांक 11 मार्च से कार्यालय समय के दौरान दिनांक 17 मार्च तक अपरान्ह 03 बजे के पहले उक्त वर्णित स्थानों पर तैनात कार्मिक को, या सीधेमुझे प्रस्तुत कर सकता है। विहित समय के पश्चात् प्रस्तुत की गई आपत्ति या दावे पर विचार नहींकिया जाएगा। एडीएम ने बताया कि मतदाता अपना नाम सम्मिलित किये जाने के लिए 11 मार्च से 17 मार्च, 2023 तक की अवधि में राज्य निर्वाचन आयोग, उ0प्र0 की वेबसाइट http://sec.up.nic.in पर भीऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। रजिस्टर किये गये मतदाताओं का नाम सम्बन्धित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी ( उप जिला मजिस्ट्रेट) द्वारा जॉचोपरान्त सही पाये जाने पर हीमतदाता सूची में दर्ज किया जायेगा।

## हाईटेंशन लाइन की चिंगारी से पशुओं की मौत, सामान भी जला

**जालौन (उरई)।** हाईटेंशन लाइन की चिंगारी से पशुओं की मौत के साथ ही दुकान में रखा करीब 2 लाख रुपये का सामान जलकर राख हो गया था। पीड़ित गृहस्वामी ने विभाग से मुआवजा दिलाने की मांग एसडीएम को शिकायती पत्र देकर की है। तहसील क्षेत्र के ग्राम नौरेजपुर निवासी हरदयाल ने एसडीएम सना अख्तर को शिकायती पत्र देकर बताया कि पिछले वर्ष 14 जून को हाईटेंशन लाइन से निकली चिंगारी उनके मकान पर गिर गई थी। चिंगारी गिरने से घर में आग लग गई थी। जिसमें उनकी एक भैंस व एक भैंसा की जलकर मौत हो गई थी। साथ ही दुकान में रखा करीब 2 लाख रुपये का सामान जलकर राख हो गया था। उसके पास इतनी पूंजी नहीं है कि दोबारा से कोई काम धंधा शुरू कर सके। विद्युत चिंगारी से लगी आग से हुए नुकसान का मुआवजा दिलाने के लिए उसने विद्युत विभाग में शिकायत की थी। लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। जिसके चलते वह परेशान है। पीड़ित ने एसडीएम से उसे विभाग से उसको हुए नुकसान का मुआवजना दिलाने की मांग की है। वहीं, एसडीएम ने मामले में कार्रवाई के निर्देश एसडीओ को दिए हैं।

## पेड़ों के कटान पर पूर्णता प्रतिबंध होना चाहिएः निसार महलूद

**लखीमपुर खीरी समृद्धि न्यूज़।** प्रांतीय वरिष्ठ सपा नेता ने आज दुख व्यक्त करते हुए कहा कि आज पर्यावरण संतुलन बिगड़ता चला जा रहा है। पेड़ो का कटान वन विभाग की मिलीभगत से धड़ल्ले से कटान चल रहा है।आने वाले समय में स्वच्छ ऑक्सीजन नहीं मिल पाएगी। इसलिए उन्होंने पेड़ों के कटान पर पूर्णता प्रतिबंध लगाने की मांग योगी आदित्यनाथ मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश से की। और प्रदेश के लगभग सभी कोटेदार राशन कम तौलते हैं पूर्ति विभाग में लाखों रुपए रिश्वत का आता है। इसलिए राशन का पैसा बाजार मूल्य के हिसाब से कार्ड धारक के खातों में दिया जाए,जिससे कार्ड धारक बाजार में कहीं भी राशन ले सके। इससे गोदाम प्रभारी कोटेदार के बीच की कमीशन बाजी एवं राशन कम तौलने पर कोई भी सरकार विफल रही है।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद कायमगंज, फर्रुखाबाद**

पत्रांकः-2339/ न0पा0 परि0का0/2022-23 दिनांक 27/02/2023

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती अख्तरी बेगम, युसुफखां, समानाज, निगहत खां, रहीश पुत्र/पुत्री/पत्नी इदरीश खां निवासी मोहल्ला चिलौली ने विरासतन के आधार पर भवन संख्या 192 मोहल्ला चिलौली कायमगंज पर श्री इदरीश खां पुत्र छम्मी खां के स्थान पर अपने नामांकन हेतु आवेदन पत्र दिया है। जिस पर कार्यवाही प्रस्तावित है। उपरोक्त नामान्तरण पर यदि किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 30 दिनों के अन्दर अपनी आपत्ति लिखित रूप से प्रमाणित साक्ष्यों सहित नगर पालिका परिषद कायमगंज के कार्याकल में प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि 1916 की धारा 147 के अर्न्तगत अध्यासी (मात्र करो की वसूली हेतु स्वामित्व से सम्बन्ध नहीं) के रूप में दर्ज किये जाने की कार्यवाही अमल में लाई जावेगी।

अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका परिषद कायमगंज, फर्रु0

**कार्यालय नगर पालिका परिषद कायमगंज, फर्रुखाबाद**

पत्रांकः-184301/ न0पा0 परि0का0/2022-23 दिनांक 27/02/2023

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री बाबर खां पुत्र शमशुलहक खां निवासी मोहल्ला ग्राम पितौरा ने पंजीकृत विक्रय के आधार पर भवन स0 330 मोहल्ला चिलौली कायमगंज पर श्री सफदर अली पुत्र कुंवर खां के जुज भाग पर अपने नामांकन हेतु आवेदन पत्र दिया है। जिस पर कार्यवाही प्रस्तावित है। उपरोक्त नामान्तरण पर यदि किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 30 दिनों के अन्दर अपनी आपत्ति लिखित रूप से प्रमाणित साक्ष्यों सहित नगर पालिका परिषद कायमगंज के कार्याकल में प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि के पश्चात प्राप्त किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा और पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 के अर्न्तगत अध्यासी (मात्र करो की वसूली हेतु स्वामित्व से सम्बन्ध नहीं) के रूप में दर्ज किये जाने की कार्यवाही अमल में लाई जावेगी।

अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका परिषद कायमगंज, फर्रु0

**कार्यालय नगर पालिका परिषद कायमगंज, फर्रुखाबाद**

पत्रांकः-1843/ न0पा0 परि0का0/2022-23 दिनांक 27/02/2023

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती जैबनाज खां पत्नी बॉवर खां निवासी मोहल्ला ग्राम पितौरा ने पंजीकृत विक्रय के आधार पर भवन सं0 330 मोहल्ला चिलौली कायमगंज पर श्री सफदर अली खां पुत्र कुंवर खां के जुज भाग पर अपने नामांकन हेतु आवेदन पत्र दिया है, जिस पर कार्यवाही प्रस्तावित है। उपरोक्त नामान्तरण पर यदि किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 30 दिनों के अन्दर अपनी आपत्ति लिखित रूप से प्रमाणित साक्ष्यों सहित नगर पालिका परिषद कायमगंज के कार्यकल में प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि के पश्चात प्राप्त किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा और पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 के अर्न्तगत अध्यासी ( मात्र करो की वसूली हेतु स्वामित्व से सम्बन्ध नहीं) के रूप में दर्ज किये जाने की कार्यवाही अमल में लाई जावेगी।

अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका परिषद कायमगंज, फर्रु0

# हत्या के दोषी पुष्पेंद्र उर्फ बंटी दुबे को उम्रकैद

**सोनभद्र, समृद्धि न्यूज़**

नौ वर्ष पूर्व रामनारायण यादव की गोली मारकर हत्या करने के मामले में शुक्रवार को सुनवाई करते हुए अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम खलीकुज्जमा की अदालत ने दोषसिद्ध पाकर दोषी पुष्पेंद्र उर्फ बंटी दुबे को उम्रकैद व 10 हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर 6 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। वहीं पांच अन्य आरोपियों को साक्ष्य के अभाव में दोषमुक्त करार दिया।

अभियोजन पक्ष के मुताबिक ओबरा थाना क्षेत्र के बिल्ली मारकुंडी निवासी अनामिका यादव पुत्री रामनारायण यादव ने ओबरा थाने में दी तहरीर में अवगत कराया था कि 21 फरवरी 2014 को घर पर उसके अलावा उसके पिता, मां और दो नौकर मौजूद थे। सुबह करीब आठ बजे दो लोग घर पर आए और घंटी बजाने लगे। जब नौकर ने दरवाजा खोला तो दोनों गिट्टी लेने की बात करते हुए घर में घुस गए और एक युवक ने उसके पिताजी को गोली मार दिया और दोनों घर से बाहर निकले और बाइक से भाग गए। उधर पिताजी तड़पने लगे तो चाचा के लड़के को फोन करके बुलाई और पिताजी को ओबरा परियोजना अस्पताल ले जाया गया जहां पहुंचते ही डाक्टरों ने उसके पिता रामनारायण यादव को मृत घोषित कर दिया। इस तहरीर पर 21 फरवरी 2014 को शाम आठ बजे ओबरा पुलिस ने पुष्पेंद्र उर्फ बंटी दुबे पुत्र सुनील दुबे निवासी पट्टी दयाल मुरादपुर, थाना बदलापुर जिला जौनपुर समेत छह लोगों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर मामले की विवेचना किया।

पर्याप्त सबूत मिलने पर विवेचक ने न्यायालय में चार्जशीट दाखिल किया था। मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने, गवाहों के बयान व पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषसिद्ध पाकर दोषी पुष्पेंद्र उर्फ बंटी दुबे को उम्रकैद व 10 हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर 6 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। वहीं पांच अन्य आरोपियों को साक्ष्य के अभाव में दोषमुक्त करार दिया। अभियोजन पक्ष की ओर से अपर जिला शासकीय अधिवक्ता कुंवर वीर प्रताप सिंह ने बहस की।

## आर्म्स एक्ट में भी पुष्पेंद्र को पांच वर्ष की कैद

**सोनभद्र।** अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम खलीकुज्जमा की अदालत ने शुक्रवार को आर्म्स एक्ट के मामले में सुनवाई करते हुए दोषसिद्ध पाकर दोषी पुष्पेंद्र उर्फ बंटी दुबे को पांच वर्ष की कैद व 10 हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर छह माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। जेल में बिताई अवधि सजा में समाहित की जाएगी। अभियोजन पक्ष के मुताबिक 19 मई 2014 को ओबरा एसओ अनिल कुमार यादव ने दी तहरीर में अवगत कराया था कि वे पुलिस बल के साथ वांछित अभियुक्तों की तलाश में थे कि तभी मुखबिर के जरिए सूचना मिली कि रामनारायण यादव हत्याकांड में शामिल अभियुक्त टाटा सफारी गाड़ी से घूम रहे है अगर घेराबंदी की जाए तो पकड़े जा सकते है। इस सूचना पर घोरावल एसओ भारत भूषण तिवारी को पुलिस बल के साथ खैरटीया बंधे के पास बुलाया। जब दोनों लोग बातचीत कर रहे थे और वाहनों की चेकिंग कर रहे थे तभी एक सफारी गाड़ी आई जिसे घेरकर रोक लिया गया। चालक अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल हो गया। पुष्पेंद्र उर्फ बंटी दुबे समेत चार लोगों को पुलिस ने पकड़ लिया। पुष्पेंद्र के कब्जे से रामनारायण यादव हत्याकांड में प्रयुक्त असलहा भी बरामद कर लिया। रामनारायण यादव की हत्या करने के लिए 10 लाख रूपये की सुपारी दी गई थी। शेष बकाए रूपये को लेने के लिए आए थे कि पुलिस ने पकड़ लिया। इसी मामले में पुष्पेंद्र उर्फ बंटी दुबे को आर्म्स एक्ट में दोषसिद्ध पाते हुए अदालत ने पांच वर्ष की कैद व 10 हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर छह माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। जेल में बिताई अवधि सजा में समाहित की जाएगी। अभियोजन पक्ष की ओर से अपर जिला शासकीय अधिवक्ता कुंवर वीर प्रताप सिंह ने बहस की।

# भ्रष्ट यार, बचाए बीजेपी सरकार

**सोनभद्र, समृद्धि न्यूज़**




अडानी के पक्ष में भाजपा सरकार की क्रोनि कैपिटलिज्म नीति के खिलाफ रॉबर्ट्सगंज ब्लॉक कॉग्रेस कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को ब्लाक अध्यक्ष अमरेश देव पांडे के नेतृत्व मे जमकर प्रदर्शन कर केंद्र सरकार पर हमला बोला गया।

कॉग्रेस प्रवक्ता शत्रुंजय मिश्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और बीजेपी सरकार की अडानी के पक्ष में क्रोनि कैपिटलिज्म की नीति से आप सभी वाकिफ़ है। गहरे अर्थिक संकट मे भाजपा सरकार देश के महत्वपूर्ण ढांचे को अडानी समूह को बेच रही है, और एसबीआई, एलआईसी जैसे सार्वजनिक संस्थानों को निवेश के लिए मजबूर कर रही हैं। जिससे मध्यम और गरीब वर्ग के भारतीयों की करोडों की बचत जोखिम मे है।

जनता की गाढ़ी कमाई को अपने उद्योगपति मित्रों को फायदा पहुचाने का कार्य कर रही मोदी सरकार को जनता सबक जरूर सिखाएगी। ब्लाक अध्यक्ष अमरेश देव कहा कि बीजेपी सरकार मे महंगाई, बेरोजगारी भ्रस्टाचार चरम पर है। सरकार अपने वादे से मुकर गई है। कॉग्रेस सरकार द्वारा बनाई गई संस्थानों और संस्थाओं को बेचने पर तुली हुई हैं। शहर अध्यक्ष राजीव त्रिपाठी ने कहा कि जब से बीजेपी सरकार सत्ता मे आई है तब से लोगों का जीना मुश्किल हो गया है। सरकार के तानाशाही रवैया से आमजन त्रस्त है। प्रदेश मे जंगलराज कायम हैं।

उक्त मौके पर निगम मिश्रा, पंकज पटेल, शीतला पटेल, बुल्लू कोल, पंकज मिश्रा, प्रमोद पांडे, प्रदीप पटेल, विजय शंकर पांडे, ओम प्रकाश पांडे, धीरेन्द्र पांडे, कृपाशंकर पांडे, अमिताभ चौधरी, देवानंद विश्वकर्मा, अम्बुज कुमार, दशरथ देब पांडे, शिवानंद तिवारी, शिव मुनि सिंह, आशीष शुक्ला, रामा यादव, विजय पटेल, रामेश्वर शुक्ला, संतोष शुक्ला सहित तमाम लोग मौजूद रहे।.

# छप्पर नुमा हाते में लगी आग, चार बकरी, पड़िया जलकर मरी, भैंस झुलसी

**मसौली बाराबंकी।** त्रिलोकपुर चौकी क्षेत्र के ग्राम उसरी में शुक्रवार की दोपहर छप्पर नुमा हाते में लगी आग से चार बकरी एव एक पड़िया की मौके पर ही मौत हो गयी तथा एक कीमती भैंस बुरी तरह झुलस गयी जिसका इलाज चल रहा है। सूचना पर पहुँची मसौली पुलिस ने फायर ब्रिगेड गाड़ी की सहायता से कड़ी मशक्कत के बाद आग को काबू किया इस दौरान हाते में रखी समस्त सामग्री जलकर राख हो गई।शुक्रवार की दोपहर ग्राम उसरी में करीब 2 बजे उस समय अफरातफरी मच गयीं जब कल्लू गौतम के घर के बाहर पशुओं के बांधने के लिए बने छप्परनुमा हाते से आग की बड़ी बड़ी लपटें निकलनी शुरू हो गयी अचानक आग की लपटों को देख ग्रामीणों ने त्रिलोकपुर चौकी पुलिस को सूचना देकर आग बुझाने में जुट गये लेकिन तेज हवा के कारण ग्रामीण आग को काबू में नही कर पायें भीषण आग की सूचना पर प्रभारी निरीक्षक शिवनरायन सिंह चौकी प्रभारी रंजीत यादव के साथ मौके पर पहुँच कर फायर बिग्रेड की सहायता से करीब आधा घंटे के बाद आग को काबू में किया। इस दौरान हाते के अंदर बंधी एक बकरी एव उसके तीन बच्चे सहित एक पड़िया की जलकर मौत हो गई तथा एक कीमती भैंस बुरी तरह झुलस गयी जिसका इलाज स्थानीय पशु चिकित्सक डॉ0 संजीव कुमार द्वारा किया जा रहा है।

# होली मिलन समारोह का हुआ संपन्न

**विंढमगंज सोनभद, समृद्धि न्यूज़**

थाना परिसर में को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में उपस्थित लोगों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली का आगाज किया।

रंगों के इस त्योहार पर आयोजित मिलन समारोह में लोगों ने गुलाल के साथ मुंह मीठा भी किया। कार्यक्रम में थाना प्रभारी मनोज कुमार ठाकुर ,दुद्धी सीओ, एएसआई सुरेंद्र सिंह, गोपाल,विजय, सत्य नारायण मिश्रा,सुनील कुमार,अजीत पाल, अजय यादव, बिनोद कुमार, आदि ने उपस्थित जनप्रतिनिधि तथा गणमान्य लोगों को अबीर गुलाल लगाया होली मिलन समारोह में स्थानीय लोक कलाकारों ने अपने अपने संगीत से लोगों को भाव विभोर कर दिया। स्थानीय लोक कलाकार कृष्णा तेली ने माँ शारदा के गाने से होली मिलन का आगाज किया।

थाना प्रभारी मनोज कुमार ठाकुर ने होली खेले रघुबिरा अवध में गाने पर लोगों को झुमने पर विवस कर दिया। इसके अलावे कई व्यास सहित कई लोगों ने अपने अपने संगीत से लोगों को होली के रंग से सराबोर कर दिया।

मौके पर बुटवेढवा ग्राम प्रतिनिधि संजय गुप्ता, धरती डोलवा प्रधान सुरेंद्र पासवान सलैयाडीह ग्राम प्रधान प्रतिनिधि किंशु सिंह, कृपा शंकर कुशवाहा, जितेंद्र प्रसाद, संजय कुमार गुप्ता, सुमन गुप्ता, राजेश रावत, अजय, ओम प्रकाश रावत, भगवान विश्वकर्मा, राजकुमार, अजीत, अजय, अमित केशरी, अविनाश, संग महिला पुरूष, पुलिसकर्मी सहित कई लोग मौजूद थे।

# बारातघर में गंदगी को देखकर बीडीओ ने लगाई फटकार

**हैदरगढ़ बाराबकी, समृद्धि न्यूज़**



विकासखंड हैदरगढ क्षेत्र के अंतर्गत शुक्रवार को ग्राम पंचायत गोसिया मऊ में बारात घर में आयोजित ग्राम चौपाल कार्यक्रम के दौरान पहुचे खण्ड विकास अधिकारी का पारा उस समय सातवे

आसमान पर पहुच गया और देखा की भवन के चारो तरफ परिसर मे बड़ी बड़ी घास फूस व गन्दगी का अम्बार लगा हुआ है । जिसकी सफाई तक नही करायी गयी जिसको लेकर ग्राम पंचायत सचिव पर नाराजगी व्यक्त की और तत्काल सफाई कर्मचारी को बुलाकर जमकर फटकार लगाई इस दौरान खंड विकास अधिकारी ने एडीओ पंचायत व पंचायत सचिव से कहा कि जब बरात घर मे साफ सफाई व्यवस्था का यह हाल है तब गांव के अन्दर की साफ सफाई वयवस्था की क्या दशा होगी उक्त सवाल पर एडीओ पंचायत हुआ पंचायत सचिव कोई जवाब नहीं दे पाए साहब की ओर टकटकी लगाते हुए देखते रहे।

खंड विकास अधिकारी ने लापरवाही बरतने पर सफाई कर्मचारी के विरुद्ध कार्रवाई करने के निर्देश एडिओ पंचायत को दिये।

# मानस सम्मेलन में राम चरित मानस के प्रसंगों पर संतों ने दिया सन्देश

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़**

जीव के सुख दुख का कारण कर्म है। कर्मो से ही भाग्य बनता है। अच्छे कर्मो से सुख और बुरे कर्मो से दुख मिलता है। यह विचार बहुताधाम के मानस सम्मेलन में पांचवे दिन अयोध्या से पधारे दीनबंधु जी महाराज ने व्यक्त किए। महाराज श्री ने कहा कि गीता में भगवान श्रीकृष्ण ने शरीर को खेत बताया है। उन्नाव से समागत मानस मनीषी पंडित कविता कांत बाजपेई ने कहा कि मनुष्य के अंतःकरण में चार तत्व मन बुद्धि चित्त और अहंकार है। इनमें मानव मन का पहला स्थान है। मन सभी इंद्रियों आंख नाक कान जिह्वा आदि का स्वामी है। मन के अनुशासन से ही यह सभी इंद्रियां कार्य करती हैं। लखनऊ से पधारे प्रो डॉ जितेंद्र नाथ पांडे ने बताया कि भारतीय चिंतन मनीषा अत्यंत व्यापक है। इसमें विश्व कल्याण और लोकमंगल के उच्चतम भाव समाहित है। भारत का संपूर्ण आर्ष एवं संत साहित्य इसका प्रमाण है। जहां वनस्पतियों तथा जीव मात्र के प्रति सहानुभूति पूर्ण व्यवहार करने और उनके अस्तित्व की रक्षा का संदेश दिया गया है। अमेठी के कथा व्यास पंडित कृष्ण कुमार तिवारी ने कहा कि जीवन में शक्ति की शोभा विनम्रता और परोपकार से होती है। लखनऊ से पधारे पंडित स्वामीदीन शुक्ल ने भक्ति तत्व की विवेचना करते हुए कहा कि शरणागति भक्ति का पहला गुण है ।अपने प्रभु इष्टदेव पर सदैव पूरा विश्वास रखना तथा उनकी आज्ञा के अनुसार सुंदर एवं दूसरों के लिए शुभकारी आचरण करना ही भगवान की भक्ति है। पंडित अजय शास्त्री बिंदु ने कहा कि भगवान को पाने की साधना में जीव जैसे जैसे आगे बढ़ता है वैसे वैसे उसकी संसार के विषय भोग पदार्थो से अरूचि होने लगती हैं उसे ब्रह्मानंद रस के समक्ष विषय रस फीके लगने लगते हैं।

# 17, 18 और 25 को लगेगी विशेष राष्ट्रीय लोक अदालत

**बाराबंकी।** उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ की मंशानुरूप एवं श्री रवीन्द्र नाथ दूबे जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के दिशा निर्देशन में विशेष लोक अदालत के आयोजन के अन्तर्गत दिनांक-25.03.2023 को मोटर दुर्घटना प्रतिकर वाद तथा दिनांक-17.03.2023 एवं 18.03.2023 को प्री-लिटिगेशन स्तर पर, बैंको के ऋण वसूली मामलों के निस्तारण के सम्बन्ध में विशेष लोक अदालत का आयोजन जा रहा है। इस विशेष लोक अदालत में न्यायालय पर लम्बित मोटर दुर्घटना प्रतिकर वाद एवं प्री-लिटिगेशन स्तर पर बैंकों के ऋण वसूली वादों का निस्तारण जरिये सुलह समझौता किया जायेगा। इसी क्रम में श्री अनिल कुमार शुक्ल नोडल अधिकारी, राष्ट्रीय लोक अदालत, बाराबंकी द्वारा दिनांक-10.03.2023 को बैंको की नोटिसों की तामीला हेतु सम्मन तामीला की बैठक आहूत की गयी।

# बदला माहौल तो गीडा में भी लगने लगीं हैवी इंडस्ट्रीज

## रविवार को सीएम योगी करेंगे अंकुर उद्योग के इंटीग्रेटेड स्टील प्लांट का उद्घाटन

**गोरखपुर, समृद्धि न्यूज़**



छह साल पहले तक जिस गीडा में निवेश करने से निवेशक कतराते थे, बदले माहौल में वहां हैवी इंडस्ट्री लगने लगी है। रविवार को एक नई और अत्याधुनिक हैवी इंडस्ट्री औपचारिक रूप से उद्घाटित हो जाएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रतिष्ठित उद्योग समूह मेसर्स अंकुर उद्योग लिमिटेड के इंटीग्रेटेड स्टील प्लांट का उदघाटन करेंगे। गीडा की तरफ से एएल-2 सेक्टर 23 में आवंटित 82 एकड़ क्षेत्रफल में फैले और 550 करोड़ रुपये के निवेश वाले इस प्लांट में टीएमएक्स (थरमैक्स पॉवर्ड) सरिया का उत्पादन शुरू हो चुका है। जबकि इसमें 30 मेगावाट का कैप्टिव पॉवर प्लांट भी अंतर्निहित है। प्लांट के क्रियाशील होने से दो हजार लोगों को प्रत्यक्ष और पांच हजार लोगों को परोक्ष रोजगार मिला है। प्लांट का सफलतापूर्वक संचालन करने के साथ ही अंकुर उद्योग लिमिटेड ने इसके विस्तार के लिए 700 करोड़ रुपये के निवेश का एमओयू ग्लोबल भी इन्वेस्टर्स समिट में किया है। इंटीग्रेटेड स्टील प्लांट की उत्पादन क्षमता तीन लाख टन प्रति वर्ष की है। प्लांट की स्थापना का कार्य 2020 में शुरू हुआ था। प्रदेश सरकार की निवेश प्रोत्साहन नीति 2020 के अंतर्गत मेगा प्लस श्रेणी की इस परियोजना की डिजाइनिंग देश के अग्रणी स्टील इंडस्ट्री सलाहकार और तकनीकी विशेषज्ञों द्वारा की गई है। इसकी स्थापना में अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल किया गया है। अंकुर उद्योग लिमिटेड ने डेढ़ किमी ट्रैक की लंबाई में प्राइवेट रेलवे साइडिंग विकसित किया है। देश के विभिन्न क्षेत्रों से कच्चा माल मंगाने के लिए फैक्ट्री परिसर में 700 मीटर की लंबाई में अनलोडिंग प्लेटफार्म भी बनाया गया है। यहां टीएमएक्स बार का उत्पादन हो रहा है जो टीएमटी का बदला हुआ और बेहतर रूप है। अंकुर उद्योग समूह के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक अशोक जालान का कहना है कि फैक्ट्री संचालन के लिए ऊर्जा की सम्पूर्ण जरूरत यहीं के कैप्टिव पॉवर प्लांट से पूरी हो रही है। खास बात यह है कि ऊर्जा उत्पादन का 65 फीसद हिस्सा फैक्ट्री के ही %वेस्ट% से ही मिल रहा है। अल्ट्रा मॉडर्न स्टेट ऑफ आर्ट प्रौद्योगिकी से यहां टीएमएक्स रिबार्स का निर्माण किया जा रहा है। इंटीग्रेटेड स्टील प्लांट में स्पंज आयरन प्लांट की क्षमता 212500 मीट्रिक टन प्रतिवर्ष, स्टील मेल्ट शॉप/इंडक्शन फर्नेस की क्षमता 300300 मीट्रिक टन तथा सरिया रोलिंग मिल की क्षमता 291300 मीट्रिक टन प्रतिवर्ष है।

# आईजीएल के संस्थापक स्वर्गीय मोहन लाल भरतिया की मनाई गई 15वी पुण्यतिथि

**सहजनवा गोरखपुर, समृद्धि न्यूज़**



इण्डिया ग्लाईकॉल्स लिमिटेड के बिजनेस हेड के नेतृत्व में आईजीएल के पूर्व संस्थापक स्वर्गीय मोहनलाल भरतिया की पुण्यतिथि मनाई गई , इस समारोह के मुख्य अतिथि मदन मोहन मालवीय प्रद्यौगिक विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफ़ेसर डॉ जे पी पांडेय जी सह मुख्य अतिथि अपर पुलिस महानिदेशक जोन गोरखपुर श्री अखिल कुमार जी ( आईपीएस ), सह मुख्य अतिथि गुरु गोरखनाथ विश्विविद्यालय के कुलपति डॉ मेजर जनरल अतुल बाजपेयी जी , सह मुख्य अतिथि कुलसचिव प्रदीप राव , सह मुख्य अतिथि पूर्व जिला जज एवं लोकअदालत के चेयरमैन जज श्री जेएन पांडेय जी , सह मुख्य अतिथि अपर जिला जज राम कृपाल जी , डॉ चारु शीला सिंह,श्री रितेश साही रहे और विशेष अतिथि डॉ आकृति विज्ञानं विशिष्ट अतिथि , श्री रमा शंकर शुक्ल जी , देश बंधू शुक्ल जी , परशुराम शुक्ल जी ,संतोष तिवारी जी,कैप्टन ओमप्रकाश मिश्रा जी , राकेश तिवारी जी ,राजेश कुमार जी ,अधिवक्ता जितेंद्र गुप्ता जी, प्रमोद राय , गुड्डू प्रधान इत्यादि रहे। कार्यक्रम की शुरुवात स्वर्गीय एम एल भरतिया की छाया प्रति पर पुष्पांजलि अर्पित किया,ततपश्चात अतिथियों द्वारा सुंदरकांड के पाठ में जाकर पूजा अर्चना किया गया तथा इसके बाद रक्तदान शिविर का शुभारम्भ किया गया , इसके पश्चात अतिथियों द्वारा 65 गरीब परिवारों को वस्त्र वितरण किया गया। 47 कर्मचारियो ने रक्तदान किया और इस रक्तदान शिविर में बीआरडी मेडिकल कालेज की टीम और जिला चिकित्सालय की टीम सयुक्त रूप से सहयोग किया। मुख्य अतिथि कुलपति जेपी पांडेय जी ने सभा को सम्बोधित करते हुए कहा की आईजीएल कचरे से रोजगार और राजस्व देने वाली पूर्वांचल की पहली कंपनी है जो अपने उत्पादों से बाजार में एक नंबर स्थापित है और एस के शुक्ल के नेतृत्व में शिक्षा , रोजगार , चिकित्सा के क्षेत्र में अनेको कार्य कराये जा रहे है , सह मुख्य अतिथि अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन ने पूर्व संस्थापक को नमन किया और कहा की निसंदेह वर्तमान प्रबंध निदेशक श्री उमाशंकर भरतिया एवं बिजनेस हेड एस के शुक्ल के नेतृत्व में कंपनी तेजी से विकास और उन्नति के पथ पर आगे बढ़ रही है और बताया की कैसे इनके द्वारा आपरेशन त्रिनेत्र में सहयता दी गयी है और आईजीएल पुरे प्रदेश में सीएसआर के कार्य तेजी से कर रही है , तदोपरांत सह मुख्य अतिथि पूर्व जिला जज श्री जेएन पांडेय जी ने महिलाओं के अधिकारो के बारे में बताते हुए कहा कि भारत देश का संविधान में महिला को भी पुरूष के समान अधिकार दिया गया हैं। महिलाओं को समान वेतन का अधिकार, घरेलू हिंसा के खिलाफ अधिकार, मातृत्व संबंधी लाभ के लिए अधिकार, कन्या भ्रूण हत्या के खिलाफ अधिकार, मुफ्त कानूनी मदद के लिए अधिकार, गरिमा और शालीनता के लिए अधिकार, संपत्ति पर अधिकार के संबंध में विस्तार से जानकारी दी।तथा विस्तार से लोक अदालत की प्रडाली पर प्रकाश डाला इसके उपरान्त सह मुख्य अतिथि अपर जिला जज श्री राम कृपाल जी ने अपने सम्बोधन में महिलाओं को महिला सुरक्षा और सम्मान, अपने अधिकारों और कानून के प्रति सजग, लैंगिग समानता, महिला अपराधों में कमी, युवाओं में नारी सम्मान के महत्व को समझाना आदि की महिलाओं को विस्तार से जानकारी दी।बिजनेस हेड एस के शुक्ल ने अपने सम्बोधन में कहा की हनुमान जी जब लंका में जा रहे थे तब पर्वत ने उनसे प्रश्न किया था कि सनातन धर्म की परिभाषा क्या है, तब उन्होंने जवाब दिया था कि कोई आप पर कृपा करे तो उसके प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करना ही सनातन धर्म का कर्तव्य है।

## महंगाई को लेकर महिला कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन आज

**सोनभद्र।** महिला कॉग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष नेटटा डिसूज़ा के आह्वान व प्रदेश अध्यक्ष शहला अहरारी के निर्देश पर भाजपा सांसद जगाओ अभियान 10 मार्च से 12 मार्च के बीच भाजपा सांसदों के घरों व कार्यलयों के समाने महंगाई के विरोध में सांसद जगाओ अभियान थाली पीटकर प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया है। इसी क्रम मे सोनभद्र महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने 12 मार्च को कमरतोड़ महगाई के खिलाफ सांसद के आवास/कार्यालय पर जिला महिला कॉग्रेस की अध्यक्ष उषा चौबे के नेतृत्व मे महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा थाली पीटकर विरोध प्रदर्शन कर विरोध प्रदर्शन करने का निर्णय लिया है। उन्होंने बताया की कमरतोड़ मंहगाई से लोगों का घर चलाना मुश्किल हो गया है। इसको लेकर सांसद राबर्ट्सगंज के घर के सामने थाली पीटकर प्रदर्शन किया जायेगा, ताकि बीजेपी सांसद सदन में जनता के पक्ष में मुह खोलकर जनता की परेशानियो को आवाज प्रदान कर सके।

## पासी उत्थान समिति की बैठक होली मिलन के साथ सम्पन्न

**श्रीकोटवाधाम, बाराबंकी।** स्थानीय चौराहे पर स्थित चौधरी रैन बसेरा पर पासी समाज के लोगों की बैठक पासी उत्थान समिति के अध्यक्ष प्रमोद कुमार रावत नन्हा की अध्यक्षता में हुई बैठक से पूर्व एक दूसरे के गले मिल होली की बधाई दी? बैठक में समाज की दशा और दिशा पर चिंतन करते हुए वक्ताओं ने उपस्थित पासी समाज के स्वाजातीय लोगों से अपील किया कि नशा का त्याग कर बच्चों को शिक्षित करने एंव हक हकूक के लिए संघर्ष करने की बात कही गई।इस मौके पर राधेश्याम रावत डाक्टर रामलखन रावत बच्चूलाल रावत नथ्थाराम रावत पूर्व प्रधान साहेब शरण रावत दिनेश कुमार रावत अजय रावत बृजेश कुमार रावत एडवोकेट शिवम कुमार रावत सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## पुरानी पेंशन बहाली को लेकर 14 मार्च को होगी बाइक रैली

**कोटवा धाम बाराबंकी।** आगामी 14 मार्च को पुरानी पेंशन बहाली को लेकर जिले पर होने वाली शंखनाद मोटरसाइकिल रैली को लेकर ब्लॉक सभागार में सफाई कर्मचारी संघ के ब्लॉक अध्यक्ष रामराज की अध्यक्षता व ब्लॉक महामंत्री प्रमोद कुमार की संयोजक मे सफाई कर्मियों ने बैठक करके जिला पंचायत राज अधिकारी को संबोधित पत्र खंड विकास अधिकारी को सौंपा। इस अवसर पर सुंदर लाल यादव इमामुद्दीन राजेंद्र प्रसाद वीरेंद्र अशोक कुमार पुत्तन लाल हरिराम नवनीत कुमार राकेश कुमार संतोष कुमार बिंद्रा प्रसाद आदि मौजूद रहे।

## ग्राम चौपाल में सुनी गई समस्याएं

**हैदरगढ बाराबकी।** गांव की समस्या का गांव पर ही समाधान हो इसके उद्देश्य से ग्राम पंचायत गोसियामऊ में ग्राम पंचायत चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।जिसमे लेखपाल को उपस्थित रहने के लिये निर्देशित किया। इसके बावजूद भी चौपाल कार्यक्रम मे लेखपाल नही पहुचे और नदारद रहे। जिसको लेकर खण्ड विकास अधिकारी ने नाराजगी व्यक्त की और कार्यवाही करने की बात कही है।

## जागरण मंच के होली मिलन समारोह में कवियों की रचनाओं पर खूब लगे ठहाके

**बाराबंकी।** राष्ट्रीय जागरण मंच के तत्वावधान में व अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के सहयोग से तथा अध्यक्ष मनोज श्रीवास्तव के संयोजन में बाराबंकी नगर के ब्रम्ह लान में होली मिलन समारोह व काव्य गोष्ठी तथा रंगारंग संगीत कार्यक्रम का भव्य आयोजन हुआ। हास्य कवि अनिल श्रीवास्तव लल्लू जी के कुशल संचालन में मंच संचालन में कवि ओपी वर्मा ओम, रवि अवस्थी, अयोध्या प्रसाद अवस्थी,शिव कुमार व्यास,प्रमोद महाजन, जितेंद्र श्रीवास्तव,साहब नारायण,पार्थ श्रीवास्तव कवियों ने एक से बढ़कर एक ओजस्वी व रोचक रचनाएं प्रस्तुत कर होली मिलन के माहौल में रंग भर दिया। प्रतिष्ठित संगीत गुरु प्रभात दीक्षित के नेतृत्व में गायकों ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों से श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया जिनमें प्रमुख रूप से संजीव भदौरिया, गर्वित श्रीवास्तव ,इंजी डी के श्रीवास्तव,प्रभात सिन्हा, मेघना मिश्रा,मोनिका श्रीवास्तव, सुरभि श्रीवास्तव, हिमांशु श्रीवास्तव ने मधुर गीतों से समां बांध दिया।

## ओज कवि ओम को मिलेगा साहित्य गौरव सम्मान

**बाराबंकी।** कवि ओपी वर्मा ओम को वर्ष 2022-23 का साहित्य गौरव सम्मान प्रदान किए जाने की घोषणा से जनपद के कवि-साहित्यकारों ने खुशी जाहिर की है। कवि श्री ओम को साहित्यप्रेमी दूरभाष व सोशल मीडिया के माध्यम से बधाई भी दे रहे हैं। उल्लेखनीय है कि शहर के मोहल्ला दीनदयाल नगर निवासी कवि ओपी वर्मा ओम अखिल भारतीय कवि सम्मेलन के मंचों पर ओज कवि के रूप में प्रसिद्ध हैं। कवि श्री ओम की काव्य संग्रह पुस्तक 'ओमान्जलि' वर्ष 2021 में प्रकाशित हुई। श्री ओम इस समय अपनी दूसरी पुस्तक 'गीत-गगन' को लेकर चर्चा में हैं। राज्य कर्मचारी साहित्य संस्थान उत्तर प्रदेश द्वारा प्रत्येक वर्ष कवि-साहित्यकारों को विभिन्न सम्मानों से सम्मानित किया जाता है। हाल ही में राज्य कर्मचारी साहित्य संस्थान ने वर्ष 2022-23 के पुरस्कारों की सूची जारी की है। जिसमें जिले के निवासी वरिष्ठ ओज कवि ओपी वर्मा ओम को साहित्य गौरव सम्मान प्रदान किए जाने की घोषणा की गयी है।

## श्रीराम जन्मोत्सव की तैयारियां तेज

**अयोध्या।** नगर में होने वाले नौ दिवसीय श्रीराम जन्मोत्सव की तैयारी तेज हो गई है। इसी सिलसिले में शुक्रवार को श्रीराम जन्मोत्सव समिति की बैठक तीन कलशा तिवारी मंदिर में संपन्न हुई।बैठक में नौ दिवसीय चलने वाले विभिन्न धार्मिक सांस्कृतिक कार्यक्रमों को सकुशल संपन्न कराने के लिए कार्यक्रम प्रभारियों ने मंथन चिंतन किया।बैठक का मार्गदर्शन वरिष्ठ प्रचारक और समिति के संरक्षक गोपाल जी ने किया।उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम हम सबके लिए प्रेरणादायी और समाज के लिए अनुकरणीय हो,ऐसा प्रयास होना चाहिए।अयोध्या भगवान श्री राम की जन्मभूमि के साथ देश की ही नहीं विदेशों में रहने वाले सनातनियों के लिए धार्मिक एवं सांस्कृतिक राजधानी के रूप में है।यहां से निकलने वाला विचार एक व्यापक संदेश प्रदान करता है।महंत गिरीश त्रिपाठी ने कहा कि समाज की एकता और समरस्तता के लिये हम सभी संकल्पबद्ध है।प्रभु ने जिस मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी है,उसी का अनुसरण हम सभी कर रहे हैं। आज उनकी पावन जन्मभूमि पर बहुप्रतीक्षित मंदिर का निर्माण हो रहा है।

## सांत्वना देने के लिए नेताओं एवं समाज सेवियों का सिलसिला जारी

**कोटवा धाम बाराबंकी।** होली के दिन बदोसरांय कस्बे में चार किशोरों की हादसे में हुई मौत के बाद उनके परिजनों को सांत्वना देने के लिए नेताओं एवं समाज सेवियों का सिलसिला लगातार चल रहा है। शुक्रवार को भाजपा के पूर्व विधायक शरद अवस्थी ने चारों मृत किशोरों के परिवार से मिलकर घटना पर दुःख व्यक्त करते हुए सांत्वना दी। साथ ही उन्होंने एसडीएम और विकास खंड अधिकारी से दूरभाष पर वार्ता कर आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने के लिए भी कहा। एक मृतक की बहन की शादी अप्रैल में होने की सूचना उसके पिता द्वारा दी गई। जिसपर पूर्व विधायक ने उन्हें शादी में पूरी मदद का आश्वासन दिया है।

# जमीन के खातिर किसान की गला घोंटकर हत्या

- मटौंध थाना क्षेत्र के मोहन पुरवा गांव का मामला
- पुलिस ने आरोपित भांजे को हिरासत में लिया


घटनास्थल का निरीक्षण करते पुलिस अधीक्षक अभिनंदन — समृद्धि न्यूज

**बांदा। समृद्धि न्यूज**

**घर में** सो रहे किसान की गला घोंटकर हत्या कर दी। वारदात को अंजाम देने के बाद उसका भांजा मौके से फरार हो गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने दबिश देकर गांव से ही उसे हिरासत में ले लिया। सूचना पाकर पुलिस अधीक्षक, डाग एस्कवायड और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंच गई, मामले की जांच पड़ताल की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस का कहना है कि जमीन नाम न करने के विवाद में किसान की हत्या की गई है। हालांकि हिरासत में लिए गए भांजे से पूछतांछ की जा रही है। मटौंध थाना क्षेत्र के मोहन पुरवा गांव निवासी भवानीदीन वर्मा (70) पुत्र पत्ते वर्मा किसानी करता था। वह कुष्ट रोग से पीड़ित था। उसके हिस्से करीब साढ़े सात बीघा जमीन है। वह कुछ कामकाज नहीं कर पाता था। देखरेख के लिए उसने अपने भांजे नीतू निवासी अकबई महोबा को अपने साथ रख लिया था। गुरुवार की रात करीब 10 बजे खाना खाकर वह कमरे में सो गया। रात में उसकी गला घोंटकर हत्या कर दी गई। मृतक के भाई के दामाद मंगल व अन्य रिश्तेदारों ने बताया कि दम घुटने जैसी उसकी आवाज सुनी गई थी। इससे पड़ोस के दो-तीन लोग घर गए थे। दरवाजा खटखटाया, उसका भांजा नीतू घर के बाहर निकला और बताया कि भवानीदीन की तबीयत खराब है। पड़ोसियों के वहां से जाने के बाद नीतू वहां से फरार हो गया। शुक्रवार सुबह करीब आठ बजे दूध वाला किसान के घर पहुंचा। उसने कुण्डी खटखटाई लेकिन अंदर से कोई हरकत नहीं हुई। दूध वाले ने पड़ोसी रिश्तेदारों से बताया। कुछ रिश्तेदार सीढ़ी लगाकर मकान के अंदर पहुंचे। देखा तो किसान तखत पर मृत पड़ा हुआ था। घटना से इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना पाकर थानाध्यक्ष मटौंध मौके पर पहुंच गए। इसके बाद पुलिस अधीक्षक, सीओ सिटी सहित पुलिस अधिकारी, फोरेंसिक टीम, डाग एस्कवायड मौके पर पहुंच गए। घटनास्थल का बारीकी से मौका मुआयना किया। बताया कि भवानीदीन दो भाइयों में छोटा था। उसके बड़े भाई रामप्रसाद की करीब 10 वर्ष पहले बीमारी से मौत हो चुकी है। दोनो भाइयों के हिस्से में साढ़े 7-7 बीघा जमीन है। लेकिन जमीन जंगल में होने से परती पड़ी हुई है। उनकी दो बहनें हैं। इसमें एक बहन सिया इंगोहटा हमीरपुर में ब्याही है, दूसरी बहन सरमन अकबई गांव में रहती है। भवानीदीन ने अपनी जमीन दोनो बहनों के पुत्रों के नाम वसीयत कर दी थी। इसी बात को लेकर नीतू विवाद करता था। पुलिस को यह शक है कि नीतू ने ही जायदाद के चक्कर में उसकी गला घोंटकर हत्या कर दी है। पुलिस अधीक्षक अभिनंदन ने बताया कि फरार भांजे को गांव में दबिश देकर पकड़ लिया गया है। उससे घटना के बारे में पूछतांछ की जा रही है। प्रथम दृष्टया यह लग रहा है कि जमीन के चक्कर में हत्या की गई है। मामले की जांच की जा रही है।

# होली मिलन समारोह सम्पन्न

**महोबा। समृद्धि न्यूज**





**अखिल** भारती सहकार भारती की कुलपहाड़ इकाई का होली मिलन समारोह नगर में स्थित पीतांबरा मैरिज गार्डन में संपन्न हुआ कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित सहकार भारती के प्रदेश महामंत्री डॉ प्रवीण सिंह जादौन ने कहा कि सहकारिता का मूल मंत्र है,÷एक सबके लिए और सब एक के लिए÷. हमें भी इसी सिद्धांत पर आधारित सहकारी समितियों के निर्माण पर बल देते हुए आगे बढ़ना होगा। आर्थिक आवश्यकता की पूर्ति के लिए सहकारिता के माध्यम से संस्थाबद्ध हुए लोग, जो व्यवसाय चलाकर समाज की आर्थिक सेवा तथा संस्था के सभी सदस्यों को आर्थिक लाभ मे भागीदार कराते हैं, को सहकारिता या सहकारी समिति कहा गया। इसमें जातिवाद वर्ग बाद और क्षेत्रवाद को छोड़कर सभी को समान रूप से अवसर प्रदान किए जाते हैं प्रदेश सरकार ने सभी पैक्स सोसाइटी यों को बहुउद्देशीय सोसाइटी का दर्जा प्रदान किया है जिससे इनका दायरा और बढ़ गया है अब सोसाइटी आ विभिन्न रोजगार के माध्यमों से अपनी आय को बढ़ा सकते हैं उस आईटी की आय बढ़ने से उसका लाभ सोसायटी के सभी सदस्यों को मिलता है।

डॉक्टर जादौन ने आने वाले सहकारिता चुनाव पर प्रकाश डालते हुए सभी सदस्यों से सक्रिय भागीदारी की अपील की। कार्यक्रम में उपस्थित सभी सदस्यों ने एक दूसरे के साथ हर्बल गुलाल और फूलों की होली खेली। कार्यक्रम की अध्यक्षता तहसील अध्यक्ष आकाश मिश्रा ने की इस अवसर पर महेंद्र सोनी प्रदेश मंत्री, डॉ. मनोज कुमार द्विवेदी, प्रदेश सह संयोजक एफपीओ प्रकोष्ठ, उपेन्द्र सिंह, जिलाध्यक्ष, जनपद जालौन, देवेंद्र अरजरिया जिला संयोजक एफपीओ प्रकोष्ठ, अजय व्यास मीडिया प्रभारी, रामनरेश यादव तहसील महामंत्री, हेमंत, सत्या, रीतेश, दीपक संदीप, भरत, रिषिराज आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सपा के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल ने मृतकों के घर जाकर शोक संवेदना व्यक्त की

**इटावा। समृद्धि न्यूज**



**सपा** के राष्ट्रीय महासचिव विधायक शिवपाल सिंह यादव ने सड़क हादसे में काल के गाल में समय तीन युवाओं के घर पहुंच कर शोक संवेदना व्यक्त की। विदित हो कि होली के दिन क्षेत्र के आराजी सराय भूपत नगला बाबा निवासी तीन युवाओं की बाइक में तेज रफ्तार वाहन ने टक्कर मार दी थी जिससे राजकुमार पुत्र सुधीर यादव, अंकुश पुत्र राजवीर यादव, आशीष यादव पुत्र राजीव यादव की टक्कर से दर्दनाक मृत्यु हो गई थी। इस हादसे से अभी तक आस पास के गांवों में भी सन्नाटा छाया हुआ है।समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव क्षेत्रीय विधायक पूर्व कैबिनेट मंत्री शिवपाल सिंह यादव ने परिवार वालों से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि सरायभूपत प्रधानपति रमेश यादव ने इस दुर्घटना की जानकारी फोन से दी तो यह सुनकर मन बहुत दुःखी हुआ।सड़क हादसे दिनों दिन बढ़ रहे हैं हम सभी लोगों की जिम्मेदारी बनती है कि युवाओं को समझाएं कोई जरूरी काम हो तो ही घर से वाहन लेकर निकलें और हेलमेट एवं सील्ट बेल्ट का प्रयोग करें। सराय भूपत कटेखेड़ा में भी शोक संवेदना व्यक्त करने पहुंचे शिवपाल सिंह यादव ने स्वर्गीय प्रेम सिंह पुत्र रामगोपाल यादव, आकाश यादव एवं स्वर्गीय शिशुपाल सिंह के पुत्र बिंटू भाई मुन्नी यादव से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त की। इस दौरान उनके साथ ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अनुज मोंटी यादव, जिला पंचायत सदस्य सचिन यादव, जैनपुर नागर प्रधानपति सत्यवीर यादव, अजेंद्र सिंह गौर, अराजी सराय भूपत प्रधान ब्रजेश यादव, सपा नेता मोना यादव, बबलू शाक्य, जगदीश यादव, सोनू यादव, पत्रकार आमीन भाई, विनय यादव, अजय यादव, बबलू यादव, युवा नेता सौरभ यादव, भूरे यादव, गजेंद्र यादव, अनुराग यादव, ब्रजेश यादव आदि लोगों ने शोक संवेदना व्यक्त की है।

# महिला ग्राम प्रधान राजकुमारी राजपूत स्वच्छ सुजल शक्ति अवार्ड से हुई सम्मानित



**महोबा। समृद्धि न्यूज**

**अंतर्राष्ट्रीय** महिला दिवस के मौके पर ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर कार्य के लिए महिला प्रधान को सम्मानित किया गया सूबे की राजधानी लखनऊ में राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन के तहत जल जीवन मिशन हर घर नल हर घर जल योजना के कार्यों में बेहतर कार्य करने पर कबरई विकासखंड की ग्राम पंचायत मिरतला प्रधान राजकुमारी राजपूत को सम्मानित किया गया है जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन के अधिशासी निदेशक प्रियरंजन कुमार एवं हहक्क संस्थान से राज्य सलाहकार चारु शुक्ला के द्वारा स्वच्छ सुजल शक्ति सम्मान अवार्ड से सम्मानित किया गया जिले में अवार्ड पाने वाली एकमात्र महिला प्रधान रही हैं।

## खबरें एक नजर में

### जायट्स परिवार ने डॉ. कैलाशचंद्र यादव को किया सम्मानित



इटावा। जायट्स ग्रुप की ओर से शिक्षाविद पान कुंवर इंटरनेशनल स्कूल के निदेशक डॉ. कैलाश चंद यादव को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। यूनिट निदेशक ललित सक्सेना ने कहा कि डॉ कैलाश चंद यादव ने शिक्षा जगत में उत्कृष्ट कार्य किए है। जिले में ही नहीं उनकी पहचान आज शिक्षा के क्षेत्र में दूर- दूर तक है। उपाध्यक्ष विमल कुमार सिंह ने बताया कि डॉ. कैलाश यादव एक समाजसेवी व शिक्षाविद होने के साथ ही समाज में महती भूमिकाओं का निर्वहन कर रहे हैं। ऐसे में फेडरेशन द्वारा उन्हें सम्मानित करने का निर्णय लिया गया। सम्मान को लेकर डॉ. शिवराज सिंह यादव व फेडरेशन अध्यक्ष उषा यादव ने भी उन्हें बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### अभिभावक गोष्ठी का आयोजन किया गया

**इटावा।** आदर्श प्राथमिक विद्यालय एवं इंडियन एकेडमी मुहल्ला कायस्थान इकदिल में अभिभावक गोष्ठी का आयोजन प्रबन्धक राम अवतार तिवारी की अध्यक्षता में किया गया । अभिभावक गोष्ठी में बड़ी संख्या में अभिभावक बंधुओं ने भाग लिया। गोष्ठी में शिक्षा व्यवस्था को और अधिक बेहतर बनाने के लिये शिक्षकों के साथ अभिभावकों ने विचार विमर्श कर अपने अपने सुझाव दिए । गोष्ठी में प्रधानाचार्य डॉ.सुशील सम्राट ने अभिभावकों से अपील की कि वह शिक्षा के साथ-साथ बच्चों को संस्कारवान बनाने में सहयोग करें और घर पर बच्चों को भी समय दें क्योंकि वर्तमान में बच्चों को संस्कार देना बहुत ही आवश्यक है। इस अवसर पर उप प्रधानाचार्या ऋचा तिवारी, सुशीला देवी, सुमन चौहान, स्वेच्छा राजपूत, दामिनी शुक्ला, अंजली यादव, लक्ष्मी, दीक्षा, शिवानी राजपूत, अंजली शाक्य, सेजल श्रीवास्तव आदि उपस्थिति रहीं।

### नवनिर्वाचित प्रधान गौरव मिश्रा को बीडीओ ने शपथ दिलाई

**इटावा।** ब्लॉक क्षेत्र महेवा की ग्राम पंचायत महिपालपुर के नवनिर्वाचित ग्राम प्रधान को जिलाधिकारी के आदेशानुसार बीड़ीओ महेवा द्वारा पद एव गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। प्राप्त विवरण के अनुसार ग्राम महिपालपुर में पूर्व प्रधान अजब सिंह की मृत्यु के बाद उपचुनाव हुआ था। मतगणना के बाद गौरव मिश्रा को निर्वाचित घोषित किया गया था जिन्हें जिलाधिकारी अवनीश कुमार राय के आदेश पर खण्ड विकास अधिकारी महेवा सूरज सिंह ने ब्लॉक कार्यालय में पद एवम गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर साहायक विकास अधिकारी पँचायत श्याम वरन राजपूत , लेखाकार मनरेगा धीरेन्द्र सिंह , कमलेश राजपूत ,मनोज कुमार दुबे आदि मौजूद रहे।

### कंचन पुरवा में खेली गई फूलों की होली

**बांदा।** शहर के कंचन पुरवा मुहल्ले में भाई दूज के मौके पर फूलों की होली का आयोजन किया गया। इस होली में राधाकृष्ण की झांकी आकर्षण का केंद्र रही। होली के दौरान बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों ने भी प्रतिभाग किया और होली पर्व को यादगार बनाते हुए फूलों की होली खेली। इसके दौरान डीजे की धुन पर होरियारे जमकर थिरके। अबीर गुलाल माथे पर लगाकर एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं भी दीं। भाजपा नेता और समाजसेवी श्याम मोहन धुरिया की नेतृत्व में कंचन पुरवा माता मंदिर के पास होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर फूलों की होली का भी आयोजन किया गया। तकरीबन एक कुंतल फूलों से होली खेली गई। इस दौरान राधाकृष्ण की झांकी का भी आयोजन किया गया जो बहुत ही मनमोहक रही। होली पर्व को यादगार बनाने के लिए प्रतिवर्ष यहां पर फूलों की होली का आयोजन किया जाता है। राधाकृष्ण की झांकी प्रस्तुत करने के साथ होली पर्व मनाया जाता है। फूलों की होली का आनंद लेने के लिए कंचन पुरवा इलाके के युवा, बुजुर्ग और बच्चे भी भारी संख्या में पहुंचते हैं। भाई दूज के मौके पर फूलों की होली का आयोजन किया गया, इसमें हजारों लोगों ने प्रतिभाग किया। डीजे की धुन पर होरियारे जमकर थिरके और फूलों की होली खेली। इस दौरान हरीमोहन धुरिया, अंकित, आसिफ, नागेश्वर मिश्र, ज्ञानेंद्र मिश्र के अलावा सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

### कुल्हाड़ी के काटकर बेटे ने ही की थी पिता की हत्या

**बांदा।** घर में सो रहे पुजारी की धारदार हथियार से हुई हत्या का पुलिस ने शुक्रवार को खुलासा कर दिया। एसपी ने बताया कि बेटे ने ही अपने दो सहयोगियों के साथ मिलकर अपने पिता की कुल्हाड़ी से काटकर निर्मम हत्या कर दी थी। हत्या का कारण जमीन का लालच सामने आया है। पुलिस ने आरोपी बेटे समेत तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। उनके कब्जे से आला कत्ल कुल्हाड़ी और लाठी बरामद कर ली गई। मृतक का कीपैड मोबाइल भी बरामद किया गया है। देहात कोतवाली क्षेत्र के महोखर गांव निवासी शत्रुघन तिवारी (65) पुत्र शिवनारायण तिवारी गांव के ही रामजानकी मंदिर का पुजारी था। उसकी 8 मार्च की रात कुल्हाड़ी से काटकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में मृतक की पत्नी मुक्ता देवी ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने सुरागरसी करते हुए मृतक के पुत्र विपिन तिवारी को शक के आधार पर हिरासत में ले लिया था और पूछतांछ की। सख्ती से पूछतांछ के दौरान विपिन ने पूरा राज उगल दिया।

# आग लगने से गोदाम में रखा सामान जलकर खाक, लगभग 50 लाख का नुकसान



पनवाड़ी महोबा। पनवाड़ी कस्बे में किराना दुकान के गोदाम में भीषण आग लग गई, जिससे 50 लाख का सामान जलकर राख हो गया। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने तीन घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। पनवाड़ी कस्बे में बुडेरा रोड स्थित किराना दुकान के गोदाम में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। इस हादसे में 50 लाख से अधिक का नुकसान हुआ है। मिली जानकारी के कस्बा पनवाड़ी निवासी मुन्नीलाल अग्रवाल का तीन मंजिला मकान है। उसी में किराना की दुकान और गोदाम बनाए थे। सुबह मुन्नीलाल और पुत्र ऋषिराज मंदिर गए थे और मकान में ताला लगा था। तभी मकान से आग की लपटें और धुएं का गुबार उठने पर लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। आग बुझाने और सामान बाहर निकालने के दौरान इन्वर्टर की बैटरी फटने से तीन लोग घायल हो गए। तीन फायर ब्रिगेड गाड़ियों से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। घटना में गोदाम में रखा रिफाइंड 200 गत्ता, शक्कर 100 बोरा से ज्यादा, तेल सहित कीमती सामान जलकर राख हो गया। पीड़ित मुन्नीलाल ने बताया कि घटना में 30 लाख का सामान और 20 लाख कीमत के उपकरण जल गए हैं।

13 मार्च को वीर भूमि महोबा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं केन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी का कार्यक्रम

# जिलाधिकारी ने तैयारियों का लिया जायजा

**महोबा। समृद्धि न्यूज**







**13 मार्च** को केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी व प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का कार्यक्रम प्रस्तावित है। कार्यक्रम की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। कार्यक्रम पुलिस लाइन के पास स्थित मोदी ग्राउंड में होगा।13 मार्च को संभावित शिलान्यास कार्यक्रम को लेकर स्थानीय स्तर पर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। मोदी ग्राउंड में टेंट लगाने का काम शुरू कर दिया गया है। भाजपा जिलाध्यक्ष जितेंद्र सिंह सेंगर का कहना है कि केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री का 13 मार्च को कार्यक्रम लगभग तय हो गया है। अभी आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। वह शिलान्यास करेंगे।

जिलाधिकारी मनोज कुमार की अध्यक्षता में दिनांक 13 मार्च 2023 को मोदी ग्राउंड में केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उ0प्र0 सरकार के प्रस्तावित कार्यक्रम की चल रही तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने बताया कि सभी अधिकारी और कर्मचारीगण अपनी- अपनी ड्यूटी का जिम्मेदारी से निर्वाहन करें। उन्होंने एआरएम को निर्देश दिए की बसों की व्यवस्था को सुनिश्चित कराएं तथा एआरटीओ से कहा कि वीआईपी गाड़ियों की व्यवस्था को सुनिश्चित कराएं। उन्होंने नगर पालिका अधिशासी अधिकारी से कहा कि ग्राउंड की साफ सफाई, मोबाइल टॉयलेट, पानी के टैंकर की व्यवस्था जल्द से जल्द सुनिश्चित कराई जाए।अधिशाषी अभियंता पीडब्ल्यूडी को हेलीपैड की व्यवस्था तथा रोड बनाने के निर्देश दिए।उन्होंने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका महोबा को निर्देशित करते हुए कहा कि खराब पड़ी लाइटों को तत्काल सही करवाया जाए एवं रोड पर लगे खंभों में तिरंगा लाइट लगाई जाए। जिलाधिकारी ने मोदी ग्राउंड पर चल रही तैयारियों का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी वित्त राजस्व रामप्रकाश, एडीएम न्यायिक शिशिर कुमार, सीडीओ चित्रसेन सिंह, एसडीएम सदर जितेन्द्र सिंह एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# 15 मार्च तक अस्थाई गौशालाओं का निर्माण करायेः डीएम

**मैनपुरी। समृद्धि न्यूज**



**जिलाधिकारी** अविनाश कृष्ण सिंह ने मा. मुख्यमंत्री जी की प्राथमिकता वाले विकास कार्यक्रमों की समीक्षा के दौरान खंड विकास अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिस विकास खंड में जितनी अस्थाई गौशालाओं की आवश्यकता हो, उन विकास खंडों में 15 मार्च तक अस्थाई गौशालाओं का निर्माण कराकर क्षेत्र के निराश्रित गौवंश संरक्षित किए जाएं, संबंधित उप जिलाधिकारी 02-03 दिन में भूमि की उपलब्धता सुनिश्चित कराएं, विशेषतौर पर मैनपुरी शहर, भोगांव तहसील के आसपास, करहल कोतवाली के आसपास जितने भी निराश्रित गौवंश घूम रहे हैं, उन्हें तत्काल पकड़वाकर जिन अस्थाई गौशाला में निर्धारित क्षमता के सापेक्ष कम गौवंश संरक्षित है, उन गौशालाओं में संरक्षित किया जाए, खंड विकास अधिकारी कम से कम 25-25 गौवंशों को पशु सहभागिता योजना में ग्राम प्रधानों का सहयोग लेकर गौपालकों को उपलब्ध कराएं यदि किसी क्षेत्र में निराश्रित गौवंश सड़कों पर दिखें तो संबंधित खंड विकास अधिकारी, अधिशासी अधिकारी नगर निकाय की जिम्मेदारी तयकर कार्यवाही होगी। सिंह ने खंड विकास अधिकारियों, परियोजना अधिकारी डूडा को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी, ग्रामीण, मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण में कोई भी पात्र व्यक्ति योजना का लाभ पाने से वंचित न रहे, किसी भी अपात्र व्यक्ति को योजना में लाभान्वित न किया जाए, खंड विकास अधिकारी, परियोजना अधिकारी डूडा स्वयं प्राप्त आवेदनों का स्थलीय सत्यापन करें, अधीनस्थों पर निर्भर न रहें, परियोजना निदेशक डी.आर.डी.ए., उपायुक्त मनरेगा से कहा कि रैंडमतौर पर आवास योजना के लाभार्थियों का सत्यापन करें यदि किसी अपात्र व्यक्ति को योजना में लाभान्वित किया गया तो संबंधित खंड विकास अधिकारी, परियोजना अधिकारी डूडा की जिम्मेदारी तय कर कार्यवाही होगी। उन्होंने असंतोष व्यक्त करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के प्राप्त आवेदनों के सत्यापन के कार्य में कुछ खंड विकास अधिकारियों, उप जिलाधिकारियों द्वारा विलंब किया जा रहा है, खंड विकास अधिकारी घिरोर के यहां 121, जागीर के यहां 36, किशनी के यहां 83, उप जिलाधिकारी मैनपुरी के यहां 127, कुरावली के यहां 45, किशनी के यहां 53 आवेदन सत्यापन हेतु अवशेष है। उन्होंने संबंधित खंड विकास अधिकारियों, उप जिलाधिकारियों को हिदायत देते हुए कहा कि आगामी 02 दिन में लंबित आवेदन पत्रों का सत्यापन कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता जल निगम को निर्देशित करते हुए कहा कि हर घर जल योजना के तहत ग्राम पंचायतों में घर-घर कनेक्शन दिए जाने की प्रगति बेहद निराशाजनक है, 1000 कनेक्शन प्रतिदिन के सापेक्ष मात्र 250 कनेक्शन ही किए जा रहे हैं, लेबर बढ़ाकर निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष प्रतिदिन नल संयोजन कराये जाएं, प्रत्येक ग्राम पंचायत पर पांच सदस्यीय पानी समिति का गठन भी तत्काल किया जाए, समस्त विद्यालयों, आंगनवाड़ी केंद्रों, स्वास्थ्य केंद्रों सहित अन्य शासकीय कार्यालयों में पानी की गुणवत्ता की जांच कराई जाए। उन्होने गोल्डन कार्ड की प्रगति की समीक्षा के दौरान मुख्य चिकित्साधिकारी से कहा कि सभी पात्र व्यक्तियों के तत्काल गोल्डन कार्ड बनाये जाएं, ताकि गरीब व्यक्तियों को निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें। मुख्य विकास अधिकारी विनोद कुमार ने समीक्षा के दौरान बैठक में उपस्थित कार्यदायी संस्थाओं के अभियंताओं से कहा कि निर्माणाधीन कार्यों की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए, अद्योमानक कार्य पाए जाने पर संबंधित कार्यदायी संस्था के अभियंता, ठेकेदार की जिम्मेदारी तय कर कार्यवाही होगी। उन्होंने कहा कि टेक्निकल टीम द्वारा संचालित निर्माणाधीन कार्यों की जांच के दौरान यू.पी.पी.सी.एल. के द्वारा कराए जा रहे कार्यों में कई कमियां पायी गयीं, बेसिक शिक्षा कार्यालय में निर्माणाधीन भवन की गुणवत्ता बेहद खराब पाए जाने की रिपोर्ट भी टेक्निकल टीम द्वारा दी गई है, जिस पर उन्होंने कार्यदायी संस्था यू.पी.पी.सी.एल. के सभी भुगतान तत्काल प्रभाव से रोके जाने के निर्देश देते हुए कार्यदायी संस्था के अभियंता को निर्देशित करते हुए कहा कि कार्यों की गुणवत्ता सुधारें, जहां भी कमियां मिली है उन्हें तत्काल दूर किया जाए। उन्होंने जिला समाज कल्याण अधिकारी से कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत इस माह में जिन गरीब कन्याओं की शादी का कार्यक्रम आयोजित होना है, उसे पूरी भव्यता के साथ संपन्न कराया जाए, जानकारी करने पर पाया कि आज तक तहसील करहल में 74, भोगांव में 120, किशनी में 53, मैनपुरी में 22, घिरोर में 37 एवं कुरावली में 12 आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं।

# पर्यावरण को बढ़ावा देने के लिये सभी का योगदान आवश्यक: डीएम

- मेहंदी घाट की तरह जलेसर एवं चियासर घाट पर भी गंगा आरती का आयोजन कराया जाए
- जिला गंगा समिति की बैठक में डीएम ने सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा निर्देश

कन्नौज,समृद्धि न्यूज



जिला गंगा समिति की बैठक में मौजूद डीएम व अन्य अधिकारीगण समृद्धि न्यूज

**शुक्रवार** को कलेक्ट्रेट स्थित गांधी सभागार में जिला गंगा समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि गंगा घाट का सौंदर्यीकरण कराये जाने के साथ ही प्रकाश व साफ-सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित करायी जाये। उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि मेहंदीघाट के पुल के खंभो पर एलईडी लाइट तथा तिरंगा एलईडी लाइट लगवाया जाना सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि नदी तभी सुंदर लगेगी जब उसके आस-पास का वातावरण साफ होगा। कहा कि मेहंदी घाट की तरह जलेसर एवं चियासर घाट पर भी गंगा आरती का आयोजन कराया जाए तथा सुरक्षात्मक उपाय अपनाएं जाए। उन्होंने कहा कि पर्यावरण को बढ़ावा देने के लिये सभी का योगदान आवश्यक है। जिलाधिकारी ने प्रभागीय वनाधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि गंगा तट पर जगह-जगह स्वच्छता से संबंधित जागरूकता के लिये बोर्ड लगाये जाये तथा स्वच्छता कार्यक्रमो का अयोजन किया जाए, जिससे आम जनमानस को घाटों को स्वच्छ रखने के बारे में जागरूक किया जा सके। कहा कि गंगा के पुल का सौन्दर्यीकरण कराते हुये प्रकाश तथा साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था की जाये, जिससे कि आने वाले श्रद्धालुओं तथा महानुभावों को गंगा तट का बेहतर दृश्य दिखाई दे। उन्होंने खंड विकास अधिकारी कन्नौज को निर्देश देते हुए कहा कि जिन सफाई कर्मियों की ड्यूटी घाट पर साफसफाई हेतु लगाई गई है उनका मोबाइल नंबर एवं नाम गंगा समिति के सदस्य को उपलब्ध कराया जाए तथा घाट पर प्रतिदिन साफ-सफाई कराया जाना सुनिश्चित किया जाए। कहा कि गंगा में नाव का संचालन बिना पंजीकरण व फिटनेस के न किया जाये। इसके लिये पंजीकरण अवश्य कराया जाये, जिससे कभी कोई दुर्घटना न हो। बैठक में डिप्टी कलेक्टर सुश्री गरिमा सिंह, प्रभागीय वनाधिकारी राकेश कुमार सिंह, जिला विकास अधिकारी नरेंद्र दिवेदी, जिला पंचायत राज अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी एव गंगा समिति के सदस्य मौजूद रहे।

# पूर्व सदर ब्लाक प्रमुख ने अनाथ बच्चों की आर्थिक मदद की

- सपाईयों ने सरकार से की मदद की मांग

गुरसहायगंज,समृद्धि न्यूज



आश्रितों की मदद करते सदर ब्लाक प्रमुख नबाब सिंह यादव

**विगत** दिनों पूर्व किसी बात को लेकर युवक द्वारा अपनी ही पत्नी की गोली मारकर हत्या करने के बाद फांसी का फंद्दा डालकर आत्महत्या कर ली थी। जिससे मृतकों के छोटे-छोटे 3 बच्चे अनाथ हो गए। घटना की सूचना पर समर्थकों के साथ पहुंचे पूर्व सदर ब्लाक प्रमुख ने मृतकों के परिजनों से मुलाकात कर हाल जाना एवं अनाथ बच्चों को आर्थिक मदद देने के उपरांत समाजसेवियों से भी अनाथ बच्चों की मदद करने की अपील की।

शुक्रवार को पूर्व सदर ब्लाक प्रमुख नवाब सिंह यादव ने समर्थकों के साथ क्षेत्र के ग्राम पठकनपुरवा पहुंचकर मृतकों के परिजनों से वार्ता कर हाल जाना एवं तीन छोटे-छोटे बच्चों आर्थिक मदद सौंपने के उपरांत शासन प्रशासन से अनाथ हुए बच्चों की पढ़ाई लिखाई और घर दिलाने की मांग की। इस दौरान उन्होंने कहा कि समाजसेवी एवं जनप्रतिनिधि अनाथ हुए बच्चों की मदद के लिए हाथ बढ़ाएं। जिससे अनाथ हुए बच्चों का भविष्य बेहतर बन सके। इस दौरान उनके साथ नासिर सिद्दीकी युवा सपा नेता अजीम सिद्दीकी शादाब खान अतीक हुसैन मनी गुप्ता, भोला यादव, अमित मिश्रा, सत्येंद्र यादव, रमेश यादव, सुरजीत यादव, हैप्पी यादव संजेश यादव सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा के बाद हुआ भंडारे का आयोजन

- बाबा खाटू श्याम का हुआ भव्य जागरण

गुरसहायगंज,समृद्धि न्यूज




जागरण में गीत गाता कलाकार व मौजूद श्रोता, भंडारे में प्रसाद चखते श्रद्धालु

**नगर** के तिराहा स्थित संतोषी माता मंदिर समिति के तत्वाधान में बाबा खाटू श्याम की प्रतिमा की महंतों द्वारा विधि विधान से पूजन अर्चना कर प्राण प्रतिष्ठा कराई गइ। इसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों लोगों ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। जिसके बाद शाम को जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

शुक्रवार की सुबह तिराहा स्थित प्राचीन संतोषी माता मंदिर में बाबा खाटू श्याम की प्रतिमा की महंतों द्वारा विधि विधान से प्राण प्रतिष्ठा कराई गई। जिसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसाद चखा और समिति की ओर से आयोजित भव्य जागरण में दूर दराज से आए कलाकारों विजय शुक्ला, नीरज निराला, सोनू निराला, गोल्डी शुक्ला आदि कलाकारों द्वारा दिव्य ज्योति, छप्पन भोग, अलौकिक श्रृंगार, पुष्प व इत्र वर्षा की प्रस्तुति दी गई। जिससे श्रद्धालु गण भावविभोर हो गए। इस दौरान प्रमोद आर्य, महेश गुप्ता, धीरज पांडेय, अशोक गुप्ता, लालू, प्रमोद शर्मा, वंटी चौरसिया, प्रशांत आदि मौजूद रहे।

# ट्रैक्टर की टक्कर से आटो पलटा, पांच सवारियां घायल

**सौरिख,समृद्धि न्यूज।** नादेमऊ से सवारियां लेकर सौरिख आ रहे आटो में तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी, जिससे आटो खंदी में पलट गया। हादसे में उसमें सवार पांच सवारियां घायल हो गई। राहगीरों ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। थाना क्षेत्र के नादेम ऊ से सवारियां लेकर सौरिख आ रहे आटो में तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने बहादुरपुर गांव के पास टक्कर मार दी जिससे आटो पलट गया।हादसे में उसमें सवार आकाश पुत्र रामरतन निवासी ढकापुर्वा नादेमऊ,वंदना पत्नी विनोद कुमार,सिद्धार्थ पुत्र विनोद कुमार माखनपुर हसेरन,नन्दकिशोर तथा उमेश कुमार निवासी अमृतपुर कसाबा छिबरामऊ घायल हो गए।आटो पलटते ही उसमें चीखपुकार मच गई राहगीरों ने घायलों को अस्पताल भिजवाया जहां सभी की हालत खतरे से बाहर है।

## भाई को पिटता देख बचाने आई युवती को किया घायल

**सौरिख,समृद्धि न्यूज।** विकलांग युवक को पड़ोसियों द्वारा गाली गलौज करने से मना करने पर मारपीट कर दी जिसमे वह घायल हो गया भाई को पिटता देख बचाने आये पिता पुत्री को पीटकर घायल कर दिया घायलों ने थाने पहुंचकर दिया प्रार्थना पत्र मांगा न्याय। थाना क्षेत्र के ग्राम नगला खरगायी निवासी ममता पुत्री आशाराम ने तहरीर देते हुए बताया कि उसका भाई नेम सिंह पुत्र आशाराम को गांव के ही रहने वाले छोटे, नीरज पुत्रगण रामनरेश, रामनरेश पुत्र मूलचन्द, मकरंद पुत्र जगदीश मेरे भाई को पीट रहे थे। शोरगुल सुनकर बचाने पहुंचे मेरे पिता आशाराम को मारपीट कर घायल कर दिया।

# खबरें चलते-चलते

## ट्रैक्टर निकालने से मना करने पर दंपति को पीटा

**गुरसहायगंज,समृद्धि न्यूज।** ट्रैक्टर निकालने के विवाद को लेकर दंपति के साथ गांव के एक परिवार के 3 सदस्यों ने अभद्रता व मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के ग्राम तरपुरवा निवासी रेखा देवी पत्नी सुग्रीव वर्मा द्वारा कोतवाली में दी गई तहरीर में कहा गया है कि विगत 8 मार्च की दोपहर घर के बाहर खड़ी थी। तभी ट्रैक्टर निकालने के विवाद को लेकर गांव के ही प्रमोद, रोहित, बबलू ने उसके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। बचाव में आए उसके पति सुग्रीव को भी मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस द्वारा रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## दंपति को मारपीट कर किया घायल

**गुरसहायगंज,समृद्धि न्यूज।** किसी बात को लेकर दंपति के साथ गांव के ही एक युवक ने अभद्रता व मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के ग्राम विशंभरपुर निवासी मंजू देवी पत्नी रमाकांत द्वारा कोतवाली में दी गई तहरीर में कहा गया है कि शुक्रवार की सुबह वह घर की ओर जा रही थी। तभी गांव के ही सत्येंद्र उसके साथ बेवजह गाली गलौज करने लगा। जिस का विरोध करने पर उक्त युवक ने मारपीट शुरू कर दी। बचाव में आए उसके पति रमाकांत को ही मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस द्वारा रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## गाली गलौज का विरोध करने पर युवती को पीटा

**गुरसहायगंज,समृद्धि न्यूज।** गाली गलौज का विरोध करना एक युवती को उस समय महंगा पड़ गया। जब गांव के 4 लोगों ने अभद्रता करते हुए मारपीट कर घायल कर दिया। युवती की मां ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के ग्राम अलीपुर जलेसर निवासी उर्मिला देवी पत्नी राजबहादुर द्वारा कोतवाली में दी गई तहरीर में कहा गया है कि विगत 8 मार्च की दोपहर उसकी पुत्री घर के दरवाजे पर बैठी थी। तभी गांव के राजपाल, नवल सिंह, मुनेश, समर सिंह आया और उसके साथ गाली-गलौज करने लगे। उसकी पुत्री द्वारा विरोध करने पर उक्त लोगों ने उसकी पुत्री को लात घूंसों से मारपीट कर घायल कर दिया।

## युवक को घर में घुसकर पीटा

**गुरसहायगंज,समृद्धि न्यूज।** होली में आंखत डालने के विवाद को लेकर युवक के साथ गांव के ही चार लोगों ने अभद्रता करते हुए घर में घुसकर मारपीट कर घायल कर दिया तथा धमकी भी दी। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के ग्राम बदनापुर निवासी सर्वेश कुमार पुत्र राधेश्याम द्वारा कोतवाली में दी गई तहरीर में कहा गया है कि विगत 8 मार्च की दोपहर वह होली में आखत डालने गया था। तभी गांव के कुलदीप, सर्वजीत, अमर सिंह, बबलू ने आखत डालने के विवाद को लेकर गाली गलौज करते हुए खदेड़ दिया। जिससे वह अपने घर में चला गया। लेकिन उक्त गणों ने गाली-गलौज करते हुए घर में घुसकर उसे लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया तथा जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## बाइक ना मिलने पर विवाहिता को पीटा

**गुरसहायगंज,समृद्धि न्यूज।** दहेज में बाइक ना मिलने पर विवाहिता के साथ ससुरालीजनों ने अभद्रता व मारपीट कर घायल कर दिया। विवाहिता के पिता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के ग्राम डिल्लियाभूड़ निवासी जगदेव पुत्र रामाश्रय द्वारा कोतवाली में दी गई तहरीर में कहा गया है कि विगत 7 मार्च की शाम ग्राम बिराहिमपुर निवासी ससुरालीजन पति कुलदीप, जेठ आदेश, ननंद नेमा, गया देवी ने उसकी पुत्री अंजनी से दहेज में मोटरसाइकिल की मांग की। उसके द्वारा असमर्थता जताने पर उक्त गणों ने गाली गलौज करते हुए मारपीट कर घायल कर दिया। घटना के संबंध में कोतवाली पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# नाबालिग बच्ची को लोडर में डाला, रास्ते में छोड़कर फरार

- पीड़ित परिजनों ने थाना प्रभारी से लगाई न्याय की गुहार, मुकदमा दर्ज

सौरिख,समृद्धि न्यूज

**होली** के त्यौहार से पहले घर से खोवा लेने निकली बच्ची को गांव के युवक ने रास्ते में लोडर रोककर बुरी नियति से लोडर में डाल लिया। अश्लील हरकतें करने पर बच्ची की चीखपुकार पर आरोपी युवक रास्ते में छोड़कर फरार हो गया परिजनों ने मामले की शिकायत पुलिस से की पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी युवक की तलाश शुरू कर दी। सौरिख थाना क्षेत्रान्तर्गत चपुन्ना चौकी के एक गांव निवासी 11 वर्षीय बच्ची 6 मार्च की सुबह घर से होली के त्यौहार के लिए खोवा लेने भावलपुर पैदल जा रही थी। रास्ते में गांव का ही युवक सोनू पुत्र मुन्नू राठौर, लोडर चालक देवेन्द्र सिंह के साथ लोडर लेकर जा रहा था। रास्ते में सोनू ने बच्ची को सौ रूपए का नोट दिया तो बच्ची ने लेने से मना कर दिया। इस पर सोनू ने देवेन्द्र के साथ मिलकर बच्ची को लोडर में बुरी नियति से पकड़ कर डाल लिया और छेड़छाड़ करने लगा। बच्ची के विरोध और चीखपुकार करने पर आरोपी कुछ दूर पर बच्ची को छोड़कर फरार हो गए। बच्ची ने परिजनों को घटना के बावत बताया, जिस पर परिजनों ने चपुन्ना चौकी पुलिस पहुंचकर चौकी पुलिस को मामले की जानकारी दी और आरोपियों के खिलाफकानूनी कार्यवाही की मांग की, लेकिन घटना के चार दिन बीत जाने के बावजूद चौकी पुलिस द्वारा आरोपियों के खिलाफकोई कार्यवाही नहीं की गई, जिसके बाद परिजनों ने 10 मार्च शुक्रवार को मामले की शिकायत सौरिख थाना प्रभारी से की। थाना प्रभारी विक्रम सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है। मुकदमा दर्ज कर आरोपी युवकों के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।

# संदिग्ध हालातों में पेड़ पर फांसी के फंदे से लटकता मिला युवक का शव

कन्नौज,समृद्धि न्यूज। तिर्वा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गुलरिहा मे एक युवक शव पेड़ पर फांसी के फन्दे से लटका देखकर ग्रामीणों में हड़कम्प मच गया। ग्रामीणों तत्काल पुलिस व मृतक युवक के परिजनो घटना की जानकारी दी। मौके पर पहुंचे में कोहराम मच गया। वहीं घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद युवक के शव का पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया।

जानकारी के अनुसार तिर्वा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गुलरिहा निवासी लालमन राजपूत का 19 वर्षीय पुत्र सतेन्द्र का शव शुक्रवार की सुबह गांव के बाहर पेड पर फांसी के फन्दे से लटकते देखकर ग्रामीणों में हड़कम्प मच गया। घटना की जानकारी मिलने पर परिजनो मे कोहराम मच गया और वे रोते बिलखते घटनास्थल पर पहुंच गए। घटना स्थल पर ग्रामीणो की भीड़ भी जमा हो गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल पर जांच पड़ताल के बाद परिजनो से घटना के बावत जानकारी ली। पुलिस ने शव का पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। पोस्टमार्टम रिर्पोट आने के बाद पुलिस द्वारा अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

# महामंडलेश्वर डॉ. अन्नपूर्णा भारती कालीबाड़ी मंदिर की कार्यकारी पीठाधीश्वर बनीं

इटावा। समृद्धि न्यूज



**शहर के** प्रसिद्ध कालीबाड़ी मंदिर के महंत स्वामी शिवानंद महाराज 2 मार्च को बीमारी के चलते कैलाशवासी हो गये थे।इसके बाद निरंजनी अखाड़े के महंत एवं अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रविंद्र पुरी महाराज ने अखाड़े की महामंडलेश्वर अन्नपूर्णा भारती महाराज को अधिकृत रूप से कालीबाड़ी मंदिर की जिम्मेदारी दी है। स्वामी शिवानंद महाराज का समाधि कार्यक्रम भी महामंडलेश्वर अन्नपूर्णा भारती ने ही विधि विधान से संपन्न कराया था। महामंडलेश्वर डॉ अन्नपूर्णा भारती के सचिव अशोक गिरी ने बताया के अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत रवींद्र पुरी महाराज ने जिला अधिकारी व बरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को मामले की जानकारी भी दी गई है। उन्होंने बताया महामंडलेश्वर की अनुपस्थित में वहां के स्थानीय कुछ लोगों ने एकत्र होकर कुछ ऐसे व्यक्तियों के साथ मिलकर जो मंदिर की संपत्ति को हथियाना चाहते हैं एक फर्जी कार्यकारिणी का गठन किया और शिवानंद महाराज की शोडषी से पूर्व मंदिर पर कब्जा करने की कोशिश की। इस घटना की सूचना भी स्थानीय पुलिस प्रशासन को तत्काल दी गई। पुलिस के हस्तक्षेप के कारण मंदिर पर कब्जा नही हो सका। यह निश्चित रूप से अपराध है। कालीबाड़ी मंदिर कार्यकारी पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर डॉ अन्नपूर्णा भारती ने कहा है की मंदिर सनातन धर्म की धरोहर है इसका उपयोग धर्म के उत्थान में होना चाहिए कुछ अराजक तत्व जो मंदिर की संपत्ति को पहले भी नुकसान पहुंचा चुके हैं। उनके साथ कुछ ऐसे लोग जो मंदिर की जगह पर कब्जा करना चाहते हैं मिलकर षड्यंत्र कर रहे हैं।स्वामी शिवानंद महाराज के समय में भी यह लोग ऐसा प्रयास कर चुके हैं। प्रशासन इसका तत्काल संज्ञान ले। क्यों कि मंदिर निरंजनी अखाड़े की संपत्ति है निरंजनी अखाड़ा प्रमुख इसका उत्तरदायित्व निर्धारित करेंगे ।तब तक उसका आधिकारिक उत्तरदायित्व हमारा है एवं इस संपत्ति की रक्षा करने का दायित्व जिला प्रशासन का है। डॉ अन्नपूर्णा भारती ने शहर के लोगों से मंदिर पर कब्जा करने वाले लोगों का साथ ना देने की अपील की है।

# युवक के साथ मारपीट, पीड़ित ने पुलिस को दी तहरीर

कन्नौज,समृद्धि न्यूज

**दबंगो** द्वारा गाली गलौज एंव मारपीट करने की घटना मे पीड़ित ने आरोपियो के खिलाफ पुलिस को तहरीर सौपी है।

तिर्वा कोतवाली क्षेत्र के चंदौली गांव निवासी सुरेन्द्र सिंह पुत्र अंगनेलाल ने बताया कि बीते दिवस देर सांय वह अपने दरवाजे पर मौजूद था। उसी समय गांव के ही कैलाश पुत्र शम्भू दयाल, जगदीश पुत्र कामता प्रसाद, अनिल पुत्र रामसेवक, धीरेन्द्र पुत्र बेचेलाल उसके घर के समाने से गुजरे। उसका कहना है कि उसे देखते ही उक्त सभी उसे मां-बहिन की गालियों से नवाजने लगे। जब उसने विरोध किया तो सभी ने एक राय होकर उसे मारने पीटने लगे। चीख पुकार सुन कर बचाने आये मोनू, हर्षित एंव धर्मवीर को भी हमलावरो ने नही बख्शा। घटना मे उसके काफी गम्भीर चोटे आई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर कार्यवाही करते हुये आरोपियो की तलाश शुरु कर दी।

# कांग्रेस नेताओं ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा

इटावा। समृद्धि न्यूज



**कांग्रेस** पार्टी के स्थानीय नेताओं ने देश को आर्थिक संकट में बताते हुए सरकार की आर्थिक नीतियों के विरुद्ध राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा है। कांग्रेस के प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य आलोक यादव, ब्लॉक अध्यक्ष लालमन बाथम, सिविक एंड सोशल विधानसभा प्रभारी रामसुंदर दुबे, समाजसेवी राजेंद्र यादव ने एसडीएम कौशल कुमार को सौंपे ज्ञापन में कहा कि भाजपा सरकार अडानी के पक्ष में क्रोनी कैपिटलिज्म की नीति अपना रही है। गहरे आर्थिक संकट के समय में भाजपा सरकार देश के महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे को अदानी समूह को बेच रही है और एसबीआई और एलआईसी जैसे सार्वजनिक संस्थानों को निवेश करने के लिए मजबूर कर रही है, जिससे गरीब और मध्यम वर्ग के भारतीयों की करोड़ों की बचत जोखिम में है। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक संस्थानों जिसमें देश के करोड़ों गरीब और मध्यम वर्ग के लोगों के खून-पसीने की कमाई लगी हुई है उन्हें किसी भी स्थिति में व्यक्तिगत हाथों में नहीं सौपा जाना चाहिए। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई है कि केन्द्र सरकार अपने स्तर से आवश्यक निर्देश दे जिससे देश के करोड़ों गरीब एवं मध्यम वर्ग के लोगों के हितों के साथ हो रहे खिलवाड़ को रोका जा सके। ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने वालों में बलवीर सिंह कठेरिया, सुमित कुमार, बृजकिशोर, राम सिंह, तोताराम, आदि नाम शामिल थे।

# दबंग भाईयों ने महिला को धुना

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज।** तिर्वा कोतवाली क्षेत्र में रंजिशन महिला को गाली गलौज करने के साथ ही दंबग भाईयो ने उसे मारपीट कर घायल कर दिया। घटना की रिपोर्ट दर्ज कराने के लिये पीड़िता ने पुलिस को तहरीर सौपी। कोतवाली क्षेत्र के जरियन गांव निवासी सोनी पत्नी प्रेमचन्द्र ने पुलिस को दी तहरीर मे कहा है कि गत दिवस की सांय उसका पति घर पर मौजूद नही था। वह दरवाजे पर बैठ कर पति का इंतजार कर रही थी, उसी समय गांव के ही शिवराम के दोनो लड़के आशीष व अखिलेश उसके घर के सामने से निकले। उसे देखते ही दोनो भाई बिना किसी कारण के उसके पति का नाम लेकर भद्दी भद्दी गालियां देने लगे। जब उसने उन्हे गालियां देने से रोका तो दोनो भाई उग्र हो गये और उसे भी गालियो से नवाजते हुये मारपीट करने लगे। चीख पुकार सुन कर आस पास लोगो ने आकर उसे बचाया। दबंग भाईयो के हाथो पिट कर कोतवाली पहुंची सोनी ने दोनो भाईयो के खिलाफ पुलिस को प्रार्थनापत्र दिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरु कर दी।

# सक्रिय क्षय रोगी खोज अभियान के दौरान मिले 75 नए मरीज

- दूसरे चरण में 3,46,644 लोगों की स्क्रीनिंग कर 719 लोगों के लिए गए बलगम के नमूने
- सभी 75 नए क्षय रोगियों का उपचार शुरू

कन्नौज,समृद्धि न्यूज



जिला क्षय रोग अधिकारी डा. केपी त्रिपाठी

**जिले में** 20 फरवरी से शुरू हुआ सक्रिय क्षय रोगी खोजी अभियान 5 मार्च को समाप्त हो गया। इस दौरान जिले की 20 प्रतिशत आबादी की स्क्रीनिंग कर संभावित मरीजों के सैम्पल लिए गए, जिसमें 75 मरीजों में क्षय रोग की पुष्टि हुई। नए मिले क्षय रोगियों का इलाज शुरू कर दिया गया है।

जिला क्षय रोग अधिकारी डा. केपी त्रिपाठी ने बताया कि सक्रिय क्षय रोगी खोज अभियान का पहला चरण 20 फरवरी से 23 फरवरी तक चला। इस दौरान जेल, वृद्धाश्रम, मदरसा, नवोदय विद्यालय, बाल सुधार गृह और नारी निकेतन के साथ ही अन्य जगहों पर भी संभावित क्षय रोगियों की खोज की गई। डीटीओ ने बताया कि दूसरा चरण 24 फरवरी से शुरू होकर 5 मार्च को समाप्त हुआ। इस दौरान स्वास्थ्य कर्मियों ने घर-घर जाकर लोगों से टीबी के लक्षणों के बारे में जानकारी कर क्षय रोगियों की खोज की। डीटीओ ने बताया कि अभियान जरूर समाप्त हो गया है, लेकिन जिस किसी को भी दो सप्ताह से अधिक समय से खांसी, बुखार, बलगम में खून आना, वजन कम होना या भूख न लगने जैसे लक्षण हों तो देर न करके अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर जांच कराएं। टीबी की जांच सुविधा सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर उपलब्ध है। जिला कार्यक्रम समन्वयक रंजीत सिंह ने बताया कि सक्रिय क्षय रोगी खोज अभियान के पहले चरण में 4678 लोगों की स्क्रीनिंग कर 38 लोगों के बलगम के नमूने लिए गए, जिसमें से तीन लोगों को क्षय रोग निकला उनका इलाज शुरू कर दिया गया। बताया कि दूसरे चरण में 3,46,644 लोगों की स्क्रीनिंग कर 719 लोगों के बलगम के नमूने लिए गए, जिसमें से 72 क्षय रोगी निकले। सभी का इलाज शुरू कर दिया गया है।

# बाइक रोककर बदमाशों ने दिनदहाड़े पचास हजार लूटे

- पीड़ित ने नामजद लोगों के खिलाफ दी तहरीर
- पुलिस ने तहरीर के आधार पर शुरु की जांच पड़ताल

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** दिनदहाड़े बदमाशों ने युवक को मारपीट कर मोटर साइकिल तथा 50 हजार की नकदी लूट ली। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर नामजद लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही करने की मांग की है।

जानकारी के अनुसार बॉबी उदय प्रताप पुत्र रामसेवक निवासी करीमगंज थाना जहानगंज ने थानाध्यक्ष कमालगंज को शिकायती पत्र देकर बताया कि बीती शाम करीब



घटना की जानकारी देता पीड़ित

9 बजे मैं ग्राम पसई नगला थाना कमालगंज से अपने ग्राम करीमगंज जा रहा था। नगरिया देवधर के सामने बने कोल्ड स्टोरेज के पास शिव उर्फ बकरा पंडित पुत्र राकेश चतुर्वेदी एवं रवि पुत्र रामप्रकाश और पेशकार पुत्र सुखवासी लाल निवासीगण नगरिया देवधरापुर कमालगंज उपरोक्त लोगों ने रोक लिया और मेरी बाइक संख्या यूपी 76एजे 0447 तथा 50000 रुपये की नकदी छीन ली। जब मैंने विरोध किया, तो उपरोक्त लोगों ने मेरे साथ मारपीट की।

वहीं पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच पड़ताल शुरु कर दी है। दिनदहाड़े घटी घटना से लोगों में दहशत का माहौल व्याप्त है। लोगों का कहना है कि बदमाशों में पुलिस का भय कतई नहीं रह गया है। इसी के चलते रात की बजाय दिनें में लूट जैसी घटनाओं को अंजाम देने लगे हैं।

# झूठे प्रेमजाल में फंसाकर ठगी करने का मुकदमा दर्ज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** झूठे प्रेमजाल में फांसकर षड्यंत्र पूर्वक युवक से रुपया ठगने और उसका मानसिक एवं शारीरिक उत्पीड़न करने के मामले में एसपी के आदेश पर शहर कोतवाली पुलिस ने सुसंगत धाराओं मे मुकदमा पंजीकृत कर लिया व जांच शुरु कर दी।

नगर के छक्कानाजिर कूंचा निवासी सुमित पुत्र आमोद ने पुलिस अधीक्षक को दिये गये शिकायती पत्र में कहा कि नगर के मोहल्ला वृन्दावन वाली गली चौकी निवासी ममता चौहान से इंस्टाग्राम पर उसकी दोस्ती हो गई। तब ममता ने कहा कि वह उससे बात करना चाहती है। व्हाट्सएप व साधरण काल से बात होती रही। ममता ने पांच हजार रुपये मांगे तो पीड़ित ने नगद दे दिये। उसके बाद धीरे-धीरे ममता ने अपने प्रेमजाल में फांसकर 28 हजार रुपये ले लिये और बातचीत करना बंद कर दी। इस दौरान उसने यह भी कहा कि तुम अगर हमसे प्यार करते हो तो मेरे लिए जान दे सकते हो। इस पर पीड़ित ने अपने हाथ की नसे भी काट ली थी। जिससे वह मरते-मरते बचा और उसका इलाज भी हुआ। इस दौरान ममता ने अपने मित्र करन के जरिए चैटिंग करना शुरु की और पीड़ित के नम्बर व आइडी सभी ब्लाक कर दिये। करन ने भी पीड़ित से 25 हजार रुपये मांगे, लेकिन पीड़ित ने पैसे नहीं दिये। पीड़ित ने दिये गये शिकायती पत्र में दर्शाया कि ममता व करन इसी प्रकार पहले भी कई लोगों को इस प्रकार का जाल बिछाकर ठगी कर चुके है, जिसमें एक सिपाही भी शामिल था। ऐसे लोगों के विरुद्ध कार्यवाही की जाये। एसपी ने शहर कोतवाली पुलिस को मुकदमा दर्ज करने के निर्देश दिये। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु कर दी।

# भाईचारे और प्रेम का प्रतीक है होली का त्योहार: रामवीर चौहान


**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भाजपा के फतेहगढ़ मंडल नगर अध्यक्ष रामवीर चौहान ने होली मिलन समारोह का आयोजन किया। वार्ड नंबर 26 दुर्गा नगर में विटान देवी के संयोजन में महिलाओं ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। होली पर सभी ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर बधाई दी। रामवीर चौहान ने कहा होली एक प्रेम व भाईचारे का त्योहार है। इस त्योहार पर हम सब ईर्ष्या, द्वेष भूलकर गले लगते हैं। इस परम्परा को कायम रखने के लिए बुजुर्गों का आशीर्वाद बहुत जरुरी है। नई युवा पीढ़ी भी ऐसे त्योहारों से कुछ सीख ले और बुजुर्गों के सानिध्य में होली जैसे पर्वों को मनाये, तो उसका महत्व बढ़ जाता है। कैप्टन डी.एस. राठौर ने कहा होली पर सभी लोग बुराइयों का त्याग करें। किसी के मन में मनमुटाव है तो वह



होली मिलन कार्यक्रम को संबोधित करते कैप्टन डी.एस. राठौर

होलिका में दहन कर दें। वार्ड नंबर 26 में होली मिलन कार्यक्रम की आयोजक विटान देवी ने आयी हुई बहनों का गुलाल लगाकर स्वागत किया। महिलाओं ने भी अपने विचार रखे और होली के गीत गाये। इस मौके पर संजीव गुप्ता, नरेश सिंह चौहान, सुखवेंद्र सिंह चौहान, हरवीर सिंह, बिक्कू भदौरिया, विजय सिंह भदौरिया, टिंकू भदौरिया, संजीव राठौर, रमला राठौर, आस कुमार, आदि लोग मौजूद रहे।

# वीसीबी का इंडक्टर फटने से कई गांव की बिजली गुल, देर शाम तक बहाल होने की आशंका



वीसीबी का फटा इंडक्टर

- पन्द्रह वर्ष पुरानी मशीन होने से आये दिन होता रहता है फाल्ट

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।** विद्युत उप केंद्र में फाल्ट होने से नगर व आसपास के गांवों की बिजली कट गयी। फाल्ट ठीक करते समय एसएसओ बाल बाल बच गए। जिससे पानी आदि का संकट खड़ा हो गया। चार घंटे बीतने के बाद भी बिजली आपूर्ति बहाल नहीं हो सकी है।

कंपिल के निजामुद्दीनपुर मार्ग पर 33/11 केवीए का विद्युत उपकेंद्र बना है। उपकेंद्र से कंपिल व आसपास के 75 गांवों को बिजली आपूर्ति की जाती है। शुक्रवार दोपहर लगभग दो बजे उपकेंद्र की वीसीबी का इंडक्टर फट गया। एसएसओ राजकुमार झुलसने से बाल-बाल बच गए। जिससे कंपिल सहित सभी गाँवों की बिजली कट गयी। देर शाम तक आपूर्ति बहाल न होने से उपभोक्ताओं ने कर्मचारियों से फोन के माध्यम से संपर्क किया, तो शाम तक बिजली आपूर्ति का भरोसा दिया, लेकिन शाम तक आपूर्ति नही हो सकी। कर्मचारियों ने बताया कि मशीने पंद्रह वर्ष से अधिक पुरानी होने से आए दिन फाल्ट की समस्या बनी रहती है। जेई प्रमोद कुमार ने बताया कि देर रात तक बिजली कि आपूर्ति बहाल हो जायेगी।

## आमने-सामने बाइक भिड़ंत में युवक घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** आमने-सामने बाइक भिड़ंत में युवक घायल हो गया। आसपास के लोगों ने उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। मेरापुर क्षेत्र के गांव फतेहपुर परौली निवासी रमन अपनी बाइक से कायमगंज जा रहा था। जैसे ही वह एसएम इंटर कॉलेज के पास पहुंचा, तभी सामने से आ रही एक अन्य से आमने-सामने भिड़ंत हो गयी। जिसमे युवक गंभीर रुप से घायल हो गया। आसपास के लोगों ने अस्पताल में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक इलाज के बाद उसे लोहिया रेफर कर दिया।

# आधा दर्जन के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** रिश्तेदार को पीटने और घर में घुसकर पुत्र की पिटाई करने के मामले में कोतवाली पुलिस ने आधा दर्जन लोगों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर जांच पड़ताल शुरु कर दी।

पुलिस को दी गई तहरीर में पीड़िता ममता देवी पत्नी स्व0 सुखवीर निवासी मोहल्ला गणेश प्रसाद चम्मच वाली ने दर्शाया कि 8 मार्च को पीड़िता का भांजा आकाश पुत्र राजवीर यादव निवासी ग्राम मझोला पटियाली कासगंज उसके घर आया था। पड़ोस के ही रितिक यादव पुत्र जयविन्द, विक्रम, विशाल, आकाश पुत्रगण कमल यादव, शरद पुत्र गुड्डू, प्राची ने आकाश को मारापीटा। पीड़िता ने मौके पर पुलिस बुलायी। 9 मार्च को पीड़िता अपने घर पर सो रही थी तो दबंग आरोपी पीड़िता के पुत्र सूरज को मारने की नियत से सके घर में घुस आये और मारने पीटने लगे। मुश्किल से उसकी जान बचायी जा सकी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं



में दर्ज कर कार्यवाही शुरु कर दी। वहीं दूसरी ओर जयविन्द यादव की पत्नी सरिता ने दी गई जबावी तहरीर में कहा कि आकाश से किसी बात को लेकर सूरज पुत्र सुखवीर यादव व आकाश पुत्र राजवीर यादव, सत्यम, नितिन यादव, छोटू पाण्डेय व अज्ञात लोगों का विवाद हो गया। इस बात को लेकर आरोपी 9 मार्च को उसके दरवाजे पर चढ़ आये और गाली-गलौज किया और नाजायज तमंचे निकाल लिये और दहशत फैलाने के लिए फायरिंग की। तहरीर के आधार पर पुलिस ने सूरज यादव, आकाश, सत्यम, नितिन, छोटू पाण्डेय व चार अज्ञात लोगों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया।

# शिक्षिका को ब्लेकमेल करने वाले पर मुकदमा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** प्राइवेट स्कूल की शिक्षिका को ब्लेकमेल करने व धमकाने के मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर भोलेपुर के होली मोहल्ला निवासी अजय ठाकुर पुत्र राजकुमार कुशवाहा, राजकुमार कुशवाहा व अजय की मां के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत करके जांच पड़ताल शुरु कर दी है।

दी गई तहरीर में पीड़िता प्रियंका गौतम के पिता नेमसिंह गौतम ने दर्शाया कि उसकी पुत्री भोलेपुर चौकी के निकट आटो द्वारा विद्यालय जाती है। विगत करीब 8 महीनों से अजय प्रताप उर्फ अजय ठाकुर पुत्री का पीछा करता है और तमंचा दिखाकर जाति सूचक गालियां देता है और रिश्तेदारों में बदनाम करने की धमकी देता है। यह भी दर्शाया गया कि पिछले दिनों शादी का झांसा देकर अजय उसकी पुत्री को भगा ले गया था। जिसकी एफआईआर नोएडा में दर्ज करायी गई थी। अजय की दूसरी लड़की के साथ शादी हो गई व उसका एक पुत्र भी है। अजय उसकी पुत्री को ब्लेकमेल करना चाहता है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर उपरोक्त पर मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी।

## कार चालक पर मार्ग दुर्घटना का मुकदमा दर्ज

**कमालगंज (सं.)।** बीते दिनों अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी। जिसमें तीन लोग घायल हो गये थे। इस दौरान पीड़ित के पुत्र की मौत हो गयी थी। मृतक के पिता अहमद हसन पुत्र मोहम्मद हसन निवासी धपलपुर भोजपुर थाना कमालगंज ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि अज्ञात वाहन चालक यू.पी.76एसी0178 के कार चालक ने तेजी व लापरवाही से चलाते हुए बाइक में टक्कर मार दी थी। इस घटना में तीन लोग घायल हो गये । जिसमें नदीम की मृत्यु हो गयी थी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर वाहन चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने जांच पड़ताल शुरु कर दी है।

## निर्वाचक नामावली पर दावे व आपत्तियां 17 मार्च तक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** निर्वाचक रजिस्टरीकरण अधिकारी एडीएम ने बताया कि नगर पालिका व नगर परिषद चुनावों के लिए नगरीय निकायों की वार्ड वार नामावली प्रकाशित कर दी गई है। जो निःशुल्क निरीक्षण के लिए उपलब्ध है। यह नामावली तहसील सदर, तहसील कायमगंज व नगर परिषद के लिए नगर पंचायतों के कार्यालयों, जिला निर्वाचक कार्यालय व निर्वाचक रजिस्टरीकरण कार्यालय व सभी मतदान केंद्रों पर उपलब्ध होगी। 11 से लेकर 17 मार्च तक दावे व आपत्तियां प्रस्तुत की जा सकेगी।

## पुलिस ने 34 लोगों का 151 में किया चालान

**फर्रुखाबाद (सं.)।** होली के त्योहार पर शांति व्यवस्था किसी भी व्यक्ति को भंग करने की पुलिस ने छूट नहीं दी। विभिन्न थानों में पुलिस ने अशांति फैलने के मामले में थाना शमशाबाद पुलिस ने 20 का शांतिभंग में चालान किया। वहीं नवाबगंज पुलिस ने भी विभिन्न स्थानों से 14 लोगों को हिरासत में लेकर 151 के तहत कार्यवाही की। इसके अलावा अन्य कई थानों में भी पुलिस ने लोगों को पकड़कर 151 के तहत कार्यवाही की है। कुल मिलाकर इस बार होली का त्योहार शांतिभंग ढंग से सम्पन्न कराने में पुलिस ने महती भूमिका अदा की तथा अशांति फैलाने वालों को सलाखों के पीछे पहुंचाया।

# पुरानी पेंशन बहाली को लेकर पेंशन संवैधानिक मार्च 16 अप्रैल को: ज्ञान प्रकाश

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अटेवा के संयुक्त प्रदेश मंत्री ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी ने कहा कि पुरानी पेंशन बहाली को लेकर शिक्षकों व कर्मचारियों का आंदोलन जारी रहेगा। जब तक सरकार पुरानी पेंशन बहाल नहीं करती तब तक शिक्षक व कर्मचारी हित में अटेवा की मांग पुरानी पेंशन को लेकर आंदोलन जारी रहेगा। एनएमओपीएस राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक दिल्ली में सम्पन्न हुई। जिसमें लोगों को आगामी कार्यक्रमों की जानकारी दी गई। 1 अक्टूबर को पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर शंखनाद रैली दिल्ली में आयोजित होगी। दिल्ली के एनडी तिवारी भवन में अलग-अलग राज्यों के प्रतिनिधि शामिल हुए। राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय बन्धु ने फैसला लिया है कि 22 राज्यों के प्रतिनिधि शामिल हुए है। बैठक में पुरानी पेंशन बहाली को अंजाम तक पहुंचाने के लिए नेंशनल मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन स्कीम कार्यकारिणी ने भारत सरकार पर दबाव बनाने के लिए



ज्ञानप्रकाश त्रिपाठी

1 अक्टूबर को विशाल पेंशन शंखनाद रैली करने का फैसला लिया गया है। ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी ने बताया कि 16 अप्रैल को एनएमओपीएस पूरे भारत में व हर जिले में पेंशन संवैधानिक मार्च का आयोजन करेंगा। 01 अगस्त से लेकर 09 अगस्त क सांसदों के घर पर घंटी बजाओ कार्यक्रम होगा। जिसमें पुरानी पेंशन बहाली की मांग की जायेगी। 01 जून से नेशनल मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन स्कीम पूरे भारत में एनपीएस और निजीकरण के खिलाफ भारत छोड़ो रथ यात्रा का आयोजन करेगा। रथ यात्रा की तैयारी के लिए जिम्मेदारियां दी गयी हैं। जिसमें विजेंद्र धारीवाल, आमरिक सिंह, प्रेम सागर, वितेश खंडेकर, कार्यक्रम देखेंगे और रुट मैप तैयार करेंगे। जनपद फर्रुखाबाद में अटेवा के प्रदेश संयुक्त मंत्री ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी व जिलाध्यक्ष नरेंद्र सिंह जाटव की देखरेख में कार्यक्रमों का आयोजन होगा। जिसके तहत 16 अप्रैल को एनएमओपीएस पूरे देश व राज्यों एव जनपद स्तर पर जिला मुख्यालय पर पेंशन संवैधानिक मार्च करेगा। 01 अगस्त से लेकर 09 अगस्त तक सांसदों के निवास के बाहर पेंशन बहाली की मांग को लेकर घंटी बजाओ कार्यक्रम आयोजित होंगे। जिसकी जिम्मेदारी जनपद स्तर पर अटेवा के पदाधिकारी संभालेंगे। नगर में महिला विंग की जिम्मेदारी पूनम शुक्ला के नेतृत्व में शिक्षक व कर्मचारी व महिला कर्मचारी शामिल होंगे।

## पूर्व सैनिकों के होली मिलन में एकता का संदेश

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के तत्वाधान में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता ठाकुर वीरेन्द्र सिंह राठौर ने की।

इस मौके पर समाज में समरस्ता को बढ़ावा देने और नई पीढ़ी को शिक्षित करने पर बल दिया गया। अध्यक्षता कर रहे ठाकुर वीरेन्द्र सिंह राठौर ने कहा कि वह हर कदम पर पूर्व सैनिकों के साथ खड़े है। उन्होंने होली को सौहार्द का त्योहार बताया। इसके अलावा कैप्टन डीएस राठौर, उदयराज सिंह, आरपी अग्निहोत्री ने भी विचार व्यक्त किये तथा होली के इतिहास और महत्व पर प्रकाश डाला। होली का संदेश और होली पर चलाये जाने वाले रंगों के बारे में विचार व्यक्त किये और हिलमिल कर रहने का संदेश दिया। इस अवसर पर रामवरन सिंह चौहान, वीएन वर्मा, श्याम सिंह चौहान, रनवीर सिंह राठौर, हरवीर सिंह, एनपी यादव, रामनिवास सिंह राठौर, राधे द्विवेदी, त्रिवेन्द्र पाल सहित तमाम पूर्व सैनिक मौजूद रहे।

# पारम्परिक अभिषेक के साथ जसूपुर में होली मिलन सम्पन्न

- शराब व जुआ छोड़ शिक्षा की ओर अग्रसर होने का आह्वान, राव डॉ0 सुरेश सिंह सोमवंशी का किया गया अभिषेक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** होली मिलन समारोह का रंगारंग आयोजन विकास खण्ड राजेपुर के जसूपुर में हुआ। इस मौके पर राव डा0 सुरेश सिंह सोमवंशी का अभिषेक किया गया। इस मौके पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अनिल प्रताप सिंह ने संगठित होने और किसी भी पर्व पर मदिरापान न करने का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम के स्वागिताध्यक्ष महेश पाल सिंह उपकारी ने आये हुए अतिथियों का शब्दों से स्वागत किया व कविता पढ़कर सभी को आनंदित किया।

कार्यक्रम के अध्यक्ष पूर्व डीजीसी सुरेन्द्र सिंह सोमवंशी ने संगठित होकर अपनी ताकत का अहसास कराने की बात कही। विशिष्ठ अतिथि संजय सोमवंशी ने संगठित होकर संघर्ष करने और किसानों के हितों के लिए



होली मिलन कार्यक्रम में मौजूद मंचासीन अतिथिगण

जुटने का आवाह्न किया। कार्यक्रम के प्रबंधक दिनेश पाल सिंह ने अभिषेक समारोह के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए कहा कि करीब 650 वर्षों से होली मिलन समारोह का अभिषेक होता चला आ रहा है। इस परम्परा को संरक्षित रखने की जरुरत है। इस मौके पर शराब जुआ को छोड़कर शिक्षा की ओर अग्रसर होने का आवाह्न किया गया। करीब सैकड़ों लोगों ने राव डा0 सुरेश सिंह सोमवंशी को तिलक लगाकर अभिषेक किया और एक दूसरे को गुलाल लगाकर शुभकामनायें दी। राव डा0 सुरेश सिंह सोमवंशी ने सभी के प्रति आभार जताया। महेश पाल सिंह उपकारी ने वर्तमान समय पर कविता पढ़ी। उलटा जमाना अपनी रंगत जमा रहा है, माता पिता को बेटा आंखे दिखा रहा है। इस मौके पर कार्यक्रम का संचालन सत्यपाल सिंह सोमवंशी प्रगल्भ ने किया। व्यवस्था सहयोगियों में संदीप सोमवंशी, हरिहर सिंह, प्रदीप सोमवंशी, विश्वनाथ चौधरी, विशेश्वर सिंह, हरभान सिंह, अमर पाल सिंह, जयप्रकाश सिंह के नाम शामिल रहे। भूपेन्द्र प्रताप सिंह, आदित्य सोमवंशी, रघुवीर सिंह, नरेश सिंह ने भी विचार व्यक्त किये। सम्मानित अतिथि नरेन्द्र सिंह सोमवंशी रहे।

## दबंगों ने महिला को पीटा

**फर्रुखाबाद।** थाना मेरापुर के ग्राम रुपपुर मंगलीपुर निवासी ग्रीश उर्फ नन्हें की पत्नी नीलम कुमारी ने जिलाधिकारी के माध्यम से पुलिस महानिदेशक को भेजे शिकायती पत्र में कहा कि उसका पड़ोसी नरायनदास, आदेश कुमार व प्रवेश कुमार ने गाली-गलौज से मना करने पर घर में घुसकर उसकी पिटाई की। जिससे वह घायल हो गयी। उसके पुत्र व पुत्री भी घायल हो। पीड़िता ने मुकदमा दर्ज कराने की मांग की है।

# होली मिलन समारोह में महिला सशक्तिकरण पर बल

- होली सिर्फ लकड़ी जलाने का नहीं, बल्कि बुराइयों को हवन करने का त्योहार है- बी.के. शोभा बहन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अंतरराष्ट्रीय संस्था प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय ओम निवास जटवारा जदीद सेवा केंद्र पर अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला सशक्तिकरण विषय पर चर्चा हुई तथा होली मिलन समारोह भी रखा गया। जिसमें ब्रम्हाकुमारी शोभा दीदी ने सभी को होली की शुभकामनायें दीं। उन्होंने कहा कि होली पर्व पर नशीले पदार्थों से मुक्त होने का संकल्प लें। बीड़ी सिगरेट गांजा भांग शराब आदि के सेवन का परहेज करेंगे। शोभा दीदी ने सभी को आत्मिक समिति का तिलक गुलाल लगाकर होली मिलन मनाया। बीके स्वतंत्र भाई ने भी कहा कि अज्ञानता और दुर्गुणों से मुक्त होना ही सच्ची होली मनाना है और उन्होंने नारियों की महिमा करते हुए कहा



होली मिलन कार्यक्रम में मौजूद ब्रह्माकुमारी केंद्र पर अतिथिगण

माताओं में धैर्य का गुण विशेष होता है। इसी से नारियों की पूजा होती है। पूर्व चेयरमैन वत्सला अग्रवाल ने कहा कि हमें नारी जाति का सम्मान करना है। जिस घर में नारी की पूजा होती है उस घर में देवता निवास करते हैं। उन्होंने होली पर्व की बधाई देते हुए कहा कि भारत आध्यात्मिक प्रधान देश है। जिसकी सभ्यता और संस्कृति हर त्यौहार में झलकती है। इस मौके पर एकता बहन ने एक गीत प्रस्तुत किया नारियों का भाग्य बाबा तूने कैसा बनाया है, पूनम बहन ने भी अपने भाव प्रकट कर एक गीत प्रस्तुत किया जन-जन का कल्याण करेगी शिव की शक्ति है नारी। गीता बहन, मनोरमा बहन, विनीता बहन ने भी अपने विचार प्रस्तुत किए। फिर सभी ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनायें दीं। इस मौके पर भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# कांग्रेसियों ने एसबीआई व एलआईसी को बचाने के लिए किया प्रदर्शन



पार्टी का झंडा लेकर प्रदर्शन करते जिलाध्यक्ष व प्रदेश सचिव



शहर कोतवाल को ज्ञापन सौंपते कांग्रेसी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** आपकी पार्टी आपके गांव के तहत कांग्रेस की जिला कमेटी व शहर कमेटी के तत्वावधान में बैंक के बाहर प्रदर्शन किया गया। जिला कमेटी का प्रदर्शन प्रभारी जिलाध्यक्ष मनोज गंगवार व कौशलेंद्र यादव की अगुवाई में सम्पन्न हुआ। शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा प्रदर्शन नगर अध्यक्ष पुन्नी शुक्ला के नेतृत्व में रेलवे रोड स्थित स्टेट बैंक के बाहर प्रदर्शन किया गया और शहर कोतवाल को ज्ञापन सौंपा गया। राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन शहर अध्यक्ष पुन्नी शुक्ला ने शहर कोतवाल को सौंपते हुए कहा कि जिला प्रशासन द्वारा कोई प्रतिनिधि ज्ञापन लेने नहीं आया। जिसके बाद शहर कोतवाल को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में मांग की गयी भाजपा सरकार अडानी के पक्ष में क्रोनी कैपिटलिज्म की नीति की ओर आकृष्ट कराना चाहते हैं। गहरे संकट के समय में भाजपा सरकार ने महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे को अडानी समूह को बेच रही है। एसबीआई और एलआईसी जैसी सार्वजनिक संस्थानों को निवेश करने के लिए मजबूर कर रही है। गरीब और मध्य वर्ग के भारतीयों की करोड़ों की बचत जोखिम में है। कांग्रेसजन इस कुठाराघात को सहन नहीं करेंगे। खून पसीने की कमाई को बरबाद होने से बचाने के लिए कांग्रेसजन प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंप रहे हैं। जिससे इस खिलवाड़ को रोका जाये। इस मौके पर श्रीकृष्ण गौतम, मोहन पाठक, जानकी शुक्ला, इमरान, हिलाल शफीकी, राशिद आलम, शिवाशीष तिवारी, इलियास खां, अभिषेक सारस्वत, प्रशांत कटियार, ज्ञानेश कुमार, अंकुर मिश्रा मौजूद रहे।

मेजर एस.डी.सिंह पी.जी. आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज एण्ड हास्पिटल-फतेहगढ़

# संदिग्ध परिस्थितियों में महिला फांसी पर झूली

▶ थानाध्यक्ष ने मौके पर पहुंचकर की जांच


मौके पर जांच करते थानाध्यक्ष संत प्रकाश पटेल


मृतका का फाइल फोटो

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।** संदिग्ध परिस्थितियों में महिला ने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव नगला हूषा निवासी 30 वर्षीय रविता पत्नी मुनीश कश्यप ने कमरे में लगे पंखे में गमछा से फांसी लगाकर जान दे दी। घटना के समय मृतका ने ही पति मुनीश कश्यप को अमृतपुर से होली के कार्यक्रम के लिए फल व खाने पीने की अन्य वस्तुएं लेने के लिए भेजा था। मृतका की सास रुपरानी घर के बाहर साफ-सफाई कर रही थी व बच्चे खेल रहे थे। जब रुपरानी अंदर गई तो बहू रविता को कमरे में पंखे से लटका हुआ पाया तो वह चीखपुकार करने लगी व मुनीश को सूचना दी। मुनीश तत्काल लौटकर आया और ग्रामीणों के सहयोग से रविता को फंदे से उतारा और चिकित्सक को दिखाया, लेकिन उसकी मौत हो चुकी थी। विवाहिता की मौत पर घर में कोहराम मच गया। सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंचे थानाध्यक्ष अमृतपुर संत प्रकाश पटेल व कस्बा चौकी इंचार्ज अमित शर्मा ने जांच पड़ताल की व शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। जानकारी के अनुसार मुनीश कश्यप दिल्ली में मजदूरी का कार्य करता है और होली का त्योहार मनाने के लिए घर आया था। मृतका अपने पीछे दो बच्चे तनिष 5 वर्ष, लविश 3 वर्ष को छोड़ गई।

रविता हरदोई जनपद के ग्राम भरखनी थाना पाली निवासी लल्लू राम की पुत्री थी। जिसका विवाह 7 वर्ष पूर्व लल्लूराम ने अपने सगे भांजे मुनीश कश्यप के साथ किया था। रविता की मां निर्मला व अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। थानाध्यक्ष ने बताया है कि तहरीर मिलने पर विधिक कार्यवाही की जाएगी।

## चार ने पिया जहर

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** अलग-अलग स्थानों पर क्षेत्र के गांव बरझाला निवासी पुनीत महमदपुर निवासी साधना कुमारी, शिवाला भवन निवासी मारिसा गुप्ता व एसएलबी ब्रिक फील्ड निवासी मासम कुमारी ने जहरीला कीटनाशक पदार्थ पी लिया। हालत बिगड़ने पर चारों के परिजनों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कायमगं में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक इलाज के बाद पुनीत, साधना व मारिसा गुप्ता को डॉ0 राम मनोहर लोहिया अस्पतालके लिए रेफर कर दिया।

# लंबित विवेचनाओं का शीघ्र निस्तारण करें: एएसपी

▶ थाने में गंदगी देख साफ-सफाई के दिये निर्देश
▶ हिस्ट्रीशीटरों के विरुद्ध कार्यवाही करने के दिये निर्देश, महिला हेल्प डेस्क आदि को भी देखा


निरीक्षण के दौरान अभिलेख देखते अपर पुलिस अधीक्षक

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।** अपर पुलिस अधीक्षक डॉ0 संजय सिंह ने थाने का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने लंबित पड़ी विवेचनाओं के जल्द निस्तारण के निर्देश दिये। इसके साथ ही उन्होंने कंप्यूटर रूम देखा तथा महिला हेल्प डेस्क, आगंतुक रजिस्टर, चार नंबर रजिस्टर, आठ नंबर रजिस्टर को देखा और सभी हल्का इंचार्ज से हिस्ट्रीशीटरों की जानकारी ली।

उन्होंने अपराधिक और हिस्ट्रीशीटरों के विरुद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिये। उन्होंने कार्यालय रुम, कम्प्यूटर रुम, महिला हेल्प डेस्क आदि को देखा। उन्होंने थाने में साफ-सफाई के निर्देश दिये। थानाध्यक्ष संत प्रकाश पटेल, एसआई उदयवीर, एसआई नरसिंह, एसआई कमलेश राजपूत, एसआई अखिलेश मौजूद रहे। अपर पुलिस अधीक्षक डा0 संजय सिंह ने अमृतपुर बस अड्डे से गश्त किया। रास्ते में भारतीय स्टेट बैंक के सीसीटीवी कैमरे चेक किये और वहां तैनात पुलिस कर्मियों को सख्त निर्देश दिये कि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति को बैंक में बिना जांच पड़ताल के न घुसने दिया जाये। इसी बीच उन्होंने बैंक के बाहर कुछ लोगों की तलाशी भी ली। अपर पुलिस अधीक्षक के जाने के बाद मातहतों ने राहत की सांस ली।

# दबंगों ने घर में घुसकर असलहों की नोंक पर गाली-गलौज कर पीटा, दो घायल

**शमसाबाद, समृद्धि न्यूज।** घर में घुसकर अवैध असलाहों की नोंक पर दबंगों ने गाली-गलौज किया। विरोध करने पर लाठी-डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। इस घटना में दो लोग घायल हो गये। पुलिस ने तहरीर के आधार पर दस लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

जानकारी के अनुसार शमशाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम बेला सराय गजा निवासी शिवदीप पुत्र रामबाबू ने राघव पुत्र मुनीश चंद्र, महिमा चंद्र पुत्र पेशकार, मोहित, अश्वनी, सोहित, विकास, आकाश पुत्रगण महिमा चंद्र, केशव पुत्र मुनीश, मुनीश पुत्र मुंशी तथा संजीव पुत्र हरिश्चंद्र निवासीगण उपरोक्त के खिलाफ शमशाबाद थाना पुलिस को तहरीर देकर कहा कि आरोपियों द्वारा एक राय होकर घर में घुसकर तमंचे की नोंक पर गाली-गलौज किया। विरोध करने पर दबंगों ने लाठी-डंडों से जमकर मारपीट की। मारपीट की घटना में जहां एक ओर शिवदीप घायल हो गया, वहीं दूसरी ओर राजीव भी घायल हो गया। पुलिस ने मारपीट की घटना में घायल दोनों लोगों का डॉक्टरी परीक्षण कराया। पीड़ित द्वारा दी गई तहरीर पर शमशाबाद थाना पुलिस ने सभी आरोपियो के खिलाफ धारा 147, 148, 149, 323, 452, 504 आई.पी.सी. के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी है।

## भैंस बांधने का विरोध करने पर दबंगों ने महिलाओं को पीटा, पुलिस को दी तहरीर

**शमशाबाद (सं.)।** भैंस बांधने का विरोध करने पर मारपीट व ईंट पत्थर चले। जिससे ननद भौजाई घायल हो गयीं। पीड़ित महिला ने आधा दर्जन दबंग आरोपियों के खिलाफ थाना पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। जानकारी के अनुसार शमसाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम ख्वाजा अहमदपुर कटिया निवासी सावित्री देवी पत्नी पुरुषोत्तम सिंह ने गांव के ही दबंग रामअवतार पुत्र तुलाराम, जसवीर सिंह उर्फ टेंकर पुत्र राम अवतार, कल्पना पुत्री राम अवतार, रूबी पत्नी मैकूलाल तथा राम अवतार सहित आधा दर्जन दबंगों के खिलाफ पुलिस को तहरीर देकर कहा बीते दिवस की सुबह जब दोनों पशुओं को चारा खिलाने के लिए गई हुई थी। उसी दौरान आरोपियों ने हमला कर भैंस का खूंटा उखाड़कर भैंस खोल दी। विरोध करने पर आरोपियों ने लाठी-डंडों तथा ईंट पत्थरों से हमला कर दिया। जिससे पीड़िता की ननद का सर फट गया ,जबकि ईट पत्थरों के हमले में भौजाई भी घायल हो गई। शोर शराबा सुनकर आसपास मोहल्ले के लोगों ने मौके पर जाकर बीच-बचाव की कोशिश की, तो दबंग अंजाम भुगतने की धमकी देकर फरार हो गए। पीड़िता ने आधा दर्जन दबंग लोगों के खिलाफ शमशाबाद थाना पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरु कर दी है।

# फायरिंग के आरोपी को पुलिस ने दबोचा


तमंचा सहित गिरफ्तार किया गया आरोपी

▶ होली पर रंग डालने को लेकर हुआ था विवाद, दूसरे दिन दबंगों की फायरिंग से किशोर हुआ था घायल

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** होली पर रंग डालने के दौरान हुए विवाद में लाठी-डंडे चले गये थे। इस दौरान दबंगों ने फायरिंग भी की थी। गोली किशोर के लगने से वह घायल हो गया था। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस ने शुक्रवार को वांछित को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी में आरोपी के पास से एक 315 बोर तमंचा व कारतूस बरामद हुआ। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम गंगागंज मजरा सुल्तानपुर खरेटा में होली वाले दिन रंग डाले जाने के दौरान दो पक्षों के बीच विवाद हो गया था। विवाद में लाठी-डंडे तथा धारदार हथियार भी चले थे। जिसमें एक युवक दीपक फावड़े के प्रहार से गम्भीर रुप से घायल हो गया था। उसी रंजिश के चलते दूसरे दिन दबंगों द्वारा अवैध असलाहों से फायरिंग की गई थी। जिसमें एक 13 वर्षीय किशोर के पेट में गोली लग गई थी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। पुलिस ने तहरीर के आधार पर घटना के संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया था।

शुक्रवार को पुलिस वाहन चेकिंग कर रही थी, तभी पुलिस ने धारा 307, 504 आई.पी.सी. में वांछित अभियुक्त अनुज राठौर पुत्र श्रीपाल निवासी गांव गंगागंज मजरा गांव सुल्तानगंज खरेटा को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी में उसके पास से एक अवैध तमंचा 315 बोर व 2 जिन्दा कारतूस व 01 खोखा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी अनुज राठौर को जेल भेज दिया।

# खबरें चलते-चलते

## शांतिभंग में चार का चालान

**कमालगंज (सं.)।** गांव में हुड़दंग व लड़ाई झगड़ा की सूचना पर पुलिस ने पहुंचकर चार लोगों को गिरफ्तार कर शांतिभंग में चालान कर दिया। थाना कमालगंज पुलिस ने अलग-अलग गांव में लड़ाई झगड़ा कर अशांति फैलाने के आरोप में निशांत उर्फ नंदी पुत्र राकेश कुमार निवासी खुदागंज, राहुल पुत्र राकेश निवासी खुदागंज, दीपक पुत्र राकेश निवासी खुदागंज व चमन पुत्र छदामी निवासी चंदनपुर को गिरफ्तार कर 151 में चालान कर दिया।

## किशोरी से दुष्कर्म करने वाले पर मुकदमा दर्ज

**फर्रुखाबाद (सं.)।** किशोरी के साथ जबरन दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने बाबा की तहरीर पर आरोपी युवक के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी। जानकारी के अनुसार थाना मऊदरवाजा के ग्राम रसीदपुर निवासी पीड़ित ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि उनकी 13 वर्षीय नातिन गांव के बाहर बने प्लाट पर खाना देने अपने छोटे भाईयों के साथ आयी थी। बीती शाम 6 बजे किशोरी घर के लिए गयी थी और पीछे से नाती भी गये। जब नाती घर पर पहुंचे और बाहर से कुंडी लगी देखी तो नातियों ने भागकर मुझे बताया कि दीदी घर पर नहीं पहुंची। परिजनों के साथ गांव में खोजबीन की, तो रास्ते में गौरव पुत्र नरेश के मकान की कुंडी अंदर से बंद थी, जबकि उस मकान में कोई रहता नहीं। शक होने पर पड़ोस की छत से अंदर देखा तो किशोरी अर्धनग्न अवस्था में पड़ी थी और कुलदीप पुत्र सूरजपाल वहां मौजूद था। हम लोगों को देखकर वह धक्का देकर भाग गया। घर ले जाने पर किशोरी ने बताया कि वह खाना देकर आ रही थी, तभी रास्ते में कुलदीप ने पकड़ लिया और मुंह दबाकर गौरव के घर के अंदर खींच कर ले गया। मुंह में कपड़ा ठूंस दिया कहा कि शोर किया तो जान से मार देंगे। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी कुलदीप के विरुद्ध धारा 342, 376, 506, 3 व 4 के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी।

## तमंचा कारतूस सहित युवक गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद (सं.)।** पुलिस ने अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे धरपकड़ अभियान के तहत संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग अभियान के दौरान एक व्यक्ति को तमंचा व कारतूस सहित गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। उपनिरीक्षक अवधेश अवस्थी अपने हमराहों के साथ संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने संदिग्ध व्यक्ति को टोका तो वह तेजकदमों से वहां से जाने लगा। पुलिस ने उसे पकड़ लिया। जामा तलाशी ली तो उसके पास एक 315 बोर तमंचा व कारतूस तथा खोखा बरामद हुआ। पूछताछ में उसने अपना नाम संजू तिवारी पुत्र स्व0 कृष्ण कुमार तिवारी निवासी स्माइलगंज दुर्रानी बताया। पुलिस ने सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया।

## मार्ग दुर्घटना में ग्यारह घायल

**कायमगंज (सं.)।** अलग-अलग मार्ग दुर्घटना में ग्यारह लोग घायल हो गये। जिन्हे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। जनपद एटा के थाना सकीट के गांव कोची निवासी देशराज, कम्पिल क्षेत्र के गांव सिवारा निवासी अनुज व बृजेश ,रायपुर निवासी करू, शमसाबाद क्षेत्र के गांव बिरिया निवासी दलवीर, क्षेत्र के गांव कुइया खेड़ा दोषपुर निवासी वीरेंद्र की 6 वर्षीय पुत्री काजल, नगर के मोहल्ला चिलांका निवासी रामदास, चिलौली निवासी मनकेश, सदवाड़ा निवासी शिवम यादव, माजर नगला निवासी कल्लू, मोहम्मदाबाद के गांव करतिया निवासी जीतेन्द्र सिंह मार्ग दुर्घटना में घायल हो गये। आसपास के लोगों ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद करू को लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया।

## मक्का बेंचने आये किसान की जेब कटी, 20 हजार पार

**नवाबगंज (सं.)।** आढ़त पर मक्का बेंचने आये किसान की किसी ने जेब काट ली और 20 हजार रुपये पार कर दिये। पीड़ित ने पुलिस से शिकायत की। मऊदरवाजा थाना क्षेत्र के गांव सलेमपुर रतन निवासी राम लडैते सक्सेना अपनी पुत्री के विवाह के लिए धन एकत्र कर रहे थे। इसी के चलते वह मक्का बेचने कस्बा नवाबगंज आये। बिक्री करने के बाद वह अपने घर ई-रिक्शा से जा रहा था। सिरमौरा बांगर गांव के सामने जब उन्होंने अपनी जेब में हाथ डाला तो उनकी जेब कटी हुई निकली व मक्का बेंचकर प्राप्त हुए 20 हजार रुपये गायब थे। इससे किसान के होश उड़ गये और बेटी की शादी में भी रोडा अटक गया और फसल भी चली गई। पीड़ित ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने जांच पड़ताल कर कार्यवाही करने का भरोसा दिया।

## किशोरी को भगा ले जाने में दो पर मुकदमा दर्ज

**मेरापुर (सं.)।** किशोरी को भगा ले जाने के संबंध में पुलिस ने दो लोगों पर मुकदमा दर्ज कर लिया। जानकरी के अनुसार थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़ित पिता ने थाना क्षेत्र के गांव परिउली के मजरा नगला दिशी निवासी पंकज उर्फ छोटू पुत्र विद्याराम व पड़ोसी गांव नगला भूड़ कोतवाली कायमगंज निवासी सनोज पुत्र श्यामलाल के विरुद्ध पुत्री को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़ित ने आरोप लगाया है कि गुरुवार की रात लगभग 2 बजे घर से उक्त आरोपित पंकज उर्फ छोटू पीड़ित की 16 वर्षीय पुत्री को बहला-फुसलाकर भगा ले गया। शुक्रवार सुबह लगभग 5 बजे पीड़ित की जब आंख खुली तब पुत्री घर पर नहीं मिली। पीड़ित ने परिजनों के साथ किशोरी की खोजबीन की, तब जानकारी हुई की आरोपित सनोज व पंकज शाम को गांव में ही मौजूद थे, लेकिन सुबह यह लोग गांव में नहीं दिखे।

## रास्ते के निकासी को लेकर दबंगों ने पीटा

**नवाबगंज (सं.)।** रास्ते के निकास को लेकर दबंगों ने युवक को मारपीट कर घायल कर दिया। बचाने आयी महिला को भी पीटा। पुलिस ने घायलों का डाक्टरी परीक्षण कराया। थाना अंतर्गत ग्राम उम्मरपुर निवासी धर्मसिंह ने पुलिस से शिकायत कर बताया कि परिवार के ही विकास कुमार, दीवान सिंह ने रास्ते के निकास को लेकर मारपीट कर घायल कर दिया। बचाने आयी महिला को भी पीटा। पुलिस ने घायलों को डाक्टरी परीक्षण कराया।

# विवादित खेत जोतने पर चले ईंट पत्थर व फावड़े

▶ करीब एक दर्जन लोग हुए घायल



**शमसाबाद, समृद्धि न्यूज।** विवादित खेत जोतने का विरोध करने पर जमकर ईंट पत्थर व फावड़े चले। जिसमें करीब एक दर्जन लोग घायल हो गये। पीड़ित ने लगभग एक दर्जन लोगों के खिलाफ शमशाबाद थाना पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने घायलों का मेडिकल परीक्षण कराया।

जानकारी के अनुसार शमसाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम फरीदपुर मंगली निवासी विपिन कुमार पुत्र बालिस्टर सिंह ने थाना पुलिस को दी गई तहरीर में कहा दबंगों से खेत का मुकदमा चल रहा है। वह जबरन खेत जोतने की बात कहकर झगड़ा फसाद करने पर आमादा है। बताया गया हैं जब खेत जोतने से मना किया तो राजेश, रविन्द्र पुत्र फकीरे ने अपने अन्य साथियों को बुलाया। सभी ने लाठी-डंडों से गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर दी। बालिस्टर सिंह ने कहा कि राम सिंह पुत्र सीताराम, फकीरे लाल, अवधेश, शिफू दयाल, राधेश्याम, रक्षपाल, सिंगदार, राजेश पुत्र शंभू दयाल ने मारपीट की है। मारपीट में बालिस्टर, कलेक्टर सिंह के फावड़ा लगने से गंभीर रूप से घायल हो गय। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल की। पीड़ित ने शमसाबाद थाना पुलिस को तहरीर देकर दंबग आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

# कृषि यंत्र चोरी करने वाले गिरोह के सदस्यों को पुलिस ने पकड़ा

▶ चोरी की कई वारदातों का हुआ खुलासा


पुलिस हिरासत में पकड़े गये चोर

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।** दिन में बाइक पर सवार होकर रेकी करने व रात को कृषि यंत्र चोरी करने वाले गिरोह के सदस्यों को पुलिस ने पकड़ लिया है। पुलिस ने आरोपियों से एक कार व कृषि उपकरणों के साथ नकदी भी बरामद किया है। आरोपियों ने चोरी की कई वारदातों का खुलासा किया है।

जानकारी के अनुसार कंपिल थाना परिसर में हुई प्रेस कॉन्फ्रेंस में पुलिस उपाधीक्षक कायमगंज सोहराब आलम ने मीडिया कर्मियों को बताया कि मुखबिर से प्राप्त सूचना के अनुसार कंपिल थानाध्यक्ष आरके सिंह ने शुक्रवार सुबह कायमगंज से कंपिल की तरफ आती हुई एक कार को पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस के निकट रोका जिसमें 4 लोग सवार थे। पुलिस को देख कर एक व्यक्ति मौके से खराब हो गया जबकि तीन अन्य को पुलिसकर्मियों ने घेर कर बंधक बना लिया। पकड़े गए आरोपितों ने अपने नाम जगवीर उर्फ बड़े, रीबू उर्फ लेखराज व विशाल निवासी कोतवाली कायमगंज के गांव शिवरई बरियार बताया। जबकि भागे हुए आरोपी का नाम विक्रम निवासी शिवरई बरियार बताया। कृषि यंत्रों की चोरी कर उनकी खरीद फरोख्त किया करते हैं। इनकी निशानदेही पर पुलिस फोर्स ने छापेमारी कर विभिन्न अलग-अलग स्थानों से चुराए गए कृषि उपकरणों को बरामद किया। जिनमें एक आयशर ट्रैक्टर, मक्का मशीन, रोटावेटर, चारा मशीन, एक थ्रेसर, ट्राली आदि थे। पुलिस को आरोपितों के पास से करीब पांच हजार रुपए बरामद हुए। इसके बाद पुलिस तीनों युवकों को हिरासत में लेकर थाने ले आयी व अन्य फरार आरोपित की तलाश में पुलिस ने अनेक जगह दविश दी लेकिन सफलता नहीं मिली। शुक्रवार दोपहर सभी आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया। इस दौरान दारोगा मंगल सिंह, दारोगा रवि सोलंकी, दारोगा कल्पेश चौधरी, संजीव कुमार, सोनू कुमार आदि मौजूद रहे।

## तमंचा कारतूस सहित युवक गिरफ्तार

**नवाबगंज (सं.)।** पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध युवक को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी में उसके पास से 12 बोर का तमंचा व कारतूस बरामद हुआ। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया। थाना क्षेत्र के मंझना रोड बघार पुल पर थाने के दरोगा विवेक कुमार राणा तथा दरोगा मुनीर खान अपने हमराहियों के साथ चेकिंग अभियान चला रहे थे, तभी उसी दौरान मंझना की तरफ से आ रहे बाइक चालक कोतवाली फर्रुखाबाद क्षेत्र के गांव भगुआ नगला निवासी ऋषि देव को रोक लिया। उसकी तलाशी में उसके पास से 12 बोर तमंचा, दो कारतूस बरामद हुए। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया।

# गुरुमंत्र और आशीष के साथ भावी चिकित्सकों की दीक्षा आरम्भ


नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं को संबोधित करतीं प्राचार्य डॉ0 जॉली सक्सेना

▶ मेजर एस.डी. सिंह पी.जी. आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज में आयोजित हुआ कार्यक्रम
▶ वक्ता बोले सर्वे भवन्तु सुखिनाः के उद्देश्य से हुई महाविद्यालय की स्थापना
▶ वक्ताओं ने आयुर्वेद चिकित्सा विज्ञान की आवश्यकता और महाविद्यालय की उपलब्धियों को बताया

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** व्यक्ति और समाज के विकास के लिए सबसे अधिक जरूरी शिक्षा की कमी को दूर करने वाले शिक्षा महर्षि बाबू सिंह यादव दद्दूजी, चेयरमैन डॉ0 जितेन्द्र सिंह यादव, डायरेक्टर डॉ0 अनीत रंजन ने मेजर एस.डी. सिंह पी.जी. आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल की स्थापना आयुर्वेद चिकित्सा विज्ञान को पंख देने के लिए की थी। महाविद्यालय की स्थापना का मूल उद्देश्य निम्न सूक्ति वाक्य को धरती पर साकार करना था-

''सर्वेभवन्तु सुखिनाः, सर्वे सन्तु निरामयाः सर्वे भद्राणी पश्यन्तु, माकश्चिददुःखभाग्भवेत

शुक्रवार को महाविद्यालय में बैच-2022 के बी.ए.एम.एस. प्रथमवर्ष के नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं का दीक्षा आरम्भ कार्यक्रम एनसीआईएसएम के निर्देशानुसार आयोजित हुआ। कार्यक्रम में वक्ताओं ने छात्र-छात्राओं और उनके अभिभावकों को महाविद्यालय की उपलब्धियों के साथ-साथ आयुर्वेद चिकित्सा विज्ञान की आवश्यकता के बारे में विस्तार से बताया। प्राचार्य डॉ0 जॉली सक्सेना ने कहा कि आज आवश्यकता केवल विद्या देने वाले विद्यालयों की नहीं है, बल्कि ऐसी शिक्षण संस्थाओं की है जो छात्र-छात्राओं का समग्र विकास कर सके। छात्र-छात्राओं को इस काबिल बना सके कि विद्यालय से जाने के बाद वे हर परिस्थिति का सामना कर सकें। उन्होंने कहा कि भारत कृषि प्रधान देश है और यहां की 60 प्रतिशत आबादी ग्रामीण अंचलों में रहती है। ऐसे में जाहिर है सबसे अधिक स्वास्थ्य सेवाओं की आवश्यकता ग्रामीण अंचलों में ही है। चिकित्सा को व्यवसाय से अलग रखते हुए सेवा को प्राथमिकता देते हुए अपने शहर, अपने जिले, अपने प्रदेश और महाविद्यालय का नाम रोशन करें, यही हमारी प्राथमिकता है। डॉ0 विजय मोहन गुप्ता ने कहा कि अनुशासन शिक्षा का ही नहीं बल्कि जीवन का अभिन्न हिस्सा है। बिना अनुशासन के शिक्षा संभव ही नहीं है। उन्होंने कहा कि मैं आशा करता हूं कि नए छात्र-छात्राएं अनुशासन में रहते हुए अपना ध्यान शिक्षा और अपने व्यक्तित्व के निर्माण में लगायेंगे। कार्यक्रम में डॉ0 अंजना दीक्षित, पी.जी. स्टडी के डीन डॉ0 सुनील कुमार गुप्ता, डॉ0 रीता सिंह, डॉ0 देवाशीश बिस्वाल, डॉ0 इतिश्री, डॉआर.एस. मौर्य, डॉ0 अंकुर सक्सेना, डॉ0 मुकेश कुमार विश्वकर्मा, डॉ0 अरिमर्दन सिंह, डॉ0 धर्मेन्द्र कुमार मिश्रा, ड0. शिवओम दीक्षित, डॉ0 अरुण कुमार पाण्डेय, डॉ0 इरिना एस चन्द्रन आदि ने भी विचार व्यक्त करते हुए नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं का आयुर्वेद विज्ञान से प्रथम परिचय कराया। संचालन डॉ0 शिवओम दीक्षित ने किया। सर्वान्त में डीन डॉ0 सुनील कुमार गुप्ता ने महाविद्यालय के सम्बन्ध में बहुत सी महत्वपूर्ण जानकारियां दीं।

उन्होंने कहा कि आप सबने अपने भविष्य के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण क्षेत्र चुना है। ऐसा क्षेत्र जिसमें असीम संभावनायें हैं। जिसमें कभी व्यक्ति सब कुछ नहीं सीख सकता। रोज कुछ न कुछ नया सीखने को मिलेगा। नई संभावनायें प्रतिदिन पैदा होंगी, कभी संतुष्ट नहीं होना है और न ही यह सोचना है कि हमने सब कुछ सीख लिया। शोध करते रहना है और आगे बढ़ते रहना है। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती एवं धन्वंतरि के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर हुई।